आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
* मां हिंगलाज जयंती"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 60 | उज्जैन, मंगलवार 17 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 13 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## किसानों को तेल कंपनियों ने बोनस का लालच दिया, सरकार ने समर्थन मूल्य बढ़ाया, प्रदेश में 'पेट्रोल का विकल्प' बनने चला था किसान

# अब मंडियों में एमएसपी से आधी कीमत पर बिक रहा मक्का

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया के तेल बाजार में हलचल पैदा कर दी है। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेशों से मंगवाता है, इसलिए जब भी सप्लाई रुकने या दाम बढ़ने का डर सताता है, तो विकल्प की तलाश तेज हो जाती है। सरकार ने इसी चुनौती से निपटने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाएगा। इस एथेनॉल को तैयार करने के लिए मक्के की खेती को जादुई समाधान के तौर पर पेश किया गया। किसानों से बड़े-बड़े वादे किए गए कि मक्का उगाइए, इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा भी पुख्ता होगी और आपकी जेबें भी भरेंगी। लेकिन जब आज यही मक्का मंडियों में पहुंचा, तो हकीकत कुछ और ही सामने आ रही है। मध्यप्रदेश जैसे बड़े मक्का उत्पादक राज्य में आज किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनकी फसल के दाम लागत से भी नीचे गिर चुके हैं।



### लागत का बोझ और सरकारी वादों की हवा निकली

मक्के की खेती पसीने के साथ-साथ भारी निवेश भी मांगती है। डीजल, खाद, बीज और मजदूरी-सब कुछ महंगा हो चुका है। 10 एकड़ के काश्तकार अभिषेक मारण का दर्द भी यही है कि पेट्रोल-डीजल के दाम तो आसमान छू रहे हैं, लेकिन उनकी मेहनत की कीमत पाताल में है। 1300-1400 रुपये में मक्का बेचकर किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहा है। सीहोर के हर्ष नागर और मिथिलेश कुमार जाटव का आरोप और भी गंभीर है। उनका कहना है कि सरकार ने मक्का उगाने के लिए तो उकसा दिया, लेकिन जब बेचने की बारी आई तो न तो कहीं पंजीयन है और न ही सरकारी खरीद। व्यापारी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर फसल को लूट रहे हैं। 2400 रुपये की एमएसपी के मुकाबले किसान को हर क्विंटल पर 800 रुपये से ज्यादा का चूना लग रहा है।

### मंडी के फर्श पर बिखरी उम्मीदें और पसीने की शून्य कीमत

भोपाल की करोंद मंडी के एक कोने में खड़ा किसान अपनी फसल नहीं, बल्कि अपनी उम्मीदों का जनाजा लेकर आया है। सरकार ने वादा किया था कि मक्का उगाने से जेब भरेगी, लेकिन आज वही मक्का औने-पौने दामों पर बिक रहा है। 3 एकड़ में मक्का बोने वाले किसान शुभम मालवीय की आंखों में गुस्सा और लाचारी दोनों है। वे बताते हैं, करीब 60 हजार की लागत आई और मंडी में भाव मिल रहा है 1400-1500 रुपये। जबकि एमएसपी 2400 रुपये है। इस भाव में हम क्या खाएंगे और क्या बचाएंगे? यह तो सीधे-सीधे घाटे का सौदा है। यह सिर्फ शुभम की कहानी नहीं है, बल्कि हर उस किसान की है जिसने सरकार के शब्दों पर भरोसा किया था।

### आंकड़ों की बाजीगरी और हकीकत का कड़वा गणित

मध्यप्रदेश देश के कुल मक्का उत्पादन में 15 प्रतिशत से ज्यादा की हिस्सेदारी रखता है। 15 लाख किसान इस उम्मीद में मक्का उगाने लगे कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने की नीति उन्हें मालामाल कर देगी। तेल कंपनियों ने बोनस का लालच दिया, सरकार ने समर्थन मूल्य बढ़ाया और नतीजा यह हुआ कि राज्य में मक्के का रकबा बढ़कर 7 लाख हेक्टेयर हो गया। लेकिन अब खेल देखिए-जहां एमएसपी 2400 रुपये है, वहां मंडी का औसत भाव महज 1170 रुपये रह गया है। यानी किसान को तय कीमत का मात्र 49 प्रतिशत ही मिल रहा है। सीएसीपी के मुताबिक उत्पादन लागत 1508 रुपये है, यानी किसान अपनी जेब से 338 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान सहकर देश को 'ऊर्जा सुरक्षा' दे रहा है। समर्थन मूल्य के बावजूद किसान को हर क्विंटल पर 1230 रुपये का घाटा हो रहा है।

## देश विदेश

### बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### थोक महंगाई 12 महीने में सबसे ज्यादा फरवरी में ये 2.13% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** फरवरी में थोक महंगाई बढ़कर 2.13% पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 12 महीने का हाई लेवल है। फरवरी 2025 में ये 2.38% पर पहुंच गई थी। इससे पहले जनवरी 2026 में थोक महंगाई 1.81% पर थी। वहीं दिसंबर में थोक महंगाई 0.83% पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने 16 मार्च को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 2.21% से बढ़कर 3.27 हो गई।

### सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम




#### अब मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस टाइटल से रिलीज होगी मूवी

**मुंबई।** सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नाम बदल दिया गया है। अब यह फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस के नाम से रिलीज होगी। इस नए टाइटल का आधिकारिक ऐलान सलमान खान फिल्म्स की ओर से किया गया है। साथ ही फिल्म का एक दमदार नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसने रिलीज से पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म के नाम में किया गया यह बदलाव सिर्फ एक टाइटल चेंज नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा संदेश भी छिपा है। नए नाम के साथ दी गई टैगलाइन मे वॉर रेस्ट इन पीस यानी युद्ध को शांति मिले दर्शाती है कि फिल्म सिर्फ युद्ध की कहानी नहीं, बल्कि शांति की भावना को भी सामने लाने की कोशिश है। फिल्म की कहानी भारत-चीन सीमा पर हुई ऐतिहासिक घटना गलवान घाटी संघर्ष से प्रेरित बताई जा रही है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था और भारतीय सैनिकों की बहादुरी की कहानी दुनिया के सामने आई थी। माना जा रहा है कि फिल्म इसी साहस और बलिदान की भावना को बड़े पर्दे पर दिखाएगी। हालांकि मेकर्स ने साफ किया है कि फिल्म किसी एक घटना का सीधा चित्रण नहीं होगी, बल्कि यह देशभक्ति, बलिदान और मानवता जैसे बड़े विषयों को सामने रखकर बनाई जा रही है। इसी सोच को और मजबूत करने के लिए फिल्म का नया नाम चुना गया है, जो युद्ध के बजाय शांति का संदेश देता है।

### राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा टीएमसी सांसदों का वॉकआउट

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते हैं।

### गाजियाबाद में छुट्टी नहीं देने पर बैंक मैनेजर की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा (34 साल) की गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह बिहार के रहने वाले थे। गार्ड रवींद्र कई दिनों से मैनेजर अभिषेक से छुट्टी मांग रहा था। सोमवार दोपहर करीब 1.45 बजे वह मैनेजर के पास पहुंचा। जहां छुट्टी को लेकर अभिषेक शर्मा से उसका विवाद हो गया। इसी बीच रवींद्र ने बंदूक से उनकी छाती पर गोली मार दी। अभिषेक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। बैंक में अचानक फायरिंग से लोग दहशत में आ गए। इसी बीच आरोपी गार्ड अपने एक अन्य साथी के साथ मौके से भाग निकला। बैंक स्टाफ ने मैनेजर को बाइक से दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना से जुड़ा बैंक के गेट का एक सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें गार्ड अपने साथी के साथ दिख रहा था।

## रामराजा लोक के निर्माण में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा, 6 गुना महंगा खरीद रहे

# ढाई साल में 10 करोड़ का सैंड स्टोन लगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/ओरछा

**अवैध खदान से सप्लाई**

ओरछा में बन रहे रामराजा लोक के निर्माण में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। रामराजा लोक को बनाने में जिस पत्थर का इस्तेमाल हो रहा है वो बाजार में मात्र 52 रुपए वर्गफीट में उपलब्ध है, लेकिन उसे 335 रुपए वर्गफीट की दर से खरीदा गया है, यानी पांच गुना से भी ज्यादा कीमत पर।

ये घोटाला यहीं पर नहीं रुकता, जिस खदान से यह पत्थर सप्लाई हो रहा है, वह पूरी तरह से अवैध है। बता दें कि मप्र पर्यटन विकास निगम ओरछा में 32 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में रामराजा लोक का निर्माण कर रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 332 करोड़ रुपए है। इसमें करीब 35 करोड़ रुपए का सैंड स्टोन लगाया जा रहा है। पहले चरण का काम ढाई साल से चल रहा है। अब तक इसमें 10 करोड़ का सैंड स्टोन लग चुका है। पड़ताल में खुलासा हुआ कि बाजार में जिस रेट से सैंड स्टोन मिल रहा है, उस हिसाब से तो पहले चरण में केवल 2 करोड़ रुपए का ही पत्थर लगना था और पूरे प्रोजेक्ट के लिए करीब 7 करोड़ का ही स्टोन लगाया जाना था।



### पीडब्ल्यूडी के शेड्यूल ऑफ रेट का इस्तेमाल नहीं

- रामराजा लोक के निर्माण की घोषणा के साथ ही यह तय हो गया था कि इसे पत्थरों से बनाया जाएगा, ताकि यह सदियों तक अपनी भव्यता बनाए रखे। बुंदेलखंड क्षेत्र पत्थरों की खदानों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए गंजबासौदा का सैंड स्टोन, दतिया और सागर का पत्थर इस्तेमाल करने की योजना बनी।
- सूत्रों ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए किसी भी सामग्री की दर लोक निर्माण विभाग से जारी 'शेड्यूल ऑफ रेट' से तय होती है, लेकिन टूरिज्म डिपार्टमेंट के अफसरों ने एक नई तरकीब निकाली। उन्होंने दावा किया कि रामराजा लोक में जिस विशेष प्रकार के नक्काशीदार और मोटाई वाले पत्थर का काम होना है, उसका उल्लेख पीडब्ल्यूडी के एसओआर में है ही नहीं।
- एमपी टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों ने एक कमेटी बनाई और बासौदा स्टोन, दतिया और ग्वालियर मिंट स्टोन से जुड़े कामों के लिए एक नया एसओआर तैयार कर दिया। इस नए एसओआर में पत्थर लगाने की कीमत 3611 रुपए प्रति वर्गमीटर, यानी 335 रुपए प्रति वर्गफीट तय की गई।

### इन्वेस्टिगेशन का पहला पार्ट- पीडब्ल्यूडी के एसओआर की पड़ताल

- नियमों के अनुसार, यदि किसी नई सामग्री के लिए एसओआर बनाना हो तो एक कमेटी बाजार दर का पता लगाती है। इसके लिए कम से कम तीन कोटेशन मंगाए जाते हैं। बाजार दर में लेबर चार्ज और ठेकेदार का 10-15% मुनाफा जोड़कर नई दर तय की जाती है।
- पीडब्ल्यूडी एसओआर के पॉइंट 11.45 पर साफ तौर से 40 एमएम मोटे सैंड स्टोन को लगाने का रेट 642 रुपए प्रति वर्गमीटर (लगभग 60 रुपए प्रति वर्गफीट) दिया गया है।
- यदि इसमें स्पेसर और ग्राउटिंग जैसे अतिरिक्त काम (पॉइंट 11.103 के अनुसार 5% अतिरिक्त लागत) को भी जोड़ दिया जाए, तो भी यह दर 674 रुपए प्रति वर्गमीटर (62.5 रुपए प्रति वर्गफीट) से अधिक नहीं होती।

## दिल्ली में पीएम मोदी से मिले सीएम डॉ. मोहन यादव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की और राज्य में चल रहे किसान कल्याण वर्ष 2026 की गतिविधियों तथा किसानों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि मध्यप्रदेश सरकार किसान, महिला, गरीब और युवा इन चारों श्रेणियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी के बताए मार्ग पर चलकर किसान-महिला-गरीब-युवा के लिए काम कर रहे हैं। किसान कल्याण वर्ष को सफल बनाने में सभी विभाग एकजुट हैं। प्रधानमंत्री जी से मिलकर बहुत खुशी हुई, उन्होंने हमारे कार्यों को आशीर्वाद दिया है और भविष्य में इससे अच्छे नतीजे मिलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा आगे बढ़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी सहित कुल 16 विभागों को जोड़कर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से किसानों को खेत से बाजार तक बेहतर सहायता मिल रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती आ रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संसद भवन का भ्रमण किया और विभिन्न सांसदों से मुलाकात कर मध्यप्रदेश के विकास, केंद्र-राज्य समन्वय तथा जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

## किश्तवाड़ में भूस्खलन

### एक की मौत, बर्फबारी में फंसे 235 लोगों को सेना ने बचाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बर्फबारी के बीच एक हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के पास हुए भूस्खलन के हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। इसी बीच, सेना ने भारी बर्फबारी के कारण किश्तवाड़ के सिंथन टॉप इलाके में फंसी महिलाओं और बच्चों सहित 235 लोगों को रेस्क्यू किया।

खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए थे। इधर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बर्फ देखने गए टूरिस्ट पूरी रात अटल टनल रोहतांग में फंसे रहे। बर्फबारी के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ने से ट्रैफिक रोक दिया गया था। टनल में करीब हजार गाड़ियां फंसी थीं।

## बेंगलुरु के कैफे ने बिल में 5% गैस-संकट चार्ज जोड़ा

### 358 का नींबू पानी मंगाने पर 17 एक्स्ट्रा वसूले

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

देशभर में जारी एलपीजी संकट के बीच बेंगलुरु के एक कैफे ने अपने ग्राहक को नींबू पानी के बिल पर 5% 'गैस क्राइसिस चार्ज' (गैस संकट शुल्क) लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कैफे की रसीद की फोटो वायरल होने के बाद लोग इस पर तरह-तरह की रिएक्शन दे रहे हैं।

बेंगलुरु के 'थियो कैफे' की इस वायरल रसीद के मुताबिक, एक ग्राहक ने दो मिंट लेमोनेड (नींबू पानी) ऑर्डर किए थे। एक लेमोनेड की कीमत 179 थी, यानी दो के लिए 358 हुए।

कैफे ने पहले 17.90 का 5% डिस्काउंट दिया, लेकिन फिर स्टैंडर्ड के साथ 'गैस क्राइसिस चार्ज' के नाम पर 5% यानी 17.01 अलग से जोड़ दिए। इस तरह ग्राहक का कुल बिल 374 हो गया। कुछ यूजर्स ने इसे ग्राहकों को लूटने का नया बहाना बताया, तो कुछ ने इसे 'महंगाई का डिजिटल अवतार' बताया।

## ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में लगी भीषण आग

# 10 मरीजों की मौत, 11 कर्मचारी भी झुलसे



### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

एजेंसी ▸▸ कटक

ओडिशा में कटक के श्रीरामचंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।

आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीरामचंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## दो तरफा हो इस तरह का व्यवहार!

हाल ही में शहर की संस्था ने गजब का काम किया। शहर के नागरिकों ने भी इसमें पूरा सहयोग दिया है। स्थिति यह रही की शहर की संस्था का खजाना कुछ भरा है। नियमित एवं पुराने वर्षों का बकाया कर जमा कराने में संस्था के वर्तमान प्रशासनिक मुखिया के नेतृत्व में कर्मचारियों ने जमकर मशक्कत की । घर झघर पहुंचे एवं बकाया के लिए पूरे सम्मान एवं निवेदन के साथ तकादा किया गया। कई बकायादारों के यहां एक नहीं दो नहीं कई चक्कर लगाने पडे लेकिन कहीं भी कोई विवाद नहीं। सम्मान के साथ बकाया का तकादा एवं निवेदन किया गया। इससे बकायादार को अंततः जमा करवाने के लिए प्रेरित किया गया। इसे लेकर खुसूर-फुसूर है कि नए नेतृत्वकर्ता ने नई उर्जा के साथ टीम को मैदान में उतारा और राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में वसूली का ग्राफ खासा रहा । शहर का आमजन उसकी समस्याओं के निराकरण में भी अब यही अपेक्षा रख रहा है। इसके तहत पथ प्रकाश की समस्याओं के निराकरण भी संस्था के जिम्मेदारों को वैसे ही करने चाहिए। टूटी-फूटी नाली संधारण के लिए भी कर्मचारियों को ऐसे ही क्षेत्रवार ध्यान देना चाहिए जैसा वसूली में दिया गया। यही नहीं कहीं पेड गिरने एवं उसकी शाखाओं से उत्पन्न परेशानी हो तो उनका भी निदान ऐसे ही किया जाना चाहिए। जिस त्वरित गति से वसूली के काम को अंजाम दिया गया है वहीं आम जनता की समस्या निराकरण में भी सम्मान एवं निवेदन का भाव सेवा का होना चाहिए। आमजन को चक्कर न लगाना पडे ऐसी व्यवस्था उन्हें भी देनी चाहिए।




## ट्रेंडिंग

**गैस सिलिंडर और पेट्रोल न मिलने की वजह से बिल्कुल न घबराएँ... डिस्कवरी चैनल देखें, उसमें जंगल में जीवन व्यतीत करने के अनेक तरीके बताए जाते हैं...**

## न्यूज कॉलम

### नारी शक्ति का सम्मान व रक्तदान



**उज्जैन।** शहर की समाजसेवी संस्था उज्जयिनी रक्त संचार ने महिला दिवस के उपलक्ष में नारी शक्ति सम्मान समारोह व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन फ्रीगंज स्थित जैन अतिथि भवन मे आयोजित किया। इस अवसर पर 25 यूनिट रक्त, युवाओं व युवतियों ने डोनेट किया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे अप्रतिम योगदान देनेवाली 35 महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। सम्मानित होनेवाली नारी शक्ति रहीं डॉ. परवीनासिंह, प्रियांशी गोस्वामी, अमिता मिश्रा, ज्योति शर्मा, जुनेजा आदि। इस अवसर पर निःशुल्क दंत परीक्षण डॉ. आकृति प्रसाद ने किया। एएसजी नेत्र चिकित्सालय की ओर से नेत्र परीक्षण किया गया। अतिथियों का स्वागत रूपेश बिडवान, सुनील गुप्ता, चेतन सिसोदिया, आमीरभाई, अलका शर्मा, कीर्ति तोमर ने किया। कार्यक्रम का संचालन ज्वलंत शर्मा ने किया। उक्त जानकारी स्नेहा राजपूत ने दी।



## अंतिम यात्रा



मेरी परम पूज्यनीय बड़ी बहन एवं ऋतिक भालेराव की धर्ममाता **श्रीमती जमना भालेराव** उर्फ **(जयश्री भालजा बड़ौदा गुजरात)** का दिनांक 16 मार्च 2026 को श्रीजी शरण हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 17 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे मेरे निज निवास से प्रस्थान कर चक्रवर्ती पहुंचेगी।

**शोकाकुल**


**मनोहर एन. भालेराव (एडव्होकेट एवं नोटरी)**
**ऋतिक भालेराव (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**तुकाराम भालेराव, विश्वजीत भालेराव**
ईडब्ल्यूएस 422, सांदीपनि नगर पुरानी पानी की टंकी के पास, आगर रोड उज्जैन (मप्र)
**मो. 9893041651, 9131646957**


विक्रम उद्योगपुरी के फेज-2 में भी बड़े उद्योगों का आगमन जारी

# वॉल्वो-आयशर की वीईसीवी लगाएगी एक और प्लांट

## 580 करोड़ निवेश से 1000 नौकरियां सृजित होंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



स्वीडन की वॉल्वो ग्रुप और भारत की आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (वीईसीवी) ने उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी फेज-2 में विस्तार की योजना बनाई है। कंपनी को यहां 70 एकड़ जमीन आवंटित हुई है, जहां 580 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बनेगी। इससे उज्जैन में बस व ट्रक निर्माण को मजबूती मिलेगी।

कंपनी को विक्रम उद्योगपुरी में सबसे पहले, 2025 में फेज-1 में 30 एकड़ जमीन मिली थी। वहां 450 करोड़ के निवेश से फैक्टरी का काम तेजी से चल रहा है। कंपनी अधिकारियों के अनुसार, अगले छह महीनों में उत्पादन शुरू हो जाएगा। यहां आयशर ब्रांड के ट्रक व बसें बनेंगी, जिससे 500 युवाओं को रोजगार मिलेगा।

**नया प्लांट फेज-2 में बनेगा-** विक्रम उद्योगपुरी के विकसित भाग में अब फेज-2 में नया प्लांट बनेगा, जहां गियर, एक्सल असेंबली व ट्रांसमिशन जैसे प्रमुख कंपोनेंट्स तैयार होंगे। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और देशभर में बढ़ती कमर्शियल वाहनों की मांग पूरी होगी। इस यूनिट से सीधे 1000 लोगों को नौकरी मिलेगी। इसके बाद, सप्लाई चेन मजबूत बनेगी। ऑटो पार्ट्स, ट्रांसपोर्ट, वेयरहाउसिंग व मेंटेनेंस जैसे क्षेत्रों में हजारों अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। स्थानीय छोटे उद्यमी भी लाभान्वित होंगे। सड़क, बिजली व लॉजिस्टिक्स सुधार से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

### 488 हेक्टेयर में फेज-2 विकसित हो रहा

एमपीआईडीसी 488 हेक्टेयर में फेज-2 विकसित कर रही है। 455 करोड़ खर्च से सड़क, पानी व सीवेज जैसी सुविधाएं तैयार होंगी। 2008 में बनी वीईसीवी पीथमपुर में वैश्विक इंजन हब है। ई-कॉमर्स व इंफ्रा उछाल से यह निवेश समयानुकूल है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यपालक निदेशक राजेश राठौर के अनुसार फेज वन में कंपनी का काम शुरू हो चुका है। अगले कुछ माह में वे प्रोडक्शन के स्तर पर आ सकेंगे। फेज -2 में दो साल में प्रोडक्शन शुरू करने की बात कही गई है। यहां भी कंपनी जल्द से जल्द ही काम शुरू करने वाली है।

महाकाल दर्शन के बाद भांग बनी मुसीबत

# भांग के नशे में बिगड़ी तबीयत, चौराहे पर गिरा साला, जीजा लगाता रहा मदद की गुहार

## देवास गेट से लौटते समय बिगड़ी हालत, फुटपाथ पर गिरा युवक, राहगीरों व ई-रिक्शा चालकों ने नहीं दिखाई तत्परता, 108 एम्बुलेंस से पहुंचा अस्पताल







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल दर्शन के बाद भांग का अधिक सेवन दो श्रद्धालुओं पर भारी पड़ गया। सोमवार दोपहर चामुंडा माता चौराहे पर एक युवक नशे के कारण बेसुध होकर गिर पड़ा, जबकि उसका जीजा काफी देर तक लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा। हैरानी की बात यह रही कि मौके से गुजर रहे कई लोग और ई-रिक्शा चालक अस्पताल पहुंचाने के लिए आगे नहीं आए। अंततः डायल-108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के समीप ग्राम रायपुर निवासी अरुण अपने साले लोकेश के साथ किसी काम से उज्जैन के पास ग्राम खरसोद खुर्द आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों उज्जैन पहुंचे और महाकाल मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने भांग का सेवन कर लिया।

दर्शन के बाद जब दोनों देवास गेट क्षेत्र पहुंचे तो भांग का असर बढ़ने लगा। इस दौरान लोकेश की हालत ज्यादा बिगड़ गई और वह चामुंडा माता चौराहे के पास फुटपाथ पर अचेत होकर गिर पड़ा।

**मदद के लिए भटकता रहा जीजा-** साले की हालत बिगड़ते देख अरुण घबरा गया और आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगने लगा। उसने कई ई-रिक्शा और रिक्शा चालकों को रोककर अस्पताल पहुंचाने का अनुरोध किया, लेकिन किसी ने भी जिम्मेदारी लेने की हिम्मत नहीं दिखाई। काफी देर तक युवक फुटपाथ पर पड़ा रहा। बाद में कुछ लोगों ने डायल-108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को चरक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

### भांग के कारण पहले भी बिगड़ चुकी है श्रद्धालुओं की तबीयत

उज्जैन में बड़ी संख्या में बाहर से श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कई श्रद्धालु उत्साह में भांग का सेवन कर लेते हैं, जिससे कई बार उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। पिछले दिनों एक विदेशी श्रद्धालु को भी अधिक मात्रा में भांग लेने के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

### गुड सेमेरिटन योजना का असर नहीं

मध्य प्रदेश सरकार ने सड़क या सार्वजनिक स्थान पर घायल या गंभीर अवस्था में मिले व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था लागू की है। इसके बावजूद कई मामलों में लोग मदद करने से कतराते हैं। चामुंडा माता चौराहे की यह घटना भी इसी प्रवृत्ति को दर्शाती है, जहां बेसुध पड़े युवक को अस्पताल पहुंचाने में स्थानीय लोग आगे नहीं आए।

# शाजापुर जेल से भागा बंदी प्रहरी निलंबित, प्रकरण दर्ज




दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शाजापुर जिला जेल से बंदी भागने के मामले में लालघाटी थाना पुलिस ने फरार बंदी जयराम उर्फ जीवन नरवरिया पिता मोहनलाल नरवरिया 36 वर्ष निवासी नई आबादी मक्सी जिला शाजापुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण में उसके सहयोगी बंदी मामले में प्रारंभिक जांच में प्रहरी प्रदीप वर्मा की लापरवाही सामने आने पर उसे निलंबित कर दिया गया है।

केंद्रीय जेल भैरूगढ़ के अधीक्षक मनोज साहु के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रहरी प्रदीप वर्मा प्रति दिन की तरह रविवार को 14 बंदियों को काम के लिए ले गया था। बंदियों को जमा करने के दौरान प्रहरी ने 12 बंदी ही जमा किए । इस दौरान फरार हुआ बंदी जयराम उर्फ जीवन एवं उसका सहयोगी बंदी राहुल पिता लालजीराम चौहान थाना कोतवाली छूप गए थे। इसके बाद दोनों ने जिला जेल की पाकशाला रसोई की दीवार से पानी की नली व लकड़ी के डंडे के सहारे सेंटिंग तार से हेलोजन को बांध लिया। बंदी जयराम उर्फ जीवन जेल की दीवार कूद कर भाग गया और राहुल नहीं जा सका। प्रहरी पंकज सिंह तोमर ने लालघाटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह प्रहरी धरमसिंह रावत के साथ थाने पहुंचा और लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। भागने में असफल रहे बंदी राहुल से भी जेल प्रबंधन पूछताछ कर रहा है। बंदी के भागने की जानकारी मिलने पर सेंट्रल जेल भैरूगढ़ अधीक्षक मनोज साहु पहुंचे एवं मामले की जांच की है। साहु के अनुसार बंदी जयराम हत्या के प्रयास के मामले में 30 अक्टूबर 2025 को एवं राहुल महिला प्रताड़ना के अपराध में 10 दिसंबर 2025 को शाजापुर जेल में दाखिल किए गए थे। प्रारंभिक स्तर पर जेल प्रहरी प्रदीप वर्मा की लापरवाही सामने आने पर उसे निलंबित किया गया है। जांच रिपोर्ट जेल मुख्यालय वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है।

# गर्मी शुरू होते ही संतरे और अंगूर की बिक्री बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



चिमनगंज की थोक फल मंडी में इन दिनों शाजापुर क्षेत्र से संतरे की भारी आवक चल रही है, लेकिन भाव बहुत महंगे हो चुके हैं। इसी प्रकार अंगूर भी भारी मात्रा में मंडी में बिकने आ रहा है।

अंगूर की पेटी 80 से 100 रुपए किलो की बताई गई है, जबकि संतरा 40 से 60 रुपए किलो बिक रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, वैसे-वैसे संतरा और अंगूर के भी भाव बढ़ेंगे। उज्जैन की फल मंडी में विभिन्न प्रकार के फलों की आवक होती है। यहां कर्नाटक तरफ से कच्चा आम और बुरहानपुर तरफ से केला, पपीता और महाराष्ट्र तरफ से अनार और आम की आवक होती है। इस मंडी से सप्लाई होने वाले फल पूरे जिले में बिकने जाते हैं।

# टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा महाकाल मंदिर पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



बारह ज्योतिलिंगों में से एक प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर तिलक वर्मा भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नंदी जी के कान में अपनी मुराद भी कही।

टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पहली बार उज्जैन आए तिलक वर्मा दोपहर करीब 2 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पंवार के बेटे पार्थ पंवार और कुछ विधायक भी मौजूद थे।

### चांदी द्वार से किया जलाभिषेक

मंदिर में तिलक वर्मा ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया और आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद तिलक वर्मा ने कहा कि उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की थी। अब टीम इंडिया के विश्व विजेता बनने के बाद वह भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन आए हैं।

# खुदाई के बाद मरम्मत की नहीं, दुर्घटनाग्रस्त हो रहे दोपहिया चालक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन





विकास के नाम पर परेशानियां और त्रास शायद शहर की तासीर बन चुकी है। कहीं चौड़ीकरण तो कहीं सिवेज पाइप लाइन डालने के चलते सडकें अंधाधुंध खोदी जा रही हैं। इस खुदाई से कई मर्तबा पेयजल पाइप लाइन फूट रही है और लोगों को पेयजल के लाले पड़ रहे हैं तो कुछ स्थानों पर सड़क खोदने के लंबे समय बाद भी मरम्मत नहीं होने से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

**पाइप डाले पर लेबलिंग नहीं-** ताजा मामला वल्लभ नगर कालोनी का है जहां ठेकेदार ने सड़क खोदकर सीवेज पाइप डालने के बाद, मिट्टी से गड्ढे तो भर दिए किन्तु न तो इसकी लेबलिंग की और न ही इस को सीमेंट या डामर चढ़ाकर पक्का किया। इस सब का खामियाजा कालोनीवासी भुगत रहे हैं। अमूमन रोज ही वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। उबड़-खाबड़ रास्ते से जब रहवासी वाहन चलाकर निकलते हैं तो दोपहिया वाहन असंतुलित होकर गिर रहे हैं।

### गांव का आभास हो रहा

वल्लभनगर कालोनी की सड़क को खोदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि कालोनी में रहकर गांव की कच्ची सड़क से बदतर पहुंच मार्ग बन चुका है। बहुत से लोग असंतुलित होकर गिर रहे हैं।

**सुभाष पंड्या, रहवासी**

### दुर्घटनाग्रस्त हो रहे रहवासी

खुदी हुई सड़क पर रोज ही बच्चे व नौकरीपेशा लोग दोपहिया वाहनों से असंतुलित होकर गिर रहे हैं। नगरनिगम अधिकारी संज्ञान नही ले रहे हैं और दिक्कत रहवासी उठा रहे हैं।

**प्रकाशचंद्र राजगुरू, रहवासी।**

### दिनभर उड़ती है धूल

पाइप डालने के बाद मिट्टी भर दी गई और उसे पक्का नही किया परिणामस्वरूप दिन भर कालोनी में धूल उड़ती रहती है। धूलकण श्वांस के साथ शरीर मे जा रहे हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर हो रहा है।

**संतोष शर्मा, रहवासी वल्लभनगर, वार्ड-43**

अधिकांश रहवासियों का कहना है कि सिवेज पाइप डालने के बाद स्थानीय पार्षद ने इस क्षेत्र की सुध नहीं ली और लगभग एक माह से सभी परेशान हो रहे हैं। गड्ढे पूरने के बाद पत्थर व धूल पूरे मार्ग पर फैल गए हैं। सड़क को पक्का करने के प्रयास करता रहा और सीमेंट-कांक्रीट की स्वीकृति मिल चुकी है जल्दी ही वल्लभनगर पहुंच मार्ग अच्छा हो जाएगा।

**सुनील चावण्ड, पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड-43.**

विगत दिनों कालोनीवासी रश्मि भदौरिया असंतुलित होकर ऐसी गिर पड़ी कि उनके हाथ मे फ्रेक्चर हो गया। इसी प्रकार एक युवती साइकल से गिर पड़ी जिसे काफी चोट आई। वल्लभनगर निवासी हरीश तिवारी का कहना है कि न तो कोई मानीटरिंग कर रहा है कि ठेकेदार ने पाइप डालने के बाद सड़क को पूर्ववत चलने लायक किया या नहीं और न ही पार्षद रूचि लेकर इस समस्या से निजात दिला पा रहा है। ऐसे में सभी रहवासी इस दिक्कत से रोज जूझ रहे हैं।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 17 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### किन्नर कांड में फरार चल रहे आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**इंदौर।** इंदौर पुलिस को बड़ी सफलता, फरार आरोपी अक्षय कुमार गिरफ्तार। पिछले पांच महीने से दो मामलों में फरारी काट रहा था आरोपी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने स्पेशल टीम गठित की थी। तकनीकी माध्यम से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई। मानपुर के एक गांव में छिपे होने की मिली थी सूचना। पुलिस टीम पहुंचते ही आरोपी जंगल की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर जंगल से ही आरोपी को दबोच लिया। इससे पहले मामले में तीन आरोपी सपना हाजी, राजा हाशमी और पंकज गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी के खिलाफ परदेशीपुरा थाना और थाना में भी अपराध दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### गिट्टी खदान पर शुरू हुआ विवाद, पुलिया पर युवकों पर हमला

**इंदौर।** इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में नहाने के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद बाद में सड़क पर मारपीट में बदल गया। ग्राम हरनासा निवासी मनीष दयाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्तों कुनाल, अंकुश, योगेश और अन्य साथियों के साथ ग्राम रावद स्थित गिट्टी खदान पर नहाने गया था। इसी दौरान वहां ग्राम रंगवासा के शुभम दरबार, कान्हा दरबार और उनके साथी भी मौजूद थे। शिकायत के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे जब सभी युवक मोटरसाइकिल से वापस हरनासा लौट रहे थे, तभी ग्राम रंगवासा की सरकारी स्कूल पुलिया के पास शिवमंगल दरबार, कान्हा दरबार और आदित्य दरबार ने रास्ता रोक लिया।

### 10,500 वाहनों की जांच, 5,000 के दस्तावेज अधूरे

**इंदौर।** इंदौर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पिछले छह महीनों से चल रही प्रक्रिया के दौरान शहर में संचालित हजारों वाहनों की जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में गाड़ियों के दस्तावेज अधूरे पाए गए। अब यातायात पुलिस ने वाहन मालिकों को जरूरी दस्तावेज पूरे कराने के लिए समय सीमा भी तय कर दी है। इंदौर में ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस पिछले छह महीनों से विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान शहर में चल रही करीब 10 हजार 500 गाड़ियों की जांच की गई, जिनमें से लगभग 5 हजार वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए।

### सिंधी कॉलोनी में पूजन सामग्री बेचने को लेकर विवाद

**इंदौर।** शहर के सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में पूजन सामग्री बेचने को लेकर शुक्रवार को विवाद की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार एक मुस्लिम दुकानदार द्वारा पूजन सामग्री बेचे जाने पर कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई और दुकान बंद कराने की मांग की। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताया जा रहा है कि बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि दुकानदार अपनी पहचान स्पष्ट किए बिना धार्मिक सामग्री बेच रहा था, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई।

### लंबित मामलों का समय पर निराकरण नहीं होने पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों और समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन से जुड़े सभी मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित 5 मामलों को रेंडम रूप से लेकर उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित और शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## बीएड फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट विवादों में, फिर से कापियां जांची जाएगी

# डीएविवि ने जांच के लिए बनाई विशेषज्ञों की टीम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




बीएड फर्स्ट सेमेस्टर के परिणाम को लेकर उठे विवाद के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएविवि) प्रशासन ने कॉपियों की दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय ने सैंपलिंग प्रक्रिया में बदलाव करते हुए मूल्यांकन के लिए 15 से 20 विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की है। यह टीम तीन विषयों की करीब 180 से अधिक कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन करेगी, जिन्हें मूल्यांकन केंद्र से मंगवाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि 10 से 15 दिनों के भीतर कॉपियों की जांच पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि मूल्यांकन में किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो उसमें सुधार की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। दरअसल, विश्वविद्यालय ने सप्ताहभर पहले बीएड फर्स्ट सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया था, जिसमें पास प्रतिशत केवल 43 प्रतिशत रहा। दिसंबर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 49 कॉलेजों के 7209 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से करीब 3300 विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। वहीं 549 विद्यार्थी दो से अधिक विषयों में असफल घोषित हुए, जबकि लगभग 3000 विद्यार्थियों को एक-एक विषय में एटीकेटी मिली है। कम पास प्रतिशत और बड़ी संख्या में छात्रों के असफल होने से विद्यार्थियों में नाराजगी देखने को मिली। कई छात्रों ने आरोप लगाया कि मूल्यांकन में गड़बड़ी हुई है, जिसके कारण अपेक्षा से कम अंक मिले हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय में आपत्ति दर्ज कराई। मंगलवार को छात्रों के तीन अलग-अलग समूह विश्वविद्यालय पहुंचे और उन्होंने मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों की सूची प्रशासन को सौंपते हुए उनकी कॉपियों की दोबारा जांच कराने की मांग की। छात्रों का कहना है कि कई मेधावी विद्यार्थियों को भी कम अंक दिए गए हैं, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। छात्रों की शिकायतों को देखते विश्वविद्यालय प्रशासन ने सैंपलिंग आधार पर कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन कराने का फैसला किया है।

### दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल-सीएम 103 विद्यार्थियों को देंगे उपाधि, सीएम 56 दुकान का शुभारंभ भी करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह 30वां दीक्षांत समारोह मंगलवार 17 मार्च को होगा। जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 177 विद्यार्थियों भाग लेंगे। स्नातक यूजी और स्नातकोत्तर पीजी के चयनित विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये किये जाएंगे। मंगलवार को सुबह 11 बजे कार्यक्रम शुरू होगा, जो करीब दो घंटे चलेगा। इससे पहले आज सोमवार को दो बार रिहर्सल होगी। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले 88 शोधार्थियों में से 75 ने अब तक रजिस्ट्रेशन करवाया है। यूजी और पीजी के कुल 103 विद्यार्थियों ने समारोह में शामिल होने के लिए पंजीयन करवाया है। इनमे पीजी के 63 यूजी के 40 विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आगमन को देखते कलेक्टर रौशन सिंह एसपी प्रदीप शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया।

#### अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे सीएम

मंगलवार को सीएम शहर के अन्य कार्यक्रम में भी शामिल होने की सूचना है। शिप्रा विहार में बनने वाले गीता भवन का भूमि पूजन और नानाखेड़ा पर इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर बनाए गए फूड कोर्ट का उद्घाटन भी करने का कार्यक्रम है।

### राज्य परिवहन निगम के अधिकारी जल्द करेंगे निरीक्षण

**इंदौर।** नए साल से शहर में राज्य परिवहन निगम का कार्यालय खुलेगा। यह कार्यालय एआईसीटीएसएल के कार्यालय में संचालित होगा। कार्यालय में चल रही तैयारियां का निरीक्षण करने शासन की ओर से अधिकारियों की टीम अगले सप्ताह निरीक्षण करने आएगी। निरीक्षण के बाद आगे की योजना पर काम किया जाएगा। एआईसीटीएसएल के अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन लंबे समय बाद राज्य परिवहन विभाग को शुरू करने जा रहा है। इसके तहत, एआईसीटीएसएल के कार्यालय में परिवहन निगम का आफिस भी संचालित किया जाएगा। विभाग के मर्ज होने से एआईसीटीएसएल की जो बसें शहर के प्रमुख मार्गो से दौड़ रही है, उनके रूटों में भी परिवर्तन आएगा। वहीं, कुछ इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल होंगे। निगम द्वारा शहर के आसपास 60 किलोमीटर की परिधि में बसों का संचालन किया जाएगा।

## 2 हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य ने की थी शुरूआत


# गुड़ी पड़वा पर महाकाल के शिखर पर लहराएगा ब्रह्म ध्वज

### सम्राट विक्रमादित्य ने उज्जयिनी मुद्रा भी जारी की थी

### मुद्रा के एक भाग में भगवान शिव सूर्य दंड लिए दिखाई देते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के शिखर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर 19 मार्च को ब्रह्म ध्वज आरोहण होगा। दो हजार साल पहले उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने इसकी शुरूआत की थी। गौरवशाली परंपरा को अविस्मरणीय बनाने के लिए उन्होंने सिक्के भी जारी किए थे। महिदपुर के अश्विनी शोध संस्थान में आज भी यह मुद्राएं संरक्षित हैं।



#### ब्रह्म ध्वज को महत्वपूर्ण मानते

सम्राट विक्रमादित्य ने महत्वपूर्ण अवसरों पर अनेक मुद्राएं जारी की। उज्जयिनी मुद्रा के मध्य में जोड़ (प्लस) का चिह्न तथा उसकी चार भुजाओं पर गोलाकार आकृति निर्मित रहती थी। इसका अर्थ यह है कि उज्जैन पृथ्वी के मध्यम में स्थित है और जल, वायु तथा जमीनी मार्ग से अन्य देशों से जुड़ा है। आवागमन तथा व्यापार की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण देश है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ. श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव के दौरान चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य की ब्रह्म ध्वज आरोहण की चतुर्दिक परंपरा का पुनर्प्रवर्तन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया है। उन्होंने ब्रह्म ध्वज को महत्वपूर्ण मानते हुए ज्योतिर्लिंग महाकाल तथा शहर के प्रमुख भवनों पर इसका आरोहण कराने का निर्णय लिया है।

#### ब्रह्म ध्वज शक्ति, साहस तथा विजय का प्रतीक

- पुराविद डॉ. रमण सोलंकी ने बताया कि ब्रह्म ध्वज शक्ति, साहस तथा विजय का प्रतीक है। केसरिया रंग के इस ध्वज में दो पताका तथा मध्य में सूर्य का अंकन है, यह चतुर्दिक विजय का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर इसी ब्रह्म ध्वज का आरोहण किया करते थे। उन्होंने इस दिग्विजय परंपरा पर उज्जयिनी मुद्रा भी जारी की थी। इस मुद्रा के एक भाग में भगवान शिव सूर्य दंड लिए दिखाई देते हैं तथा दूसरी ओर उज्जयिनी का मार्का बना हुआ है। उस कालखंड में उज्जयिनी मुद्रा की साख थी तथा उज्जैन विदेशी व्यापार का बड़ा व प्रमुख केंद्र था।

### उज्जैन में होटल और भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के समीप स्थित होटल सम्राट विक्रमादित्य होटल में कमरा बुकिंग व भस्म आरती के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। टीआई गगन बादल ने बताया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के सेवानिवृत्त अधिकारी संजय मिश्रा के परिचित बिहार से रविवार को उज्जैन आने वाले थे, जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन मप्र पर्यटन विभाग की होटल सम्राट विक्रमादित्य में कमरा बुक किया था।

इसके एवज में साढ़े नौ हजार रुपये जमा किए थे। इसके अलावा महाकाल की भस्म आरती के लिए भी साढ़े सात हजार रुपये ऑनलाइन जमा किए थे। मगर जब मिश्रा के परिचित उज्जैन आए तो होटल कर्मचारियों ने बताया कि उनके नाम पर बुकिंग नहीं है। धोखाधड़ी के मामले में महाकाल पुलिस को शिकायत की गई है। बताया जा रहा है कि फर्जी वेबसाइट पर होटल की बुकिंग के दौरान दिए गए बार कोड पर किसी बलराम गुर्जर का नाम आ रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

## चंद्र-मंगल की बरसेगी 3 राशियों पर विशेष कृपा, नौकरी में प्रमोशन, आकस्मिक धनलाभ के संकेत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सोमवार को ग्रहों के सेनापति मंगल और चंद्रमा मिलकर ह्यमहालक्ष्मी राजयोगह्व बनाने जा रहे हैं। यह राजयोग शनि की राशि कुंभ में बनेगा। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, वर्तमान में साहस, शक्ति और ऊर्जा के कारक माने जाने वाले मंगल कुंभ राशि में विराजमान है। 16 मार्च 2026 को मन व धन के कारक कहे जाने वाले चंद्रमा (द्दकपंचांग के अनुसार) भी कुंभ राशि में गोचर करने जा रहे हैं, जिससे मंगल व चंद्रमा की युति होगी और महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा।

मंगल और चंद्रमा की यह युति कुंभ राशि में अगले ढाई दिनों तक (18 मार्च की देर रात तक) बनी रहेगी। ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण बनने वाला यह राजयोग धन, समृद्धि और करियर में उन्नति के लिए बहुत प्रभावशाली माना जाता है। इससे मां लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। वैसे तो इसका सभी राशियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा लेकिन 3 राशियों को विशेष फल की प्राप्ति हो सकती है।

## मप्र के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, 2 दिन झुलसाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक तरफ कई जिलों में गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है, तो दूसरी ओर कुछ शहरों में तापमान में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में अगले दो दिन तेज गर्मी महसूस होगी, जबकि 18 और 19 मार्च को कई इलाकों में बारिश की संभावना बन सकती है।रविवार को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला था। कई जगह बादल छाए रहे, जिसके कारण तापमान में करीब 1.7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सिस्टम अब कमजोर पड़ चुका है, इसलिए 16 और 17 मार्च को प्रदेश में कहीं भी बारिश या बादल का विशेष असर नहीं रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के मुताबिक 17 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिसका प्रभाव मध्यप्रदेश में 18 और 19 मार्च के दौरान बारिश के रूप में देखने को मिल सकता है। आमतौर पर प्रदेश में तेज गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद बढ़ती है, लेकिन इस बार शुरूआत से ही तापमान तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार मार्च में ही गर्मी का ट्रेंड बदलता दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अप्रैल और मई में प्रदेश में गर्मी और ज्यादा बढ़ सकती है।



**कुछ शहरों में राहत, कुछ जगह गर्मी बरकरार-** रविवार को ग्वालियर में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री, दतिया में 32.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 36 डिग्री, सिवनी में 35.6 डिग्री, मंडला में 37.2 डिग्री और बालाघाट में 35 डिग्री दर्ज किया गया। कई स्थानों पर शाम तक बादल छाए रहने से तापमान में थोड़ी कमी महसूस हुई।

# 14 अप्रैल तक आ सकता है 10वीं-12वीं का रिजल्ट

### 7 मई से होगी दूसरी परीक्षा

### 16 लाख छात्रों की 90 लाख कॉपियों की जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) भोपाल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। 23 मार्च से मूल्यांकन के चौथे और अंतिम चरण की शुरूआत हो जाएगी। माशिमं के अधिकारियों का कहना है कि यदि मूल्यांकन कार्य की यह गति बनी रही तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक परिणाम तैयार कर लिया जाएगा। बहुत संभव है कि 14 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम जारी कर दिए जाएं।

मध्य प्रदेश में इस वर्ष करीब 16 लाख विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं दी हैं। इन परीक्षार्थियों की लगभग 90 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। इस कार्य में लगभग 18 हजार शिक्षकों को लगाया गया है। अधिकांश जिलों में मूल्यांकन कार्य तेज गति से चल रहा है, लेकिन कुछ जिलों में इसकी रफ्तार धीमी है। आगर मालवा और नर्मदापुरम जिलों में अब तक लगभग 40 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन हो पाया है।

वहीं मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, अनूपपुर, शहडोल, भिंड और मुरैना जैसे जिलों में भी मूल्यांकन की गति धीमी पाई गई। मंडल ने इन जिलों में मूल्यांकन कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बार परिणाम जल्दी घोषित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को दूसरी परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देना है। बोर्ड की द्वितीय परीक्षा सात मई से होनी है, जबकि पिछले वर्ष यह परीक्षा जुलाई में हुई थी।

एमपी बोर्ड में कक्षा 10वीं में छात्रों को पास होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 33 प्रतिशत नंबर लाने अनिवार्य है।

#### दूसरी परीक्षा के लिए मिलेगा 20 दिन का समय



यदि परिणाम 14-15 अप्रैल तक घोषित हो जाता है तो अनुत्तीर्ण, पूरक अथवा श्रेणी सुधार के इच्छुक विद्यार्थियों को तैयारी के लिए लगभग 20 दिन मिल जाएंगे।

मूल्यांकन का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

**बुद्धेश कुमार वैद्य,**
**सचिव, माशिमं**

### इंदौर पुलिस को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर पुलिस को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जब्त हथियारों की कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है।

दरअसल इंदौर शहर में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में द्वारकापुरी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूर्यदेव नगर क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक अवैध हथियारों के साथ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें चेकिंग के दौरान एक युवक पैदल आता हुआ संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## न्यूज-कॉलम



## 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओ को कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाये

**सनावद/ढकलगाँव-** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढकलगाँव मे डॉ. राजेन्द्र मिमरोट मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बडवाह के निर्देशन में 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओ को कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी के टीके लगाये गये। डॉ. इम्तियाज कुरेशी के द्वारा टीके के संबंध मे जानकारी दी गई।इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढकलगाँव के सचिव यशवन्त सेजगाया, सरपंच आरती मयाचंद उपस्थिति रहे, एवं स्वास्थ्य विभाग से ए.एस. चौहान, राहुल मोये, रामकृष्ण नांदिया, शांतिलाल राज?पुरिया, नेहा बिरला, वंदना कंगाले, ओमलता उइके, भारती टिकेकर, मंजुला खांडे आदि द्वारा सेवाएं दी गई एवं आशा कार्यकता मनीषा सोनी, ज्योति खेड़े, वंदना वर्मा, प्रेमलता बिरला ने सहयोग प्रदान किया एवं प्रवीण पंवार ऑपरेटर द्वारा समस्त बालिकाओं की ऑनलाइन एंट्री की गई एवं समस्त बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिये गये।

## माहेश्वरी महिला मंडल धूमधाम से मना रहा गणगौर पर्व



**अलीराजपुर।** नगर के माहेश्वरी महिला मंडल के द्वारा गणगौर पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसके चलते महिला मंडल की सभी सदस्य रोज ड्रेस कोड के हिसाब से साड़ी पहन कर आती है जिससे सभी महिलाएं एक जैसे परिधान में नजर आती है महिलाएं नगर के आचार्य मंदिर से चल समारोह के रूप में ढोल के साथ गरबा नृत्य करती हुई नीम चौक के ओझा परिवार के यहां पहुंच रही है महिलाओं के लिए रोज स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है एवं आगामी दिनों में रोज कई प्रकार की प्रतियोगिता रखी जाएगी।

## नि :शुल्क ब्यूटीशियन सेमीनार का आयोजन

**सनावद।** नगर की जानीमानी सौंदर्य विशेषज्ञ रचना गिरी के मार्गदर्शन में निःशुल्क मेकअप सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बालिकाओं एवं युवतियों को मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया और मेकअप सामग्री के उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस अवसर पर रचना गिरी ने कहा कि सेमीनार का उद्देश्य बालिकाओं और युवतियों को ब्यूटीशियन व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है।इस दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।अतिथि नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला,अमिता मंत्री,दीप्ति बंसल,दीपिका वर्मा,रेखा जैन,उमा पाटीदार एवं रचना जैन ने प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों रूपाली सवनेर(प्रथम), राधिका पाटील(द्वितीय) और अंजली पंवार(तृतीय) को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने रचना गिरी द्वारा प्रशिक्षित 40 बालिकाओं और युवतियों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए। रचना गिरी ने बताया कि सेमीनार में लकी ड्रा की तीन विजेता प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं।

## अमृत मित्र महिलाओं का नई दिल्ली कार्यक्रम में हुआ सम्मान

**बड़वानी ।** नगर पालिका परिषद बड़वानी के अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाएं नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल हुई। भारत सरकार द्वारा आयोजित यह महोत्सव 13 मार्च 2026 को भारत मंडपम में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से अमृत मित्र के रूप में कार्य कर रही महिलाओं को आमंत्रित किया गया। नगर पालिका बड़वानी अंतर्गत पंजीकृत स्व सहायता समूह की महिलाएं, जो अमृत मित्र के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सिटी मिशन मैनेजर श्री अमित सिंह गांधी के नेतृत्व में इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का हिस्सा बनी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा और नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान के मार्गदर्शन में ये महिलाएं नगर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री आवास एवं शहरी विकास विभाग श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा इन महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाएं ने अपने कार्यों और अनुभवों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

## महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय में पांडुलिपि शोध केंद्र बनेगा

**उज्जैन ।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ और महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्योतिष ज्ञान परंपरा पर त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। मुख्य अतिथि नेपाल के उप मिशन प्रमुख सुरेंद्र थापा ने कहा कि भौगोलिक दूरी संस्कृति को अलग नहीं करती और पाणिनि परंपरा नेपाल में आज भी जीवंत है। अध्यक्षता कुलगुरु शिवशंकर मिश्र ने की। ज्ञान भारतम संस्था ने विश्वविद्यालय को 25 पांडुलिपियों की प्रतियां दीं। कुलगुरु ने पांडुलिपि शोध केंद्र स्थापित करने की घोषणा करते हुए शोधार्थियों को लगभग ढाई लाख प्रतिलिपियां उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर कार्यपरिषद सदस्य गौरव धाकड़, सुमीना लिग्गा, गीतांजलि चौरसिया सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कायथा, नारायणा और डोंगला से आए ज्योतिष परंपरा से जुड़े लोगों तथा उज्जैन की मंदिर संस्कृति से जुड़े विद्वानों का भी अभिनंदन किया गया। संगोष्ठी में रूस, नेपाल सहित देश के 12 राज्यों से आए विद्वानों ने सहभागिता की और कुल 75 शोधपत्रों का प्रस्तुतिकरण हुआ।

# विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण खेतों में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की गेहूं की खड़ी फसलें जली

## विधायक सचिन बिरला ने किया अग्निकांड प्रभावित खेतों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



विद्युत मंडल की घोर लापरवाही और निष्क्रियता के कारण सनावद एवं बेड़िया क्षेत्र के खेतों में भीषण आग लगने के कारण लाखों रु की गेहूं की खड़ी फसलें जल कर राख हो गईं। खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के कारण लाइन फाल्ट की वजह से खेतों में लगी आग से 6 ग्रामों रुपखेड़ा,गवल, कालबरड़, रावेरखेड़ी, भोगावां सिपानी और बड़गांव टाकली की लगभग 40 एकड़ भूमि में गेहूं की पकी फसल जल कर स्वाहा हो गई।

विद्युत मंडल की लापरवाही से अग्निकांड के शिकार किसानों में विद्युत मंडल के अधिकारियों और विद्युत सुपरवाइजरों के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है।विधायक सचिन बिरला ने सोमवार को एसडीएम सत्यनारायण दर्रो,तहसीलदार केसिया सोलंकी,नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह,कृषि विस्तार अधिकारी बीएस सेंगर और विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री अलिंद देशपांडे के साथ अग्निकांड पीड़ित सभी किसानों के खेतों का व्यापक निरीक्षण किया।

इस दौरान किसानों ने विधायक को खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते तार और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दिखाए। किसानों ने बताया कि समय पर बिजली बिलों के भुगतान के बावजूद विद्युत मंडल के अधिकारी किसानों की विद्युत समस्याओं के समाधान के प्रति आँखें मूंदे बैठे हैं। यदि विद्युत मंडल समय-समय पर विद्युत तारों और विद्युत पोल के रखरखाव का कार्य करता तो अग्निकांड की घटनाएं घटित नहीं होतीं और किसानों की मेहनत से लगी फसलें नष्ट नहीं होतीं। किसानों ने बताया कि खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तार हवा में टकराते हैं और फिर फाल्ट होने के कारण निकली चिंगारियों से खेतों में आग लग जाती है।किसानों ने विद्युत मंडल को अनेक बार झूलते तारों के खतरों से अवगत कराया।लेकिन विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारी निष्क्रिय बने रहे।

अग्निकांड पीड़ित किसानों ने विधायक से शासन की ओर से पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग की और बड़ूद तथा कानापुर विद्युत ग्रिडों के सुपरवाइजर कुंदन भंवर और रवि शुक्ला पर लापरवाही,अवैध वसूली और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। विधायक ने अग्निकांड से पीड़ित प्रत्येक किसान से विस्तारपूर्वक चर्चा की और किसानों को हुए नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया और किसानों को सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित किसानों के साथ है और किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने के प्रति आश्वस्त किया।



## गायत्री परिवार की जिला समन्वय समिति की पुनर्गठन की गोष्टी सम्पन्न

**आलीराजपुर।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ आलीराजपुर में जिला समन्वय समिति आलीराजपुर का पुनर्गठन किया गया, जिसमें संतोष वर्मा पुनः जिला समन्वयक चुने गये। सह-समन्वयक पदेन रणछोड़ राठौड़, सह-समन्वयक रिपोर्टींग प्रदीप कनेश, मण्डल विस्तार ग्यारसीलाल भाटिया, नारी जागरण सारिका सक्सेना, आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी वंदना वाणी, युवा जोड़ो अभियान सोमसिंह डावर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परिक्षा राहुल अरोड़ा, साधना एवं स्वाध्याय सरोज टवली, पर्यावरण एवं जल संरक्षण कृष्णा सोलंकी, शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला गायत्री वाणी, स्वावलंबन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण सुबलसिंह मौर्य, नशामुक्ति कुरीति उन्मूलन एवं आदर्शन ग्राम रमेश निंगवाल, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार केसर राठौड़, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी रामलाल तोमर बनाये गये। शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम की मासिक समीक्षा के लिए पांच सदस्य जिला शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम समिति बनाई गयी, जिसमें संतोष वर्मा, भूरिंसह भिंडे, कीर्ति भरत राठौड़, शिवराज वर्मा, देवेन्द्र सिंह भयड़िया का चयन किया गया। समिति के पूनर्गठन के पूर्व मुख्य अतिथि उपजोन प्रभारी इन्दौर कृष्णा शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ जोबट के व्यवस्थापक शिवनारायण सक्सेना एवं जिला समन्वयक संतोष वर्मा ने देवपूजन किया। अतिथीयों का ट्रस्टीयों ने तिलक एवं पुष्पमाला से सम्मान किया। वंदना वाणी एवं कीर्ति मनीष राठौड़ प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया।

## दशकों की विरासत के साथ फिर चली नेपा मिल

**नेपानगर।** एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी और पुरानी शासकीय



कागज मिल, नेपा लिमिटेड में ट्रायल ऑपरेशन के तहत बॉयलर लाइट-अप के साथ मिल संचालन की प्रक्रिया का पुनः सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया। चिमनी से उठता धुआं और पेपर मशीन से उत्पादन शुरू होना आदिवासी अंचल की इस ऐतिहासिक कागज मिल के पुनर्जीवन का संकेत माना जा रहा है। नवीनीकृत संयंत्रों का शुभारंभः 23 अगस्त 2022 को तत्कालीन केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय द्वारा नवीनीकृत संयंत्रों का शुभारंभ किया गया था। सांसद के प्रयासःक्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी से निरंतर संवाद और पत्राचार किया गया है। उत्पादनः यहां न्यूजप्रिंट तथा राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर का उत्पादन किया जाता है, जिसमें अपशिष्ट कागज से तैयार लुगदी, पुराने ऑफिस पेपर तथा अन्य रिसाइकल्ड सामग्री का उपयोग किया जाता है। आर्थिक प्रभावः नेपा लिमिटेड क्षेत्र का एकमात्र केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण इसके पुनः संचालन से आदिवासी अंचल की अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्थानीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## पक्षाल जैन के आलीराजपुर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत, विशाल चल समारोह निकला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व अधिवक्ता रहे स्व. प्रकाशचन्द्र जैन आलीराजपुर की सुपुत्री दिप्ती सेक्रेटरी बाग के सुपुत्र व परमार्थ मेडिकल स्टोर आलीराजपुर के राहुल जैन (लक्की) व मनिष जैन नानपुर के भान्जे पक्षाल सेक्रेटरी के युपीएससी एग्जाम क्लियर कर ऑल इण्डिया में आठवीं आई.आई.टी. रेंक प्राप्त कर कलेक्टर बनने पर प्रथम आलीराजपुर आगमन पर आलीराजपुर नगर में भव्य एवं एतेहासिक स्वागत किया गया।

शाम 5 बजे बस स्टेण्ड से विशाल चल समारोह तिरंगा झण्डे लेकर एम.जी. रोड़ होते हुए राहुल जैन (लक्की) के निवास पर पहुॅचा। पूरे रास्ते में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प माला व फुलों से स्वागत किया। पक्षाल सेक्रेटरी ने खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। पूरे रास्ते में नृत्य व गरबा करते हुए महिलाऍ, युवतीया व



लोग चल रहे थे। इस दौरान जमकर आतीशबाजी हुई। पूरा चलसमारोह देशभक्ति के गानों से गुंज उठा।

रास्ते में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मकु परवाल के निवास पर सांसद अनिता चौहान ने भी पक्षाल सेक्रेटरी का स्वागत किया। इसके बाद मां वाटिका गार्डन सोरवा रोड़ पर प्रकाशचन्द्र जैन परिवार द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पक्षाल सेक्रेटरी व उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाऍ दी।

## बिजली कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बिजली कंपनियों में लंबे समय से कर्मचारियों से जुड़ी कई समस्याएं लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। **मुख्य मांगें-** बिजली कंपनियों में खाली पदों पर नियमित भर्ती करना, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करना, आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देना, पुरानी पेंशन और महंगाई भत्ता देना, वेतन विसंगतियां दूर करना, कर्मचारियों के कार्यभार को कम करने के लिए नए पद सृजित करना। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रदेश भर के बिजली कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## ग्राम पंचायतों में सिंचाई संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु आयोजित किये गये शिविर

**बड़वानी ।** जिले में किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जल संसाधन विभाग, लोअर गोई नहर संभाग राजपुर एवं नर्मदा विकास संभाग क्रमांक २७ राजपुर द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई हेतु विशेष शिविर आयोजित किये गये। मंगलवार १७ मार्च को जिले की ग्राम पंचायत जल संसाधन विभाग द्वारा गंधावल, पलवट, वलन, मोसवाड़ा, टाकली, ओझर, गौरीखेड़ा, जूनापानी, ललवानिया में सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में सहायक यंत्री एवं उपयंत्री ने ग्राम पंचायतवार शिकायतों संबंधी आवेदनों का संकलन कर निराकरण किया गया। लोअर गोई परियोजना के तहत १७ मार्च को ग्राम मोयदा, रोझानी, राजपुर, मुण्डला, खड़कल, कुसमरी, वासवी में जनसुनवाई होगी। वही इंदिरा सागर परियोजना के अंतर्गत हरिबड़, नंदगांव, मंदिल में जनसुनवाई की जायेगी।

## 19 मार्च को जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम

**बड़वानी ।** सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभरंभ अवसर पर 19 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे पीएम श्री शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी के ग्राउण्ड पर किया जायेगा। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी दी जायेगी।

## गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर की गई कार्यवाही

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह के निर्देशन मं खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने के लिए ग्राम पाटी में प्रतिष्ठानों की जांच कर गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर कार्यवाही की। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही के दौरान बस स्टेण्ड पाटी के होटलों से 33 हजार रुपये मूल्य के 15 गैस सिलेण्डर जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियमक 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण तैयार करते हुए सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। इन प्रतिष्ठानों से जप्त किये गये घरेलू गैस सिलेण्डरबस स्टेण्ड पाटी पर स्थित महिमा होटल, बालाजी होटल, सोलंकी होटल, सांवरिया ठेला, श्रीश्याम होटल, राधिका होटल, पुष्पा चाय ठेला एवं शिवाजी होटल से 1-1 सिलेण्डर तथा कुंदन फेमिली रेस्टोरेंट, आजाद होटल से २-२ सिलेण्डर एवं मोहिनी होटल से ३ गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। उक्त जांच में नायब तहसीलदार पाटी श्री दीपक मर्सकोले एवं खाद्य अधिकारी सुश्री लवीना सोलंकी द्वारा की गई।

## समय पर फसल ऋण जमा कर बाद की परेशानियों से बचे

**खरगोन-बडवानी** /शासन की अग्रिम खाद भण्डारण योजना अंतर्गत अब तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन से संबंद्व खरगोन जिले की 128 सहकारी संस्थाओं में 41 हजार 561 मेट्रिक टन एवं बड़वानी जिले की 54 सहकारी संस्थाओं में 30 हजार 064 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण कर लिया गया है। जिसमें से खरगोन जिले में मात्र 3 हजार 438 मेट्रिक टन तथा बड़वानी जिले में 1 हजार 147 मेंट्रिक टन खाद का किसानों के द्वारा उठाव किया गया है जो कि अत्यधिक कम है। इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन के प्रबंध संचालक श्रीमति संध्या रोकडे. द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान अपनी खरीफ फसलों के लिए लगने वाले खाद का अग्रिम भण्डारण कर लें, ताकि सीजन के समय उन्हें खाद उठाव करने में परेषानी का सामना न करना पडें। वर्षा प्रारंभ होते ही उर्वरकों की मांग बढ़ जाती है, यदि किसानों द्वारा अपनी आवष्यकता के अनुसार खाद संस्था से अग्रिम उठाव कर लिया जाता है, तो संस्था के गोदाम मे रिक्तता आने से संस्था द्वारा और अग्रिम भण्डारण कर लिया जाएगा।

## जी राम जी से पहले गांव को बस्ती से जोड़ने की तैयारी, 313 जनपदों के लिए 3-3 करोड़ मंजूर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन।

मुख्य गांव से मजरे टोले (बस्ती) और सांदीपनि स्कूलों तो जोड़ने के लिए प्रदेश में नई योजना सुगम संपर्कता अभियान शुरू हुई है। इसके लिए प्रदेश की 313 जनपदों के लिए 3-3 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। प्रत्येक बस्ती या स्कूल के लिए ग्राम पंचायत अधिकतम २० लाख रुपए खर्च कर सड़क निर्माण करवा सकेगी। इस मान से प्रत्येक जनपद क्षेत्र के 15-15 नई ग्रेवल (कांक्रीट) सड़कें बनेंगी। जो मनरेगा योजना का आिखरी काम माना जा रहा है। इसके बाद मनरेगा योजना जी राम जी के नाम से संचालित होगी। वर्तमान में उज्जैन में 90 नई सड़कें बनाई जाएंगी।

मनरेगा मुख्यालय भोपाल से नई स्कीम के दिशा-निर्देश मिलते ही जिला स्तर पर भी तैयारियां शुरू हो गई। ग्राम पंचायत सरपंच सक्रिय होकर अपने गांव में सड़क निर्माण कराने आगे आने लगे हैं। जिला पंचायत ने जनपद स्तरों से योजना के तहत सड़क निर्माण प्रस्तावित करवाकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दे दिए। इस नई स्कीम से जिले की उज्जैन, खाचरौद, महिदपुर, तराना, घट्टिया और बड़नगर कुल 6 जनपद क्षेत्रों में 18 करोड़ रुपए की सड़कें बनेंगी। सुगम संपर्कता अभियान के तहत मिलने वाली राशि से अधिकतम 20 लाख रुपए तक की सड़कों को निर्माण हो जाएगा।

इससे गांव की पिछड़ी बस्ती और सांदीपनि स्कूल को भी सड़कों से जोड़ दिया जाएगा। ग्रेवल सड़कों में गुणवत्ता जांच के लिए राज्य स्तर पर गठित टीम मॉनीटरिंग करेगी। उज्जैन जिले के मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश भारती ने बताया कि सड़क निर्माण के प्रस्ताव जनपद स्तरों से ही आएंगे। उसी आधार पर आगे की प्रक्रिया होगी।

## ग्राम पंचायतों की स्थाई संपत्तियों का प्राथमिक डॉटा सामने आने लगा

**उज्जैन।** जिले की ग्राम पंचायतों की स्थाई संपत्तियों का प्राथमिक डॉटा सामने आने लगा है। इसके हिसाब से सभी 609 ग्राम पंचायतों की 4274 में से 4218 संपत्ति ऐसी मिली जो उपयोगी है, जबकि 15 रिपेयर के लायक भी नहीं है। इन्हें डिस्मेंटल करके दूसरा निर्माण करवाना होगा। जिलेभर की सभी 6 जनपद पंचायतों में 609 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों की अपनी स्थाई संपत्ति हैं। जैसे कि पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, पेयजल टंकी, सड़कें आदि जो कि ग्राम पंचायत को हैंडओवर है। जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद के सीईओ को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों की इन संपत्तियों का डॉटा जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी हैं, ताकि इससे ये पता चल सके कि किस पंचायत की कितनी संपत्ति है। कितनी उपयोग लायक है और कितनी में रिपेयरिंग की जरूरत है या डिस्मेंटल कर नए निर्माण की आवश्यकता है। इसी क्रम में यह प्राथमिक डॉटा अभी सामने आया है। इस कार्य से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जब डॉटा पूरा आ जाएगा, तभी स्पष्ट हो पाएगा।

## महिलाओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना के फोटो फ्रेम भेंट

**उज्जैन।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 11 मार्च को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल जिला न्यायालय परिसर में किया। अध्यक्षता न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला, मप्र उच्च न्यायालय ने की। इसमें जिला न्यायालय उज्जैन की सभी महिला न्यायाधीश शामिल हुईं। कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला न्यायाधीशगणों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना की फोटो फ्रेम प्रदान की। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश मंजुल पांडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट सारिका भाटी, सोनाक्षी चतुर्वेदी, दीपिका यादव, अपूर्वा मिश्रा, सृष्टि पटेल, पूजा भदौरिया, ज्योति फुस्केले, दिव्यानी सिंह, पारूल जैन आदि शामिल हुईं।

## संत है तो सोना सोना है, नहीं तो सूना सूना है : संत श्री नर्मदानंद जी बापजी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

सागोद रोड स्थित आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र, श्रीनित्यानंद आश्रम में श्री केशव भगवान का 100वां महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव गौरवशाली और भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हेतु संत श्री श्री 1008 नर्मदानंद जी बापजी के पावन सानिध्य में नगर के गणमान्य नागरिकों और गुरु भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयोजन के सफल संचालन हेतु समितियों के गठन, दायित्व एवं सुझाव पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर संत श्री नर्मदानंद बापजी ने श्रीकेशव भगवान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा है कि यू तो समर्थ गुरुदेव श्रीनित्यानंद बापजी को मंत्र दीक्षा दादा गुप्तानंद जी बापजी द्वारा दी गई थी किंतु वस्त्र दीक्षा श्रीकेशव भगवान द्वारा दी गई थी। श्री नित्यानंद आश्रम, सागोद की तपोभूमि का उल्लेख करते कहा कि लगभग 125 वर्ष पूर्व इस आश्रम भूमि पर केशव भगवान ने कठोर तप किया।जिसकी ऊर्जा आज भी यहां विधमान है, यही एकमात्र ऐसा आश्रम है जहां तीनों गुरुदेव श्री गुप्तानंद दादा, श्री केशव भगवान, श्री नित्यानंद बापजी ने इस घनघोर जंगल के बीच कुटिया में साधना कर तपोभूमि बनाया एवं कई शास्त्र भी लिखे और इसी तपोभूमि पर श्रीकेशव भगवान वर्ष 1926 में समाधिस्थ हुए।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव के आशीर्वाद से आज यह सनातन धर्म की अद्वितीय धरोहर है, जहा?? हर गुरुभक्त पहुॅचकर असीम शांति, गुरुकृपा एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव पाता है। इस आश्रम के बड़ी संख्या में देश ही नहीं अपितु विदेशो में भी गुरुभक्त है जो आश्रम की कीर्ति को फैला रहे हैं। इसीलिए कहा है कि संत जहा होते है वहा सोना सोना है नहीं तो सूना सूना है।

बापजी श्री ने अपने संबोधन में श्री केशव भगवान का महानिर्वाण शताब्दी वर्ष (100 वा वर्ष) में होने वाले विभिन्न आयोजनों में नगर के सभी धर्मावलम्बियों एवं गुरु भक्तों से कार्यक्रम में सहभागिता कर सम्मिलित होकर एवं धर्मलाभ लेकर मानवकल्याण एवं अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया।

इन्होने दिए महत्वपूर्व सुझाव

इस महत्वपूर्ण आयोजन की बैठक में सनातन धर्मसभा अध्यक्ष अनिल झालानी, महापौर प्रहलाद पटेल, गोविंद काकानी, प्रेमलता दवे, चिंतक कैलाश व्यास, भगत सिंह भदोरिया, पवन सोमानी, मोहन मुरलीवाला, नरेंद्र जोशी (गुल्लू), सुरेश पापटवाल, सतीश राठौड़ (गढ़ कैलाश), पंकज भाटी(सेवावीर), चंद्रप्रकाश व्यास, श्रीमती अनीता कटारा पार्षद, निर्मल कटारिया, नवीन चौधरी, मदन सोनी आदि ने आयोजन के संदर्भ में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में आयोजन समिति गठन और होने वाले धार्मिक आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।इस बैठक में मनोहरलाल पंड्या, पृथ्वीराज व्यास, पूनमचंद्र पटेल , ओमप्रकाश ठन्ना, इंदुशेखर आचार्य, आनंदशर्मा, बलरामभट्ट पार्षद, तुषार कोठारी पत्रकार, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### सगाई तुड़वाने की शंका में ग्रामीण के साथ मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लसुडिया अमरा में रहने वाले गंगाराम पिता अमरा गुजराती 40 साल के साथ रविवार रात गांव के रहने वाले राधेश्याम और तूफान ने जंगल में ले जाकर मारपीट की गई। दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल गंगाराम ग्रामीणों की मदद से थाने पहुंचा और दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गंगाराम ने बताया कि राधेश्याम घर आया था और बाइक पर बैठकर साथ ले गया। वह गांव का रहने वाला है, इसलिये साथ चला गया था, लेकिन जंगल के रास्ते में उसने तूफान के साथ मिलकर मारपीट की और आरोप लगाया कि उसने राधेश्याम की सगाई तुड़वाई है। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वालों की तलाश जारी है।

### पाटपाला में दुर्घटना, पत्नी की मौत पति घायल

**उज्जैन।** मक्सीरोड पाटपाला में रविवार देर शाम दो पहिया वाहन पर सवार रतनलाल कुसमारिया 60 साल और पत्नी चंदाबाई 55 साल निवासी सिद्धपुर निपानिया तराना को डंपर क्रमांक एमपी 13 जी ए 4143 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के मौके पर चंदाबाई की मौत हो गई। पति रतनलाल गंभीर घायल हुआ। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। चालक डंपर लेकर भाग निकला था। नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और मृतक चंदाबाई के मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। घायल रतनलाल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि दोनों पति-पत्नी ग्राम नरवर में रहने वाले भतीजे जीवन द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या की खबर मिलने पर गमी में शामिल होने जा रहे थे।

### सोडंग में मिली युवक की लाश, शिनाख्त के प्रयास

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोडंग में सोमवार एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची। उक्त व्यक्ति को चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होने की पुष्टि डॉक्टरों द्वारा की गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिसके चलते पुलिस ने सोडंग में ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मृतक कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था और भिक्षावृति कर रहा था। एसआई महेन्द्र सेंधव के अनुसार मृतक की 45 साल के लगभग है, जिसकी शिनाख्त कर परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार तक पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम कराकर शव दफनाया जायेगा।

### बारात में नाचने की बात पर युवक को मारे चाकू



**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम बटलावदी में रविवार-सोमवार रात ग्राम जालोद जिला रतलाम से बारात आई थी। रात 12.30 बजे बारात में नाचने के दौरान बारातियों का ग्राम बटलावदी में रहने वाले कुछ युवकों से विवाद हो गया। युवको ने बारात गांव में लाने और नाचने की बात को लेकर सुनील पिता मदनपाल नरवरिया निवासी जलोद पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी होने पर बारात में अफरा-तफरी मच गई। घायल सुनील को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी लगने पर खाचरौद पुलिस ने घायल के भाई अर्जुन नरवरिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। चाकू मारने वालों के नाम जीवन पिता दशरथ चंद्रवंशी, रितिक सामने आये है। दोनों के साथ विवाद में उनके कुछ साथी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार दोनों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अन्य साथियों के नाम सामने आ पायेगें।

### चाक समझ नाबालिग ने खाई लक्ष्मण रेखा, बिगडी हालत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका गुलनाज पिता शेरअली को सोमवार दोपहर परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गुलनाज ने कीडे-मकोडों को मारने वाली लक्ष्मण रेखा खा ली थी। परिजनों ने बताया कि गुलनाज को चाक खाने की आदत है। घर में लक्ष्मण रेखा कीटनाशक चाक रखा था, जो उसने गलती से खा लिया है। मामले की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची थी। जहां परिजनों के बयान लिये गये। वहीं डॉक्टरों ने भी नाबालिग की हालत खतरे से बाहर होना बताई। कुछ घंटे उपचार के बाद गुलनाज की हालत में पूरी तरह से सुधार आ गया था। वहीं एक अन्य मामले में नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के रामवासा से कृष्णा पिता पीरू कुशवाह 25 साल को चरक अस्पताल में भर्ती किया है। उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया था। पुलिस हालत में सुधार आने पर बयान दर्ज करेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 249-5 | 224-8 |
| मेन बाजार | | 579-1 | 669-1 |
| कल्याण नाइट | | 469-9 | 568-9 |
| मिलन डे | | 135-9 | 110-2 |
| मिलन नाइट | | 359-7 | 890-7 |
| मधुर डे | | 459-8 | 479-0 |
| मधुर नाइट | | 448-6 | 370-0 |
| शुभांक | 5 | 8 | 0 |

बोरदा मांडा के सरपंच से मांगे थे 45 हजार, 15 हजार ले चुका था

# रिश्वत की राशि 30 हजार लेते पकड़ाया पंचायत सचिव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो की राशि स्वीकृति के लिये सरपंच से रिश्वत मांगने वाले पंचायत सचिव को लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। सचिव पूर्व में 15 हजार रूपये ले चुका था, उसके द्वारा 45 हजार की मांग की गई थी। सचिव के साथ ठेकेदार भी आरोपी बना है।

12 मार्च को तराना तहसील के ग्राम बोरदा मांडा के सरपंच राजेश चतुर्वेदी द्वारा लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत बोरदा मांडा में निर्माण कार्य कराये गये है। जिसकी राशि स्वीकृति के लिये पंचायत सचिव दरबारसिंह राठौड़ ने 45 हजार की रिश्वत मांगी है। 15 हजार रूपये पूर्व में ले चुका है। शिकायत का सत्यापन निरीक्षक दीपक शेजवार को सौंपा गया, जो सही पाया गया। पंचायत सचिव को रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई गई और उपपुलिस अधीक्षक राजेश पाठक के नेतृत्व में निरीक्षक दीपक शेजवार आरक्षक श्याम शर्मा, संजीव कुमारिया, इसरार, सहायक ग्रेड 3 रमेश डाबर सहित 10 सदस्यों की टीम गठित की गई। सोमवार शाम सरपंच राजेश चतुर्वेदी को रिश्वत की शेष राशि 30 हजार देकर ग्राम पंचायत कार्यालय बोरदा मांडा तराना भेजा गया। जहां पंचायत सचिव दरबारसिंह सरपंच राजेश की कार क्रमांक एमपी 09 सीएच 5873 में बैठ कायथा थाने के पास रोड़ तक आया। लोकायुक्त की टीम भी पीछे-पीछे पहुंची। सचिव ने कार में ही रिश्वत की राशि ली और अपने साथी ठेकेदार कमल बंजारा को दी। पंचायत सचिव के रिश्वत लेते ही लोकायुक्त की टीम पहुंच गई और सचिव के साथ ठेकेदार को कस्टडी में लेकर रिश्वत के लिये रूप में लिये गये 30 हजार जप्त कर लिये।

### ठेकेदार को भी बनाया गया आरोपी

निरीक्षक शेजवार ने बताया कि रिश्वत लेते पंचायत सचिव दरबारसिंह राठौड के साथ इेकेदार को भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। रिश्वत लेने की प्रक्रिया के दौरान दोनों के हाथ धुलवाये गये थे, इस दौरान उनके हाथों से रिश्वत का रंग सामने आया है। पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिये लोकायुक्त की ओर से पत्र लिखा जायेगा। मामले की विवेचना जल्द पूरी कर विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जायेगा।

# कार में छुपाकर लाया था शराब की 200 बोतल

## घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा, रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




रात के अंधेरे में युवक कार में छुपा कर देशी-अंग्रेजी शराब ला रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। कार से 200 बोतल शराब मिलने पर युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए दो दिनों की रिमांड पर लिया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार-सोमवार को सूचना मिली थी कि इको कार सुंदराबाद से बालोदा लक्खा की ओर जाने वाली है जिसमें बड़ी मात्रा में शराब भरी हुई है। सूचना पर रात 1.30 बजे के लगभग रूनिजा चौपाटी पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर में सातरूण्डा मार्ग से इको कार क्रमांक एमपी 43 झेडजी 5449 आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। जिसमें चालक प्रेम सिंह उर्फ पिंटू पिता जीवनलाल बंजारा निवासी ग्राम सिमलावदा थाना बिलपांक जिला रतलाम मौजूद था। उसे हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली गई तो उसमें से अंग्रेजी और देशी शराब की 200 छोटी-बड़ी बोतले कागज के खोखो में भारी होना सामने आई। कार जप्त कर चालक को थाने लाया गया और मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। सोमवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है।

### शराब इंदौर की, लाया था कानवन से

थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद हुई शराब 1.30 लाख रुपए कीमत की है, जप्त कार 6 लाख की पाई गई है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि शराब कानवन के दो युवकों से लेकर आया था जो इंदौर से लाकर बेचने का काम करते हैं। शराब बड़नगर की ओर लेकर जा रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी से पूछताछ में सामने आई जानकारी के बाद एक टीम कानवन भेजी जा रही है। इस बात का पता भी लगाया जा रहा है कि आरोपी शराब किसे देने के लिए आया था। संभावना है कि अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपियों की संख्या बड़ सकती है।

### चार लाख का दिया झांसा ट्रांसफर करा लिये दो लाख

**उज्जैन।** चार लाख खाते में भेजने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने दो लाख वापस ट्रांसफर करा लिये। खाते में चार लाख नहीं आने पर युवक को धोखाधड़ी होने का आभास हुआ। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि शफी कालोनी में रहने वाले सोनू पिता मुबारिक हुसैन मंसूरी ने शिकायत दर्ज कराई कि 8 मार्च को उसके साथ 2 लाख की धोखाधड़ी हुई है। अज्ञात बदमाश ने उसके रिश्तेदार के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसे मैसेंजर पर मैसेज भेजा और बताया कि खाते में 4 लाख ट्रांसफर किये है। आज छुट्टी होने पर खाते में राशि शो नहीं होगी। कुछ देर बाद उसका मैसेज आया और कहा कि मेरे रिश्तेदार का मोबाइल नम्बर दे रहा हूं। उसमें 1 लाख रूपये ट्रांसफर कर दो। उसने रूपये भेज दिये। कुछ देर बाद फिर से 1 लाख भेजने की बात कहीं गई। फेसबुक आईडी रिश्तेदार की होने पर विश्वास कर 1 लाख और मोबाइल नम्बर पर ट्रांसफर कर दिये। दूसरे दिन खाते में चार लाख नहीं आये तो संदेह हुआ। उसने उक्त मोबाइल नम्बर पर कॉल किया तो संपर्क नहीं हुआ। थाना पुलिस के अनुसार ऑनलाइन हुई धोखाधड़ी के मामले में सोनू द्वारा सप्ताहभर बाद आकर शिकायत की गई है। फिलहाल धारा 318 (4), 319 (2), 308 का प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। बैंक से भी जानकारी मांगी गई है।

### शराब नहीं मिली तो रेत लिया खुद का गला

**उज्जैन।** घर में रखी शराब की बोतल नहीं मिलने पर युवक ने खुद का गला रेत लिया। परिजन उसे उपचार के लिये रात में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

मामला सुसनेर का होना सामने आया है। जहां से रविवार-सोमवार रात संजय पिता नारायण 30 को घायल हालत में परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। संजय का गला कटा हुआ था। डॉक्टरों ने उपचार कर वार्ड में भर्ती किया। इस दौरान सामने आया कि संजय ड्रायवरी करता है और शराब पीने का आदी है। रात में वह नशा कर लौटा था और बोतल भी साथ लगाया था। वह शराब ओर अधिक ना पिये, इसके चलते परिजनों ने उसकी बोतल छुपा दी थी। संजय को बोतल नहीं मिला तो उसने घर में रखे बक्के से अपना गला काट लिया।

### बदमाश के पास मिली एमडी ड्रग्स की पुड़िया

**उज्जैन।** मारपीट-आर्म्स के 9 मामलों में आरोपी रह चुके बदमाश के पास से घट्टिया थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स की पुड़िया बरामद की है। बदमाश को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये 1 दिन की रिमांड पर लिया गया है। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम धन्नाखेडी रोड स्टेडियम गेट के पास एक युवक मादक पदार्थ की पुडिया बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम घेराबंदी करने पहुंची, युवक को पकडा गया तो वह बहस करने लगा। उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास से एमडी ड्रग्स की पुडिया मिली। पूछताछ करने पर वह बरगलाने लगा। जिसे थाने लाकर सख्ती की गई तो उसने अपना नाम गोलू उर्फ साइम पिता सुल्तान खान 32 साल निवासी न्यू राजीव नगर दमदमा बताया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर अपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो सामने आया कि उसके खिलाफ मारपीट, आर्म्स एक्ट के नरवर, उज्जैन और अन्य थानों में 9 मामले दर्ज है। न्यायालय में पेश कर 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। इस बात पता लगाया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लेकर आता है।

# जयपुर में अध्ययन करने वाली छात्रा का उज्जैन में शोषण

## 5 माह पहले होटल में हुई घटना, अब दर्ज कराया प्रकरण

**उज्जैन।** जयपुर में अध्ययन करने वाली मंदसौर की युवती के साथ उज्जैन की होटल में हुए शोषण का मामला सामने आया है। घटना 5 माह पहले की है, पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू की है।

बताया जा रहा है कि मंदसौर की रहने वाली युवती जयपुर में अध्ययन करती है। वर्ष 2025 में उसकी जयपुर रेलवे स्टेशन पर सवाई माधोपुर के रहने वाले युवक से पहचान हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नम्बर लिये और बातचीत के दौरान मामला प्रेम प्रसंग में बदल गया। सितम्बर माह में दोनों उज्जैन आये और देवासगेट क्षेत्र की होटल में ठहरे। इस दौरान युवक ने युवती को अपनी मंगेतर बताया।

होटल में साथ रहने के दौरान युवक ने शोषण किया। वापस जयपुर लौटने पर युवक ने बातचीत बंद कर दी। युवती ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसका प्रेम पहले से शादीशुदा है। अपने साथ गलत होने पर पांच माह बाद युवती ने उज्जैन आकर देवासगेट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि मामला महिला संबंधित अपराध से जुडा होने पर युवक के खिलाफ गलत काम करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। युवक की तलाश में पुलिस टीम सवाई माधोपुर भेजी जायेगी।

### ताजपुर के युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन।** ताजपुर में रहने वाले युवक को सोमवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। जहां एक घंटे आईसीयू में चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। थाना प्रभारी गरमसिंह मंडलोई ने बताया कि ताजपुर के रहने वाले सूरज पिता बाबूलाल 35 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसके जहर खाने की खबर मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, लेकिन हालत गंभीर और आईसीयू में भर्ती होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। कुछ देर बाद खबर सामने आई कि सूरज की मौत हो गई। परिजन भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे कि सूरज ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मंगलवार पोस्टमार्टम के बाद परिजनों से पूछताछ कर बयान दर्ज किये जायेगें। उसे बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

नरवर थाना क्षेत्र के बलाई मोहल्ला में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता रमेश परमार 32 साल ने रविवार-सोमवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक धर्मेन्द्र ईंट-भट्टे पर काम करता था, उसे फंदे पर लटका मां प्रेमबाई ने देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी। आशंका जताई गई है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने मौत को गले लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार AAVAS FINANCIERS LIMITED की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान स्थित सर्वे न 889/6/1/2 , रकबा 0 . 01 हेक्टेयर , पटवारी हल्का नं 13 , वार्ड कमांक 10 , बजरंग कालोनी में स्थित कस्बा तराना , तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट है जिसके पूर्व में 5 फिट गली . पश्चिम में 10 फिट रोड , उत्तर में प्लाट परबत मालवीय का. दक्षिण में प्लाट शिवनारायण का प्लाट न 31 स्थित है। उक्त संपत्ति देवनारायण पिता भुवान जी ने रजिस्टर्ड सह-स्वामित्व विलेख पत्र क्रमांक MP 171 GR 18842026 A 100295616 दिनांक 14/03/2026 के माध्यम से श्रीमती अनिता पति देवनारायण को की है। जिसके पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक 1097 दिनांक 13/03/1997 कहीं घुम हो गया है जिसके घुम होने की रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज की गई हैं। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर देवनारायण पिता भुवान जी आदि द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु AAVAS FINANCIERS LIMITED में आवेदन किया गया है तथा फायनेंस द्वारा उक्त संपत्ति के लिंक दस्तावेज की सत्यप्रतिलिपि व अन्य दस्तावेज प्राप्त कर बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण . भार , पेनल्टी , दण्ड , ब्याज , आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उत्तका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि AAVAS FINANCIERS LIMITED द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार AAVAS FINANCIERS LIMITED का रहेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 13/03/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन मो. 97130 - 96363, 97130 - 15515**



### मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 97/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 16.03.2026

**निविदा सूचना**


मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1 | 114/2026_STDC_489968_1/हनुवंतिया रिसोर्ट जिला खण्डवा के गार्डन एवं लैंडस्केप क्षेत्र को (बीच) डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 10 माह) | 158.76 |
| 2 | 115/2026_STDC_489970_1/देव नारायण मंदिर देव डुंगरी चंदवासा जिला मंदसौर में प्रवेश द्वार, जन सुविधा, डे-शेल्टर, पार्किंग एवं आंतरिक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 09 माह) | 129.78 |
| 3 | 116/2026_STDC_489971_1/कुर्बान हिल्स इंदौर में वेटिंग एरिया, टॉयलेट ब्लॉक, डबलू. वी.एम. रोड, एप्रोच रैम्प, पार्किंग का निर्माण कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 05 माह) | 193.35 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 01.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124929/2026 कार्यपालन यंत्री

# मन की उम्र बढ़ती रहे



लोग बड़े हो जाते हैं, पर सिर्फ शरीर से, मन उनका बच्चा ही रहता है। बचपन में बचपना सुंदर लगता है, पर बड़े लोग जब बच्चों जैसे आचरण करते हैं, तो मुश्किल हो जाती है। सारे रिश्ते बिगड़ जाते हैं। रिश्तों की गुत्थी सुलझाने के लिए मनोवैज्ञानिकों ने कई कोशिशें कीं। 20वीं सदी में अमेरिका में एक बहुत बड़े मनोचिकित्सक हुए डॉ एरिक बर्न। उन्होंने सैकड़ों मरीजों का उपचार किया और फिर वह इस नतीजे पर पहुंचे कि इंसान एक अखंड व्यक्तित्व नहीं है। उसके अंदर कई केंद्र होते हैं, जो तरह-तरह के चेहरे बनकर उभरते हैं। अपने अनुभवों की बुनियाद पर उन्होंने एक किताब लिखी- गेम्स पीपुल प्ले, यानी खेल जो लोग खेलते हैं। डॉ बर्न एक वकील का इलाज कर रहे थे, जो कम उम्र में ही एक सफल, प्रसिद्ध और संपन्न वकील बन गया था। एक सत्र के दौरान वह बोला, मैं वकील नहीं हूं, एक छोटा बच्चा हूं। फिर अगले सत्रों में कई बार वकील ने डॉ बर्न से पूछा, आप वकील से बोल रहे हैं या बच्चे से? यह देखकर बर्न में कौतूहल जगा। उन्होंने धीरे-धीरे अपने अन्य मरीजों के विश्लेषण के दौरान भी पाया कि एक व्यक्ति में कम-से-कम तीन लोग बसते हैं- बच्चा, मां-बाप और वयस्क। और, ये तीन लोग क्रमशः बदलते रहते हैं। कब बच्चा उभरता है और कब मां-बाप बोलने लगते हैं, यह कहा नहीं जा सकता। यह बदलाव सिर्फ शब्दों में प्रकट नहीं होता, बल्कि शब्दों से तो बहुत कम कहा जाता है; चेहरे के हाव-भाव, देह-भाषा, शरीर का तापमान और अन्य कई निःशब्द इशारों से उस व्यक्ति की मंशा का पता चलता है। मनोवैज्ञानिकों ने पाया है कि जब कोई इंसान बोलता है, तो केवल सात प्रतिशत संप्रेषण उसके शब्दों से होता है, बाकी 38 प्रतिशत स्वर के उतार-चढ़ाव, शब्दों पर आघात इत्यादि से होता है; और देह-भाषा यानी बॉडी लैंग्वेज द्वारा 55 प्रतिशत संप्रेषण होता है। हम बचपन में अपने से बड़ों के विचार, भाव और आचरण का अनुकरण कर रहे होते हैं। भारतीयों में यह आदत गहरी होती है, क्योंकि यहां बच्चों पर मां-बाप का असर होता है। यह देखना हमारे विकास में सहयोगी होगा कि जो हमारे विचार या भाव हैं, उनमें कितने सचमुच हमारे हैं और कितने हम मां-बाप के ही दोहरा रहे हैं। आदमी वयस्क तब होता है, जब जीवन का सीधा सामना करता है- अभी और यहीं, जब वह भूतकाल के प्रभाव को मिटा देता है। जिसका यह केंद्र विकसित होता है, वह व्यक्ति सहज स्फूर्त और सतर्क होता है। वह अपने फैसले खुद ले सकता है और बचकानी हरकतें नहीं करता। बचपन की इच्छाएं बड़े होने के बाद वयस्क होनी चाहिए। शरीर की उम्र के साथ मन की उम्र भी बढ़ती जाए, तो संतुलन बना रहता है।



सम्पादकीय

## चुनाव की घोषणा

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मी बहुत बढ़ गई है। अपने देश में फिलहाल जैसी राजनीतिक स्थिति है, उसमें ये पांचों क्षेत्र चुनावी रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से दो जगह असम राज्य और पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश में भाजपा सरकार में है, जबकि अन्य तीन राज्यों - तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में भाजपा की विरोधी सरकारें हैं। खास यह है कि असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को ही मतदान है, मतलब इन राज्यों में अब ज्यादा समय नहीं है। हालांकि, इन सभी जगहों पर चुनावी बिगुल बीते एक महीने से बज रहा है, अतः यह कहना सही नहीं होगा कि दलों को चुनाव प्रचार का समय नहीं मिला। हां, पहले के दौर में प्रचार के लिए कुछ ज्यादा समय मिलता था, अब उतना समय नहीं मिलता है। यह एक तरह से ठीक भी है, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही, आचार संहिता लागू हो जाती है और बड़े सरकारी काम ठप्प हो जाते हैं। ऐसे में, चुनाव आचार संहिता के समय को कम करना प्रशंसनीय है।

यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि जब राज्य सरकारों को काम के लिए ज्यादा समय मिल रहा है, तो उन्हें लोकलुभावन घोषणाओं के लिए भी ज्यादा समय मिल रहा है। मिसाल के लिए, चुनाव की घोषणा से ठीक पहले, एलपीजी की कमी के मद्देनजर तमिलनाडु की सरकार ने होटलों और क्लाउड किचन के लिए 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी की घोषणा की है। उधर, आचार संहिता लागू होने से कुछ ही घंटे पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंदू और मुस्लिम पुजारियों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की है। अब उन्हें प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। इस चुनाव में शायद ही कोई ऐसी पार्टी होगी, जो सांप्रदायिक समूहों को लुभाने की कोशिश न कर रही हो। असम और केरल में भी ऐसी घोषणाएं हुई हैं। लोगों को रिझाने में कोई दल पीछे नहीं है। आज राज्य सरकारों के पास धन बढ़ा है, तो उन्हें अपने हिसाब से बांटने का हक है। हां, लोकलुभावन चुनावी घोषणाओं की निंदा होती है, पर इससे लोगों को सीधे लाभ भी होता है। हालांकि, ऐसी राजनीति में वोट खरीदने का आरोप किसी भी राजनीतिक दल का पीछा नहीं छोड़ता है। हां, यह सकारात्मक बात है कि चुनावी वादे अब अधिकाधिक पूरे होने लगे हैं और जनता के सभी वर्ग को कुछ न कुछ सीधे लाभ हो रहा है।

### मानव गरिमा और न्याय का संतुलन

# इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील फैसला



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

भारत की न्याय व्यवस्था केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था भर नहीं है, बल्कि वह समाज के नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्था भी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा गाजियाबाद के 32 वर्षीय हरीश राणा के मामले में दिया गया निर्णय इसी मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। पिछले तेरह वर्षों से स्थायी वनस्पतिक अवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हरीश राणा के मामले में अदालत ने उनके परिजनों को जीवन-रक्षक चिकित्सा उपकरण हटाने की अनुमति प्रदान की। यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि मानव जीवन की गरिमा, पीड़ा और नैतिक दायित्वों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास भी है।

इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पर्दिवाला और न्यायमूर्ति विस्वनाथं की पीठ ने जिस संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया, वह भारतीय न्याय व्यवस्था की गरिमा को दशार्ता है। विशेष रूप से निर्णय सुनाते समय न्यायमूर्ति पारदीवाला का भावुक होना इस बात का संकेत है कि न्यायालय केवल विधिक तर्कों के आधार पर नहीं चलता, बल्कि वह मानवीय पीड़ा को भी गहराई से समझने का प्रयास करता है।

इच्छामृत्यु का प्रश्न लंबे समय से समाज, चिकित्सा विज्ञान और कानून के बीच बहस का विषय रहा है। सामान्य शब्दों में इच्छामृत्यु का अर्थ है ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति को मृत्यु की अनुमति देना, जब उसका जीवन असाध्य बीमारी या असहनीय पीड़ा से घिरा हो और उसके स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो। भारतीय कानून में सक्रिय इच्छामृत्यु अर्थात किसी को जानबूझकर मृत्यु देना स्वीकार्य नहीं है, लेकिन निष्क्रिय इच्छामृत्यु अर्थात जीवन-रक्षक उपचार हटाने की अनुमति कुछ विशेष परिस्थितियों में दी जा सकती है।

हरीश राणा का मामला इसी निष्क्रिय इच्छामृत्यु से जुड़ा हुआ है। वे पिछले तेरह वर्षों से ऐसी अवस्था में हैं जिसे चिकित्सा विज्ञान में स्थायी वनस्पतिक अवस्था कहा जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति जीवित तो रहता है, परंतु उसके मस्तिष्क की चेतन क्रियाएं लगभग समाप्त हो जाती हैं। वह स्वयं निर्णय लेने, बोलने या सामान्य प्रतिक्रिया देने में सक्षम नहीं होता। ऐसे रोगियों का जीवन प्रायः कृत्रिम उपकरणों और निरंतर चिकित्सकीय देखभाल पर निर्भर रहता है। किसी भी परिवार के लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। वर्षों तक अपने प्रियजन को अचेत अवस्था में देखना मानसिक और भावनात्मक रूप से अत्यंत कठिन अनुभव होता है। इसके साथ-साथ आर्थिक बोझ भी लगातार बढ़ता जाता है। इसलिए कई बार परिवार यह कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूर हो जाता है कि क्या केवल मशीनों के सहारे जीवन बनाए रखना वास्तव में उचित है।

यहीं से इच्छामृत्यु का नैतिक प्रश्न सामने आता है। एक ओर मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाता है और उसे हर परिस्थिति में बचाने का प्रयास किया जाता है। दूसरी ओर यह भी प्रश्न उठता है कि यदि जीवन केवल शारीरिक अस्तित्व तक सीमित रह जाए और उसमें चेतना, संवाद और मानवीय अनुभव समाप्त हो जाएं, तो क्या उसे उसी प्रकार जीवन कहा जा सकता है जैसा हम सामान्य रूप से समझते हैं।

भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर इन जटिल प्रश्नों पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास किया है। पहले भी अदालत यह स्पष्ट कर चुकी है कि व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या व्यक्ति को गरिमा के साथ मृत्यु प्राप्त करने का अधिकार भी होना चाहिए। हालांकि इस विषय में अत्यधिक सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इसका किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न हो सके।

इसी कारण भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु के लिए कड़े नियम निर्धारित किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति के मामले में जीवन-रक्षक उपचार हटाने का निर्णय केवल परिवार की इच्छा से नहीं लिया जा सकता। इसके लिए चिकित्सकों की विशेषज्ञ समिति, विस्तृत चिकित्सा परीक्षण और न्यायिक अनुमति जैसी कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय पूरी तरह मानवीय हित और चिकित्सकीय तथ्यों के आधार पर लिया जाए।

हरीश राणा के मामले में भी अदालत ने सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही यह निर्णय दिया। इस फैसले का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह समाज को यह सोचने का अवसर देता है कि जीवन की गरिमा का वास्तविक अर्थ क्या है। केवल शारीरिक अस्तित्व बनाए रखना ही जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता। जीवन में चेतना, संवाद, अनुभव और मानवीय संबंधों का भी उतना ही महत्व है।

इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि इच्छामृत्यु जैसे विषय पर समाज में गंभीर और जिम्मेदार चर्चा हो। कुछ लोग इसे मानवीय पीड़ा से मुक्ति का माध्यम मानते हैं, जबकि कुछ इसे जीवन के मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच संतुलन स्थापित करना ही कानून और समाज की सबसे बड़ी चुनौती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताएं भी इस विषय को प्रभावित करती हैं। अनेक परंपराओं में जीवन को ईश्वर का उपहार माना जाता है और उसकी समाप्ति को केवल प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया जाता है। इसलिए इच्छामृत्यु के प्रश्न पर लोगों की भावनाएं भी गहराई से जुड़ी होती हैं।

फिर भी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने इस विषय को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता उत्पन्न कर दी है। आज चिकित्सा तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि कई बार व्यक्ति को लंबे समय तक कृत्रिम रूप से जीवित रखा जा सकता है। ऐसे में यह प्रश्न और अधिक जटिल हो जाता है कि क्या हर परिस्थिति में जीवन को इसी प्रकार बनाए रखना उचित है। इस संदर्भ में अदालत का यह निर्णय संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह फैसला न केवल कानून की मयार्दा का पालन करता है, बल्कि मानवीय संवेदना को भी सम्मान देता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जीवन की गरिमा और मानवीय पीड़ा दोनों को ध्यान में रखते हुए ही ऐसे मामलों में निर्णय लिया जाना चाहिए।

## खुरचनलाल का 'स्मार्ट कीचड़'

नीमझर गांव में विकास की गंगा तब बही, जब 'खुरचनलाल' ने प्रधानी का पर्चा भरा। खुरचनलाल का दर्शन बड़ा सरल था—वे मानते थे कि राजनीति और जलेबी में बस इतना ही फर्क है कि जलेबी की चाशनी उंगलियों पर चिपकती है और राजनीति की जनता की खाल पर। उन्होंने गांव की ऊबड़-खाबड़ पगडंडी को 'प्राकृतिक एक्यूप्रेशर ट्रैक' घोषित कर दिया और दलील दी कि गड्ढों वाली सड़क पर चलने से पैदल यात्रियों का लीवर और किडनी हमेशा सक्रिय रहते हैं। सरकारी अमले में फाइलें ऐसे दौड़ रही थीं जैसे सावन में बिना ब्रेक की साइकिल। खुरचनलाल ने घोषणा की कि वे गांव के मुख्य तालाब को 'स्विट्जरलैंड की झील' में बदल देंगे, बस शर्त यह थी कि जनता अपनी आंखों पर गुलाबी चश्मा चढ़ा ले। उनके चुनावी दफ्तर में अखंड सत्य का इतना अभाव था कि वहां बैठने वाले मक्खी-मच्छर भी झूठ बोलने की कला में पारंगत हो चुके थे।

प्रचार के अंतिम पहर में खुरचनलाल ने गांव के बीचों-बीच एक बहुत बड़ा गड्ढा खुदवाया और उसे 'डिजिटल पाताल-लोक का प्रवेश द्वार' नाम दे दिया। उन्होंने गांव के सीधे-सादे लोगों को यह पट्टी पढ़ाई कि इस गड्ढे में जो जितनी गहराई तक झांकेगा, उसे अपने सात जन्मों का लेखा-जोखा और अगले चुनाव का विजेता साफ दिखाई देगा। गांव के 'बनवारी' और 'सुक्खू' जैसे लोग अपनी खेती-बारी छोड़ दिन-भर उस गड्ढे की खाक छानने लगे। खुरचनलाल ने गड्ढे के चारों ओर रंगीन झालरें लगवा दीं और एक लाउडस्पीकर फिट कर दिया, जिससे चौबीस घंटे 'विकास आ रहा है' की धुन बजती रहती थी। विपक्षी खेमे के 'फेकू राम' समझ नहीं पा रहे थे कि इस मिट्टी के खेल का मुकाबला किस कंक्रीट से करें। जनता को लगने लगा कि खुरचनलाल के पास वास्तव में विधाता का कोई गुप्त पासवर्ड है, जिससे वे गांव की तकदीर का ताला खोलने वाले हैं। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और खुरचनलाल की जीत का ढोल पीटा गया, पूरा गांव उस 'डिजिटल द्वार' पर इकट्ठा हो गया ताकि अपना भविष्य देख सके। खुरचनलाल ने एक लंबा कुर्ता पहनकर गड्ढे के किनारे खड़े होकर भाषण दिया—भाइयों, इस गड्ढे में झांकिए और बताइए क्या दिखा? लोगों ने सिर झुकाकर देखा तो वहां सिर्फ सड़ा हुआ पानी और कीचड़ था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 मार्च 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:37 सूर्यास्त 18:33
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 09:23 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - शतभिषा 06:09 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - सिद्ध 08:15 उपरांत साध्य 06:22 उपरांत शुभ
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है।

**वृषभ-** पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन-** पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। नए कार्य में लाभ मिलेगा।

**कर्क-** नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह-** व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कन्या-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**तुला-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे।

**वृश्चिक-** पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**धनु-** व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर-** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे।

**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## इच्छा मृत्यु

आनंद भरे जीवन में आई एक बेहद काली शाम,
बस बन कर रह गया जीवन जन्म-मृत्यु का संग्राम,
रक्षाबंधन का वो दिन था बहन ने दी भाई को बधाई,
विधाता के लेख से कुछ घंटों बाद घायल हुआ भाई ।
एक पल में सपनों का संसार शीशे की तरह हुआ चूर,
कोमा में हरीश आया और असहाय दर्द बना नासूर,
अब जागेगा लाल मेरा मॉं का मन हर बार ये कहता,
बाप का दिल जवान बेटे को मौन देख-देख बस रोता ।
छोटे भाई ने खोया सिर पर बड़े भाई का आशीष हाथ,
बहन की ऑंखों में थमते नहीं आंसू कैसा संकट नाथ,
13 वर्षों तक की तपस्या दिन-रात करी सबने सेवा,
बेहतरीन इलाज करवाया कमी नहीं कोई सुरक्षा दवा ।
दिन पर दिन यह दुःख होता गया और अधिक गहरा,
हुई नहीं हरीश में कोई हलचल बढ़ता गया बस अंधेरा,
आखिर अंत में सुप्रीम कोर्ट से परिवार ने की गुहार,
इच्छा मृत्यु दे दो तड़प रहा है मेरा बेटा होकर लाचार ।
सुप्रीम कोर्ट ने दुःखी मन से इस केस पर हॉं करी,
इच्छा मृत्यु हरीश को शायद देना चाहते है श्री हरी,
बुझे मन से मॉं ने कहा सुकून की नींद सो जाना लाल,
माफी मॉंग रही हूॅं बेटा रख नहीं सकी मैं तेरा ख्याल ।
(हरीश राणा का केस और सुप्रीम कोर्ट की हॉं )



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

## महँगाई

महँगाई में
आम आदमी हो जाता
हक्का -बक्का
खुशियों में नहीं बाँट पाता
मिठाई
जब होती खुशी की खबर
बस अपनों से कह देता
तुम्हारे मुंह में घी शक्कर
दुःख के आंसू पोछने के लिए
कहाँ से लाता रुमाल ?
दूसरों के कंधे पर सर रखकर
ढुलका देता अपने आँसू
सरपट दोड़ती जिंदगी और बढती महंगाई में
खुद को बोना समझने लगा
और आंसू भी छोटे पड़ने लगे
वो पार नहीं कर पाता सड़क
जहाँ उसे पीना है
निशुल्क प्याऊ से ठंडा पानी
शुष्क कंठ लिए इंतजार करता
जब थमेगी रप्तार तो
तर कर लूंगा शुष्क कंठ
अब उसे सड़क पार करने का
इंतजार नहीं
इंतजार है मंहगाई कम होने का
ताकि बांट सके खुशियों में
अपनों को मिठाई



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

# गर्मी के मौसम में सेहत के लिए वरदान समान है नारियल पानी

गर्मियों के मौसम में डिहाईड्रेशन से बचने के लिए खुद को हाइड्रेटेड रखना काफी जरूरी होता है ऐसे में इस मौसम में नारियल पानी पीने से आपको काफी फायदा मिल सकता है। गर्मियों की हीट को कम करने और एनर्जी को बूस्ट करने के लिए नारियल पानी काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में कैलोरी काफी कम होती है। साथ ही इसमें नेचुरल एंजाइम्स और पोटैशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। नारियल पानी का सेवन सही समय पर करने से इसके फायदे डबल हो जाते हैं। तो आइए जानते हैं दिनभर में किस समय नारियल पानी का सेवन करने से आप इसके सारे फायदे पा सकते हैं। क्या है नारियल पानी पीने का सही समय- नारियल पानी का सेवन आप कभी भी कर सकते हैं। इसे आप दिन के समय या रात में भी पी सकते हैं। लेकिन कुछ खास समय पर पीने से इसके फायदे डबल हो जाते हैं॥ खाली पेट करें नारियल पानी का सेवन- सुबह उठते ही खाली पेट नारियल पानी का सेवन करने से इसके कई फायदे मिल सकते हैं। नारियल पानी में लॉरिक एसिड पाया जाता है जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ ही मेटाबॉजिल्म को बढ़ाता है और वजन कम करने में भी मदद करता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी नारियल पानी का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे



डिहाईड्रेशन और कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है, साथ ही प्रेग्नेंसी में होने वाली दिक्कतें जैसे मॉर्निंग सिकनेस और हार्टबर्न की समस्या भी दूर होती है।

### वर्कआउट से पहले और बाद में-

नारियल पानी को बेस्ट नेचुरल ड्रिंक माना जाता है। यह बॉडी को हाइड्रेट रखने और वर्कआउट से पहले एनर्जी को बूस्ट करने में मदद करता है। जबकि वर्कआउट के बाद, नारियल पानी इंटेंस एक्सरसाइज के बाद खोए हुए इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से रिस्टोर करने में मदद करता है। नारियल पानी पीने से थकान और थकावट से लड़ने में मदद मिलती है साथ ही यह एनर्जी को बूस्ट करने के लिए काफी सही माना जाता है।

### खाना खाने से पहले-

खाना खाने से पहले अगर आप नारियल पानी पीते हैं तो इससे ओवरईटिंग से बचा जा सकता है। नारियल पानी का सेवन करने से डाइजेशन सही रहता है, साथ ही इससे खाना खाने के बाद होने वाली ब्लोटिंग से बचा जा सकता है। नारियल पानी पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है और डाइजेशन में सुधार होता है।

### रात में सोने से पहले-

नारियल पानी से आने वाली खुशबू आपके दिमाग को शांत करने में मदद करती है। इससे एंग्जाइटी और हार्ट बीट को स्लो करने में मदद मिलती है। रात में सोने से पहले नारियल पानी का सेवन करने से स्ट्रेस कम होता है और दिमाग शांत रहता है। रात में सोते समय अगर आप नारियल पानी पीते हैं तो शरीर के सभी विषाक्त पदार्थ यूरिन के जरिए बाहर निकल जाते हैं जिससे यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी से जुड़ी दिक्कतों से बचा जा सकता है।

धर्म-आस्था

# भीड़ में भी मन को शांत रखने वाला सच्चा तपस्वी

अक्सर हम सोचते हैं कि तपस्या या साधना केवल हिमालय की गुफाओं में, संसार से दूर रहकर ही की जा सकती है। लेकिन सच्ची तपस्या किसी स्थान पर निर्भर नहीं करती, वह तो मन की अवस्था है। जिस क्षण मन संयमित हो जाता है, वहीं से साधना आरंभ होती है।



जीवन में हर व्यक्ति के सामने दो मार्ग आते हैं - श्रेय और प्रेय। प्रेय वह है, जो अभी सुख देता है, लेकिन आगे चलकर दुख या बंधन का कारण बनता है। जैसे - इंद्रियों की इच्छाएं, आलस्य या झूठे सुख अपनी तरफ खींचते हैं और हम कमजोर पड़ने लगते हैं। श्रेय वह मार्ग है जो शुरू में कठिन लगता है, पर आत्मा को ऊंचा उठाता है। संयम, सत्य, कर्तव्य और आत्मनियंत्रण श्रेय के मार्ग हैं। श्रेय वह है जो दीर्घकाल में सही हो, जैसे ईमानदारी से पढ़ाई या मेहनत से करियर बनाना, जबकि प्रेय वह है जो तुरंत सुख दे, जैसे मनोरंजन या आराम। दोनों का संतुलन आवश्यक है, लेकिन जब विद्यार्थी परीक्षा के समय पढ़ाई छोड़कर लगातार मोबाइल चलाने या खेल में समय गंवाने लगता है, तो वह तात्कालिक सुख (प्रेय) के कारण अपने स्थायी हित (श्रेय) को खो देता है। ठीक वैसे ही जैसे सरसों का तेल और दूध। दोनों अपने स्थान पर उपयोगी हैं, पर मिलाने पर दोनों ही बेकार हो जाते हैं। इसलिए जीवन में विवेक यही है कि हम प्रेय को संयम से और श्रेय को प्रधानता से अपनाएं।

हिमालय की ठंडी चोटियों पर जाकर साधना करना सरल हो सकता है, लेकिन असली साधना तो संसार के बीच रहकर भी मन को शांत और पवित्र रखना है। जो व्यक्ति भीड़ में रहकर भी भीतर से एकाग्र है, वही है सच्चा तपस्वी।

तपस्या का अर्थ है - अपनी इंद्रियों को नियंत्रण में रखना। आंख वही देखे जो पवित्र है, वाणी वही बोले जो हितकारी है और मन वही सोचे जो शुभ है। इस संतुलन से घर ही आश्रम बन जाता है और मनुष्य स्वयं साधु।

सच्चा साधु वह नहीं जो वस्त्र बदल ले, बल्कि वह है जो विचारों को बदल ले। जो अपने भीतर की अशुद्धियों से लड़े, वही तपस्वी है। इसलिए तपस्या के लिए हिमालय जाने की आवश्यकता नहीं, हिमालय तो मन में बसाना है, जहां विचार निर्मल हों और आत्मा शांत। वहीं से आरंभ होती है वह यात्रा, जो हमें परमात्मा के साक्षात्कार तक ले जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,55,800, रवा- 1,55,700 चांदी- टंच- 2,49,500 पाट- 2,49,000।


## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## शायनिंग क्लब के फाग उत्सव में तहसील स्तरीय कबडी प्रतियोगिता का निश्चय

**बड़नगर।** शायनिंग क्लब का फाग उत्सव स्थानिय एनडी पैलेस मैरिज गार्डन पर संस्था संरक्षक सकुमाल जैन एवं संस्था अध्यक्ष जगदीश चौहान के आतिथ्य में संपन्न हुआ। उत्सव पूर्व की बैठक में अंकित पाटोंदी, अचल टोंग्या, राहुल यादव संस्था की सक्रियता से प्रभावित होकर आजीवन सदस्यता ग्रहण की । नवीन आजीवन सदस्यो का संस्था संरक्षक सुकमाल जैन, संस्था अध्यक्ष जगदीश चोहान, पूर्व अध्यक्ष संजय व्यास, विरेन्द्रसिंह चोहान, राकेश शर्मा एवं नंदलाल कल्याणी द्वारा दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। फाग उत्सव के पूर्व संस्था की आगामी अप्रैल माह में तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कराने के संबध में एक बैंठक भी आयोजित की गई। समस्त सदस्यो की सहमति बनी की भव्य तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना है। प्रतियोगिता के पुरस्कार , तिथि एवं स्थान की घोषणा अगले दिनो में की जावेगी। पश्चात फाग महोत्सव में जमकर फूलो की होली खेली गई। जिसमे संस्था के मुकेश मोरवाल, सुभाष गुप्ते, सुरेश माहेश्वरी, रघुनाथ भंडारे, देवेन्द्र धबाई, दौलतराम राठौड़, श्रीकान्त गोरे, तस्दुक बोहरा, महिपालसिंह पंवार, अल्पेश गिरी, आशिक बोहरा, श्रीकृष्ण राणा, बालमकुन्द पाटीदार, बब्बुदादा चोधरी, संतोष भंडारे, कैलाश चोहान, महेन्द्रसिंह देवड़ा, महिपालसिंह पंवार, राजेन्द्रसिंह पंवार, सुनील जायसवाल, श्याम शर्मा, तरूण भार्गव, प्रदीप अजमेरा, प्रवीणसिंह राठौर, ललीत सोनी, संतोष श्रीवास्तव, कपील शर्मा, भरत भाटी, शक्तिसिंह पंवार, किशोर पांचाल, अरिहंत शाह ईश्वरसिंह डोडिया आदि सदस्यो ने ढोल की थाप पर ठुमके लगाये। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमन्त माथुर व आभार महिपालसिंह पंवार ने माना। उक्त जानकारी संस्था के मिडिया प्रभारी प्रमोद पंचोली ने दी।

## एमडी ड्रग्स के साथ कार और बुलेट जब्त: 4 थानों की दबिश, 14 आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 10 लाख रुपए का सामान जब्त किया, जिसमें 65 ग्राम एमडी ड्रग्स भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि प्रदेश स्तर पर अवैध मादक तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। देवास पुलिस की टीम ऐसे संगठित गिरोहों पर नजर रख रही थी, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे की लत में धकेलते हैं। एसपी गेहलोत के अनुसार, एक विशेष योजना के तहत 12 घंटे के भीतर चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश दी गई। जिसमे बैंक नोट प्रेस, पीपलरावां, कोतवाली और औद्योगिक क्षेत्र थानों की पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिसमें कुल 14 आरोपी पकड़े गए। उनके पास से लगभग 65 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक सिल्वर रंग की इग्निस कार, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल और 14 मोबाइल फोन जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से 5 से 6 के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में लगी है कि यह एमडी ड्रग्स वह कहां से लेकर देवास पहुंचते थे और कहा खपाते थे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने शाहिद हुसैन पिता सज्जाद हुसैन जाति मुसलमान निवासी 10, संत तुलसी पथ बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. से अनुबंधित की गयी भूमि सर्वे क्र. 158/3/1/1 रकबा 0.88 हे. में से 0.20 हे. ग्राम बरगाड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र भूमि स्वामी नाहरसिंह पिता बहादुरसिंह जाति राजपूत निवासी / कृषक ग्राम बरगाड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा बयाना राशी भी विक्रेता /अनुबंधकर्ता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी` सूचित हो । दिनांक :- 16/03/2026

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**


## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी एक अप्रैल से होगी शुरू

**सारंगपुर।** सारंगपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। विकासखंड में अब तक 24333 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इस बार गेहूं खरीदी में देरी के कारण किसानों को चुनौतियों का सामना करना पड रहा है। किसानों ने सहकारी समितियों से जो कर्ज लिया है, उसे 28 मार्च तक जमा करना अनिवार्य है। यदि किसान इस अवधि तक कर्ज नहीं चुका पाते हैं, तो वे डिफाल्टर घोषित हो सकते हैं।

### किसानों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर विधायक बापू का सरकार पर निशाना

# बिजली बिल और ऋण वसूली में राहत नहीं मिली तो होगा उग्र आंदोलन- विधायक बापू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



विधानसभा क्षेत्र सुसनेर के कांग्रेस विधायक भैरोंसिंह परिहार (बापू) ने रविवार को किसानों और आम नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता में उन्होंने किसानों को राहत देने, बिजली बिलों में हो रही गड़बड़ी और सहकारी समितियों में ऋण वसूली जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के किसान और आम उपभोक्ता कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की।

विधायक परिहार ने कहा कि प्रदेश के किसान वर्तमान में आर्थिक दबाव में हैं। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, वहीं किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सरकार को किसानों के हित में ठोस निर्णय लेने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों और आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में विधायक ने किसानों को गेहूं खरीदी में मिलने वाले बोनस का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राज्य सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के साथ किसानों को 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया था, जिससे किसानों को कुछ राहत मिली थी। इस वर्ष भी किसानों को इसी प्रकार का बोनस देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। जो किसानों के साथ अन्याय है। विधायक ने कहा कि सरकार को किसानों की स्थिति को समझते हुए बोनस की राशि बढ़ाकर कम से कम 125 रुपये प्रति क्विंटल करना चाहिए। इससे किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी और खेती के बढ़ते खर्च को कुछ हद तक संतुलित किया जा सकेगा। उन्होंने सहकारी संस्थाओं में किसानों से हो रही ऋण वसूली की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। विधायक ने कहा कि वर्तमान में ऋण चुकाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि सरकार 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू करने जा रही है। ऐसी स्थिति में कई किसानों के खाते ओवरड्यू हो सकते हैं और उन्हें अतिरिक्त ब्याज का भार उठाना पड़ सकता है। इसलिए किसानों के हित में ऋण वसूली की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

### बकाया राशि भरने की तारीख एक माह बढ़ाने की मांग

प्रेसवार्ता में विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल दिए जा रहे हैं। किसानों और आम नागरिकों को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा करने की अंतिम तिथि कम से कम एक माह बढ़ाई जानी चाहिए। किसानों और आम जनता की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री से शीघ्र समाधान की मांग की गई है। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जाएगा।



शिव पार्वती विवाह

## एक दर्जन से अधिक गांव के लोग चुनर यात्रा में पहुंचे

**खरसौदकलां।** समीप गांव चिरोलाकला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन रविवार को हुआ।जिसमें छटे दिन शिव पार्वती विवाह का आयोजन भी किया गया। श्रीमद् देवी भागवत कथा निपानिया श्री अंबाजी धाम के संस्थापक गुरु द्वारा कथा के दौरान श्रोता झूमे। दूल्हे राजा की बारात खरसौदकलां महाकाल मंडल के तत्वावधान में चिरोलाकलां कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इधर बालोदालक्खा से बड़ी तादाद में ग्रामिणजन पार्वती का व्याह रचाने में शामिल हुए। प्रवचन स्थल पर गुरुवर ने दरबार लगाकर श्रोताओं की अर्जी पर जिज्ञासा भी शांत की। कार्यक्रम के दौरान आसपास के दर्जन गांवों के लोगों को भी धार्मिक कार्यक्रम निमंत्रण पत्र के जरिए आमंत्रित किए गए थे।जिसमें लिंबास,संदला,बड़ागांव ,मुंगावदा ,देवगढ़ ,राठौर खेड़ी, पीपलोदापंच, सोनचिड़ी,सिलोदिया ,मुंगावदी ,सेकड़ी सुल्तानपुर, एवं भाटपचलाना गांव के लोगों ने 51 फीट लंबी चुनर यात्रा निकाल कर भादवा माता धाम मंदिर में देवी को अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान प्रसादी भंडारा भी हुआ।

### कार चालक ने फल बेचने वाले को मारी टक्कर, गंभीर घायल

# घायल को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया, सोशल मीडिया पर युवक की सराहना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर के सुठालिया बायपास रोड पर दोपहर में अज्ञात एक तेज रफ्तार कार ने हाथ ठेले पर फल बेचने वाले को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाथ ठेला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वहां मौजूद युवक कृष्ण मोहन लववंशी ने तुरंत घायल राजेश साहू को ऑटो में बैठाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। ये घटना सुठालिया बायपास रोड स्थित यशराज होटल के पास यादव धर्मशाला के सामने हुई जिसमें हाथ ठेला चालक राजेश पिता लक्ष्मीनारायण साहू 35 वर्ष निवासी स्वरूपनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान वहां मौजूद कृष्ण मोहन लववंशी ने मानवता दिखाते हुए घायल हाथ ठेले वाले को उठाकर ऑटो में बैठाया और तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया जिसका समय पर उपचार संभव हुआ, हालांकि घायल ठेले वाले के हाथ, पैर फैक्चर और कमर में अधिक चोट आने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बता दें कि घायल राजेश साहू इकलौता कमाने वाला है जो हाथ ठेले पर मूंगफली, फल आदि बेचकर अपना और परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके 7-8 वर्ष का लड़का है और पत्नी है, कमाने वाला वह अकेला है। घटना की जानकारी सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ को मिली, देरी न करते हुए थाना प्रभारी ओर उनकी टीम ने घटना स्थल के आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें क्लियर दिखाई दे रहा था।

### घटना की जांच जारी- थाना प्रभारी

युवक कृष्ण मोहन लववंशी द्वारा घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने और उसका जल्द से जल्द इलाज शुरू करवाने में अहम भूमिका निभाई। तुरंत इलाज मिलने से घायल युवक खतरे से बाहर है, इसकी जानकारी सोशल मीडिया में साझा होने पर लोगों ने कृष्ण मोहन की सराहना की और शासन की योजना घायल को बचाने पर इनाम देने की योजना का लाभ दिए जाने के लिए भी सोशल मीडिया पर प्रोत्साहित किया।

### रमजान के पाक महीने में अलीम हजरात का हुआ सम्मान

# समाज में भाईचारे और एकता का दिया संदेश





दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

रमजान के पवित्र और बरकतों भरे महीने में नगर में अलीम हजरात के सम्मान का एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इरशाद मोहम्मद कुरैशी उर्फ पप्पू भाई की जानिब से आयोजित किया गया, जिसमें नगर के तमाम अलीम हजरात को आमंत्रित कर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज में आपसी भाईचारे, अमन और सद्भावना का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, सब्र, त्याग और आपसी प्रेम का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भैरोसिंह परिहार बापू उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक वल्लभ भाई अम्बावतीया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्रसिंह चौहान एडवोकेट, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चतुर्भुजदास भूतड़ा, अशोक कंठ्ठाली, राहुल सिसोदिया, विष्णु पाटीदार, अर्जुनसिंह गोपालपुरा, विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह, पूर्व पार्षद फकीर मोहम्मद खान, विष्णु भावसार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, मांगीलाल सोनी, आशिक हुसैन बोहरा, पार्षद राकेश कानूडीया, शहर काजी हाफिज नवाब साहब, पूर्व काजी शफीक साहब, इरफान खान मार साहब, शकील खान एडवोकेट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन मेव सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन शफीक मोहम्मद खान ने किया एवं अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजक इरशाद मोहम्मद कुरैशी (पप्पू भाई) ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और आपसी सौहार्द को मजबूत बनाते हैं। अतिथियों का स्वागत शहजाद मोहम्मद कुरैशी, शकील कुरैशी, इकबाल मोहम्मद कुरैशी, लुकमान कुरैशी, फुरकान कुरैशी, जावेद कुरैशी, आरिफ ठाकोर, मुख्तार खोकर एवं इरफान कुरैशी ने किया।


## जाहिर सूचना

(अ) मकान नंबर 43, कस्तूरी भवन, विश्वविद्यालय मार्ग, उज्जैन,
(ब) भूखण्ड कमांक 62/8 सेंट मेरीज स्कूल के पास, देवास रोड, उज्जैन
(स) भूखण्ड क्र. ए-23/27 जूनियर एम.आय.जी., त्रिवेणी विहार, उज्जैन
(द) भूखण्ड कमांक बी-3, श्रीजी वैली, कॉलोनी, बिचौली मदार्ना, इन्दौर
(इ) भूखण्ड क्रमांक 45, सिंगापुर पार्क कॉलोनी, बिचौली हप्सी, इन्दौर

**उक्त वर्णित संपत्तियों के संबंध में**

मेरे पक्षकारगण 01. श्रीमती प्रेरणा पति श्री प्रदीप पाटनी, निवासी प्रगति पार्क कॉलोनी, बिचौली मदार्ना, इन्दौर एवं 02. श्रीमती प्रीति जैन पति श्री राहुल जैन निवासी-रानी मिल, दिल्ली रोड, मेरठ (उ.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, उपरोक्त वर्णित संपत्तियां मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. श्री नरेन्द्रकुमार गंगवाल के सहस्वामित्व एवं एकल स्वामित्व की है और स्व.श्री नरेन्द्रकुमार गंगवाल को उपरोक्त वर्णित संपत्तियों में प्राप्त स्वत्व में मेरी प्रत्येक पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्तियों के एक तिहाई भाग की स्वामी होकर, मेरी पक्षकारगण द्वारा 1. प्रणय गंगवाल पिता स्व. श्री नरेन्द्रकुमार गंगवाल 2. संजय पिता स्व. ओमप्रकाश गंगवाल 3. श्रीमती प्रवीणा पिता स्व. ओमप्रकाश गंगवाल (पति श्री दिनेश अजमेरा) 4. श्रीमती जूही पिता स्व. ओमप्रकाश गंगवाल (पति श्री स्वपनिल जैन), जो मेरे पक्षकार के भाई एवं बहन है, के विरूद्ध एक व्यवहार वाद अन्य सहायताओं के साथ स्वयं को एक तिहाई भाग का स्वामी घोषित किये जाने बाबत न्यायालय माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय, उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए. 491/2025 पर दर्ज होकर उक्त व्यवहार वाद में तारीख पेशी 23 मार्च 2026 नियत है। उपरोक्त वर्णित संपत्तियों के संबंध में उक्त व्यवहार वाद विचाराधीन होते हुए भी मेरी पक्षकारगण के उक्त भाई-बहन आपस में षड्यंत्र कर उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को अंतरित करने का प्रयास कर रहे है, जबकि उक्त सम्पत्ति के संबंध में व्यवहार वाद विचाराधीन रहते किसी भी प्रकार अंतरण अवैधानिक होकर शून्यवत होगा। इसलिये हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्तियां के संबंध में मेरी पक्षकारगण के उक्त भाई-बहनों से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार न करें अन्यथा ऐसा संव्यवहार उक्त वादग्रस्त सम्पत्तियों एवं मेरी पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं होगा। साथ ही ऐसे संव्यवहार को भी व्यवहार न्यायालय में मेरी पक्षकारगण द्वारा चुनौति दी जायेगी तथा ऐसा संव्यवहार माननीय व्यवहार न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। सूचित हो। इति। दिनांक-

**(देवाशीष शास्त्री, एडवोकेट)**
**पता- 70 एम.आई.जी., इंदिरा नगर, उज्जैन मो. नं. 98278-38505**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती शमीम बानो पति मोहम्मद यामीन, निवासी-3, महाकाल मार्ग, गली नंबर-5, उज्जैन से उनके स्वामित्व आधिपत्य का भवन क्रमांक-3/1, स्थित महाकाल मार्ग गली नंबर-5, उज्जैन (म.प्र.) मे स्थित हैं। भवन का कुल क्षेत्रफल-35.57 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भवन की चतुर्सीमा निम्नानुसार है:- पूर्व मे मकान जफर भाई का, पश्चिम मे गली, उत्तर मे मकान जफर भाई का, दक्षिण मे मकान अच्छु भाई का, भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति/भवन की पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।

**एम.ए. सिद्दीकी एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-11, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**संपर्क-98272-55575**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम पिरझलार तह बडनगर में स्थित कृषि भूमि सर्वे 963/1 रकबा 1.06 हे. सर्वे नं 954/1 रकबा 1.02 हे. मेसे रकबा 0.60 हे. सर्वे नं 959/1/2 रकबा 0.23 हे. 960/2 रकबा 0.33 हे. 961 रकबा 0.65 हे. 962 रकबा 0.71 हे. कूल किता 06 कूल रकबा 3.58 हे भूमि जो कि श्रीमान प्रेमसिह, तेजकरण पिता नरपत सिह जी निवासी ग्राम काई तह देपालपूर जिला इन्दौर म.प्र व श्रीमति ईशा पति आयूष कोठारी निवासी बडनगर जिला उज्जैन तथा श्रीमान श्यामलाल, श्रीमान अजय पिता गणेश परमार निवासी मालपुरा तह व जिला उज्जैन के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा तय किया गया है और मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि का आंशिक विक्रय मूल्य बयाना राशि भी अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा कर उपरौक्त भूमि विक्रय पत्र निष्पादित करवाया जाना है। अतः उक्त भूमियों पर यदि किसी बैंक शाखा किसी विभाग, संस्था, सोसायटी अथवा साहूकारी का या अन्य किसी प्रायवेट पक्षकार का किसी प्रकार से हित, स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि में मय लेखी प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अथवा बाद मियाद मूजरने के मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनाक 16.03.2026 स्थान :- बडनगर

**अर्जुन राठौड एडव्होकेट कोर्ट परिसर**
**बडनगर जिला उज्जैन मोबाईल नंबर 9098883779**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा - 104 गोपाल प्लाजा प्रथम मंजिल -11 वरूचि मार्ग ऐ.के. बिल्डिंग के पास फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 59 का भाग, भूमि सर्वे क्रमांक 5/2 एवं 5/3 का भाग स्थित आंनद नगर मालनवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 232.25 वर्गमीटर है। तथा उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा पूर्व मे - आम रास्ता, पश्चिम मे - गली, उत्तर मे- रामप्रसाद बिलोनिया के भवन का भाग, दक्षिण मे - कमल बिलोनिया के भवन का भाग स्थित है। उक्त संपत्ति मांगीलाल, श्रीमति धापूबाई पति श्री मांगीलाल, रामप्रसाद, रामचंद्र एवं लक्ष्मीनारायण एवं कमल पुत्रगण श्री मांगीलाल ने इसके पूर्वस्वामी गोपालदास पिता श्री कन्हैयालालजी बैरागी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 5256 दिनांक 26/03/1997 के माध्यम से क्रय कि । एवं मांगीलाल का स्वर्गवास दिनांक 09/11/2002 एवं श्रीमति धापूबाई का स्वर्गवास दिनांक 28/02/2015 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी रामप्रसाद आदि हुये। तथा रामप्रसाद, कमलसिंह एंव लक्ष्मीनारायण बिलोनिया पिता श्री मांगीलाल ने अपना भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 58.06 वर्गमीटर ने हकत्याग पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A100379529 दिनांक 27/05/2025 को रामचंद्र बिलोनिया के हित निष्पादित किया। एवं रामचंद्र बिलोनिया ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

In The Court Of III Additional District Judge, District Court, Ujjain
Presiding Officer:
**श्री पवन कुमार पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000299/2017)
**बाबूलाल रघुवंशी-----वादी**
**Vs**
**संदीप व्यास------ प्रतिवाद**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 20/04/2026**

**प्रेषिती**

(1) श्रीमती चेतना व्यास पिता संदीप व्यास पता 1 शिवाजी पार्क कालोनी उज्जैन

यह कि प्रार्थी बाबूलाल रघुवंशी पिता श्री गणपत सिंह रघुवंशी, आयु-75 वर्ष, धंधा-कृषि, निवासी-ग्राम तालौद तह. व जिला उज्जैन ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते अनुबंध के विर्निदिष्ट अनुपालन तथा स्थाई निषेधाज्ञा सहायता हेतु भवन क्रं.1 शिवाजी पार्क कॉलोनी उज्जैन स्थित के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 10 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(पवन कुमार पटेल))**
**तृतीय जिला न्यायाधीश**
**जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# सीएम हेल्पलाइन पर भी 6 दिन में जवाब नहीं दे पाए अधिकारी

**गुना।** फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ सागवान मामले में अब नया मोड़ आ गया है। अवैध वनों की कटाई को लेकर खबर प्रकाशन के बाद बिना वरिष्ठ अधिकारी की परमिशन के कनिष्ठ अधिकारी पत्रकारों को नोटिस भेजकर दबाव डालने की कोशिश करते हैं।

दरअसल ऐसा ही मामला फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र का सामने आया है। जानकारी का अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि भदौरिया ने एक पत्रकार को नोटिस भेजा है। उक्त पत्रकार ने वन परिक्षेत्र में वन माफिया के द्वारा काटे जा रहे जंगल का मुद्दा उठाया था। क्षेत्र में जंगल कटने पर उसकी भनक मीडिया को लगी तो मौके पर जाकर जब सबरेंज हमीरपुर की बीट लखनाखेड़ी में जाकर देखा तो वहां सागवान के कटे पेड़ों की खबर प्रकाशित की। जिस पर मीडिया ने जब वन परिक्षेत्र अधिकारी से सवाल किया तो 5 बीघा में कटाई का मामला बताया ओर आनन फानन में 3 लोगों पर वन अपराध पंजीबद्ध करते हुए डिप्टी रेंजर सूर्यप्रकाश कोली ओर बीटगार्ड को सस्पेंड करवा दिया। जिससे उनकी वन माफिया से हुई सांठगांठ पर पर्दा







डाला जा सके ओर देखने वालों को ये लगे कि वन परिक्षेत्र अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करते, लेकिन बीट लखनाखेड़ी में हुई सागवान के पेड़ों की धुआंधार कटाई जिसमें हजारों पेड़ इनकी ईमानदारी के चलते ढूंढों में तब्दील हो गई। इस सम्पूर्ण मामले में गुना डीएफओ अक्षय राठौर फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि भदौरिया पर संज्ञान लेने की जगह चुप्पी साधकर बैठ गए। इस मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर जब दिनांक 8 मार्च 2026 को शिकायत की गई तो आज दिनांक तक भी फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी अपना जवाब नहीं दे पाए। वहीं उक्त मामले में प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा पत्रकार पर उनके क्षेत्र की धरातल स्थिति दिखाने पर नोटिस भेजते हुए उसमें उल्लेख कर रहे हैं कि वो बहुत ईमानदार छवि के व्यक्ति हैं ओर पत्रकार द्वारा लगाई खबरों से उनकी छवि धूमिल हो रही है। इस तरह का उल्लेख उन्होंने कानूनी नोटिस भेजते हुए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे उनके क्षेत्र में हो रही वनभूमि पर अतिक्रमण ओर पेड़ों की कटाई पर पर्दा डाला जा सके। जबकि उक्त मामले का सम्पूर्ण कवरेज धरातल स्थिति में किया हुआ है जहां पर ग्रामीणों ने भी इस मामले में मीडिया को जानकारी उपलब्ध करवाई ओर 50 से 100 बीघा में हुई कटाई में हजारों पेड़ काट दिए गए जिनका नोटकेम द्वारा फोटो भी लिए गए हैं। सवाल ये है कि रेंजर साहब ने यदि इस मामले में अपनी अनदेखी को स्वीकारा होता तो शायद शासन से आई राशि का इस तरह दुरुपयोग नहीं होता। गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एक तरफ जिले को गुलाबों की खेती से शहर को सुंदर ओर खुशबूदार वातारण बनाने में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार एक पेड़ मां के नाम से हर तरफ क्षेत्र में हरियाली लाना चाहती है जिससे पर्यावरण स्वच्छ ओर हरा भरा बना रहे। इससे ऐसा लगता है कि शासन की योजनाओं ओर जिला कलेक्टर की मेहनत पर पानी फेरने में गुना का वन विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अगर पेड़ों की कटाई और इसी तरह आए दिन वनभूमि पर कब्जा होता रहा तो वे दिन दूर नहीं जब स्वच्छ हवा ओर हरियाली के लिए गुना जिला कोरोना की तरस जाएगा।

## एमपी में फूड कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) भोपाल ने डेयरी उत्पादों के निर्यात में कथित फर्जीवाड़े के मामले में जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर किशन मोदी को गिरफ्तार किया है। ईडी के मुताबिक कंपनी ने फर्जी लैब परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर डेयरी उत्पादों का निर्यात किया और करीब 20.59 करोड़ की विदेशी मुद्रा अर्जित की। एजेंसी ने इस राशि को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अपराध से अर्जित आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) माना है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को भोपाल स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे पूछताछ के लिए 18 मार्च तक ईडी रिमांड पर भेज दिया है। ईडी की जांच में सामने आया कि मिल्क मैजिक ब्रांड के डेयरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स घी, पनीर, मक्खन सहित अन्य डेयरी उत्पादों का निर्यात करती थी। निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कंपनी ने इंदौर स्थित निर्यात निरीक्षण एजेंसी से कथित फर्जी लैब परीक्षण रिपोर्ट हासिल की। इन रिपोर्टों के आधार पर उत्पादों को विदेश भेजा गया और विदेशी मुद्रा अर्जित की गई।

## 5 राज्यों में चुनाव कराने जाएंगे एमपी के IAS

**भोपाल।** देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एमपी से 50 आईएएस अफसरों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। फरवरी में ट्रेनिंग ले चुके इन आईएएस अफसरों में सचिव, अपर सचिव और उपसचिव स्तर के अधिकारियों के अलावा अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय का भी नाम शामिल है। अब जबकि चुनाव आयोग ने इन सभी राज्यों में चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया है, तो ये सभी अधिकारी आयोग द्वारा आवंटित राज्यों में पर्यवेक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाने पहुंचेंगे। जिन आईएएस अधिकारियों को पांच राज्यों में होने वाले चुनावों के लिए भेजा जाएगा, उनमें किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के सचिव निशांत वरवड़े, वित्त विभाग के सचिव लोकेश कुमार जाटव, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन शुक्ला, नगरीय विकास और आवास आयुक्त संकेत भोंडवे, मछुआ कल्याण और मत्स्य विभाग के सचिव स्वतंत्र कुमार सिंह, हस्तशिल्प और हाथकरघा आयुक्त मदन विभीषण नागरगोजे, उद्योग आयुक्त एवं एमडी लघु उद्योग निगम दिलीप कुमार तथा एमपी सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव के नाम शामिल हैं।

## जबलपुर जिला अदालत के बाहर धमाका

**जबलपुर।** जबलपुर जिला अदालत के बाहर आज शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कोर्ट नंबर-2 के पास तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद वकीलों और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस को मौके से बम के अवशेष और माचिस बरामद हुई है।जानकारी के मुताबिक शाम करीब 5 से 5:15 बजे के बीच कोर्ट का अंतिम काम चल रहा था। इसी दौरान सीजेएम कोर्ट नंबर-2 के बाहर तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही कोर्ट में मौजूद वकील इसे गंभीर घटना मानते हुए बाहर निकलने लगे। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि धमाका पाइप बम से किया गया हो सकता है। घटना को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने विरोध जताते हुए इसे अदालत की सुरक्षा में बड़ी चूक बताया है। वकीलों ने कोर्ट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की है।

## नाजिया इलाही बोलीं- मोनालिसा की फरमान खान से शादी गैर-कानूनी

**खरगोन।** खरगोन में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता नाजिया इलाही खान और द डायरी ऑफ मणिपुर फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा सोमवार शाम खरगोन पहुंचे। उन्होंने वायरल गर्ल मोनालिसा की मुस्लिम युवक फरमान खान से शादी को गैर-कानूनी करार दिया। नाजिया ने इस शादी को लव जिहाद बताते हुए कानूनी चुनौती देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि वे मोनालिसा को ब्रीफकेस में 35 टुकड़ों में नहीं देखना चाहतीं। अधिवक्ता नाजिया इलाही खान ने दावा किया कि मोनालिसा की शादी हिंदू एक्ट का उल्लंघन है और यह सीधे तौर पर लव जिहाद है। उन्होंने तर्क दिया कि फरमान ने शादी से पहले अपना धर्म नहीं बदला और मुस्लिम बनकर शादी की। उन्होंने इस मामले में सरकार और पुलिस की हर जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में विजयपुर विधायक की सुनवाई

**दिल्ली/भोपाल।** मध्यप्रदेश की सियासत में हलचल मचाने वाले विजयपुर विधानसभा सीट के अयोग्यता मामले की गूंज अब देश की सबसे बड़ी अदालत में सुनाई देगी। सुप्रीम कोर्ट 19 मार्च को विधायक मुकेश मल्होत्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। मुकेश मल्होत्रा ने भास्कर को फोन पर बताया कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस महोदय इस मामले की सुनवाई करेंगे। गौरतलब है कि ग्वालियर हाईकोर्ट ने क्रिमिनल केस छिपाने के चलते मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित करते हुए भाजपा नेता रामनिवास रावत को विजेता माना था। 9 मार्च को हाईकोर्ट ने विजयपुर विधायक मामले में सुनवाई करते हुए मुकेश मल्होत्रा का निर्वाचन शून्य करने के बाद 15 दिन का समय सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए दिया था।

## मोहन सरकार के फैसले के खिलाफ उतरे बीजेपी सांसद

**भोपाल।** होशंगाबाद लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद दर्शन सिंह चौधरी मोहन सरकार के फैसले के खिलाफ उतर आए हैं। प्रदेश के डेढ लाख शिक्षकों के पक्ष में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने लिखा- सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने पर विचार किया जाए, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके।

# 2026-27 बजट पर निगम की मंथन बैठक
# पूंजीगत आय-व्यय का विभागवार हिसाब

**उज्जैन।** नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर पूंजीगत प्राप्तियों और प्रस्तावित व्यय की समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और मेयर इन काउंसिल के सदस्यों की मौजूदगी में विभागवार पूंजीगत प्राप्तियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों से विभागीय बजट प्रस्ताव, संभावित राजस्व स्रोत और पूंजीगत व्यय की प्राथमिकताओं पर जानकारी ली गई। निगम प्रशासन ने संकेत दिए कि आगामी वित्तीय वर्ष में अधोसंरचना और नगर सेवाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष फोकस रखा जाएगा। महापौर की अध्यक्षता में हुई इस समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी और सुगन बाबूलाल बाघेला सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता और सहायक लेखा अधिकारी सरिता मांडरे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। निगम प्रशासन के अनुसार बजट पर अगली महत्वपूर्ण चर्चा



18 मार्च (बुधवार) सुबह 10 बजे से की जाएगी, जिसमें शेष विभागों की पूंजीगत प्राप्तियों और व्यय प्रस्तावों पर विचार होगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक के बाद जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा ने चामुंडा माता स्थित पीएचई कंट्रोल रूम में जल प्रदाय विभाग के बजट पर अलग से चर्चा की। इस दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार सहित संबंधित अधिकारियों से विभाग की पूंजीगत प्राप्तियों और प्रस्तावित व्यय की जानकारी ली गई।

## 70 की उम्र में दूसरी बार संपूर्ण परिक्रमा



**उज्जैन।** आस्था के पथ पर उम्र कभी बाधा नहीं बनती, इसे सच कर दिखाया है अवंतिका नगरी के 70 वर्षीय जुझारू व्यक्तित्व अशोक मंडलोई ने। मन में नर्मदा मैया के प्रति अटूट श्रद्धा लेकर मंडलोई एक बार फिर 3000 किलोमीटर लंबी परिक्रमा के लिए मोटरसाइकिल से निकल पड़े हैं। खास बात यह है कि अशोक मंडलोई का नर्मदा पथ से नाता दशकों पुराना है। वे अब तक ओंकारेश्वर से 50 बार लघु परिक्रमा करने का कीर्तिमान रच चुके हैं और एक बार पूरी 3000 किमी की यात्रा पैदल भी पूर्ण कर चुके हैं। अब वे दूसरी बार संपूर्ण परिक्रमा का लक्ष्य लेकर एक माह के सफर पर निकले हैं। मंगलवार को ओंकारेश्वर में विधि-विधान से पूजन और अपने पूर्वजों का आह्वान करने के बाद उनकी यह पावन यात्रा विधिवत शुरू होगी। अशोक मंडलोई का जीवन भक्ति और साहस का अद्भुत मिश्रण है। शाखा के संरक्षक सुरेश चौहान ने गर्व के साथ बताया कि मंडलोई पिछले दस वर्षों से हमसे जुड़े हैं। 70 वर्ष की आयु में 3000 किमी बाइक चलाना आज के युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है।

## विक्रमोत्सव वाहन मेले की अवधि बढ़ी... खरीदारों की भीड़ बरकरार

**उज्जैन।** उज्जैन में चल रहे विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2026 में वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री को देखते हुए इसकी अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह मेला 19 मार्च को समाप्त होना था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 29 मार्च 2026 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

मेले के दौरान गैर-परिवहन श्रेणी के वाहनों पर मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट मिल रही है, जिसका सीधा असर बाजार में वाहन खरीद पर दिखाई दे रहा है। परिवहन विभाग के अनुसार इस आकर्षक छूट के कारण मेले में अब तक 23 हजार से अधिक वाहन बिक चुके हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारी संतोष मालवीय के मुताबिक 15 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक मेले में कुल 20,800 वाहनों की बिक्री दर्ज की गई। इनमें 3,933 दोपहिया, 15,740 चारपहिया और 1,127 अन्य श्रेणी के वाहन शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि केवल 16 मार्च को ही 2,469 वाहनों की बिक्री हुई। इस एक दिन में 330 दोपहिया, 2,073 चारपहिया और 66 अन्य वाहन खरीदे गए। इससे साफ है कि कर में छूट का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता वाहन खरीद की ओर आकर्षित हो रहे हैं। परिवहन विभाग के अनुसार मेले की अवधि बढ़ाने का उद्देश्य अधिक से अधिक वाहन खरीदारों को 50 प्रतिशत मोटरयान कर छूट का लाभ दिलाना है।

### एक दिवसीय कार्यशाला 17 मार्च को आयोजित होगी

**आगर मालवा।** पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं भारत /2047 विषय पर केंद्रित एक दिवसीय वार्तालाप का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यशाला 17 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगी। विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 1020, 1021, 1021/1, 1021/2, 1022, 1024, 1025. 1026, 1027, 1028, 1029/1, 1030/1,1030/2, 1031, 1032, 1033, 1034 कुल किता 17 कुल रकबा 3.77 हे. स्थित ग्राम नरसिंगा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा विकास जोशी पिता नरेन्द्र जोशी निवासी 107, विक्टोरिया अर्बन वल्लभनगर, 12 पार्क रोड़ इन्दौर के द्वारा दिनांक 18/08/2025 को तय किया था व अनुबंध की शर्त अनुसार दिनांक 02/01/2026 तक शेष राशि प्रदान करने का करार कर विक्रय पत्र आपके पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत करवाने का तय किया था किन्तु विकास जोशी द्वारा अनुबंध की शर्त का उल्लंघन कर आज तक मेरे पक्षकार को राशि अदा नहीं की है तथा सूचना पत्र देने के उपरान्त भी उपस्थित नहीं हुए है इसलिए मेरे पक्षकार से किया गया विकय सौदा स्वतः निरस्त हो चुका है तथा अब मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि कुल रकबा 3.77 हे. स्थित ग्राम नरसिंगा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन किसी प्रकार से अनुबंधित नहीं रही है तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि को अन्य व्यक्ति को विकय करने के लिये स्वतंत्र है यदि विकास जोशी द्वारा दिनांक 18/08/2025 के अनुबंध के आधार पर मेरे पक्षकार की भूमि के संबंध में अन्य किसी व्यक्ति से कोई लिखापढ़ी की जाती है या मेरे पक्षकार के विरूद्ध कोई कार्यवाही की जाती है तो ऐसी समस्त कार्यवाही शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर किसी प्रकार से बंधनकारक नहीं रहेगी।

दिनांक 16/03/2026

**सूर्य परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर**
**जिला उज्जैन, मोबा. 9977060138**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि , मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी विरेन्द्र सिंह पंवार पिता श्री हरि सिंह जी , उम्र 40 वर्ष , व्यवसाय कृषि , निवासी ग्राम घनखेड़ी तहसील सांवेर जिला इंदौर म . प्र . से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 322/2/2/1 रकबा 0 . 200 हेक्टर भूमि, ग्राम पालखन्दा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय , बैंक , सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक , हित , स्वत्व , आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें , ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-16/03/2026

**पीयूष पण्ड्या एडवोकेट**
**ऑफिस - डी - 12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मो. 94248 78460**

## जाहिर सूचना
**( भवन क्रमांक 446/646 श्रेणी ई.डब्ल्यु.एस. स्थित इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन बाबत )**

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राजेन्द्रकुमार पिता श्री शंकरलालजी माहेश्वरी निवासी 273 एल0आय0जी0 सेकण्ड, इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान क्रमांक 446/646 श्रेणी ईडब्ल्युएस स्थित इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन में है जो तीन मंजिला पक्का आरसीसी का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 54.00 वर्गमीटर का है, जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में-सडक कालोनी की, पश्चिम में-एलआयजी द्वितीय भवन, उत्तर में-भवन क्रमांक 447/647 ईडब्ल्यूएस, दक्षिण में-भवन क्रमांक 445/645 ईडब्ल्यूएस तथा पेमाईश लंबाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 9.00 मीटर चौडाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 6.00 मीटर। उक्त मकान को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र, विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 16/3/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा )**
**एडवोकेट एवं नोटरी**
**51. दादाभाई नोरोजी मार्ग, स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124, 8959999299**

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने 1 - अमरसिंह पिता मेघाजी, 2 - राधेश्याम पिता मेघाजी , 3 - धर्मेन्द्र पिता मेघाजी, जाति - बंजारा , निवासीगण ग्राम टिबुखेडा , तहसील घटिट्या जिला उज्जैन म . प्र. 4 - श्रीमती प्रेमबाई पिता मेघाजी , निवासी रणजीत नगर , नाग तलाई , उज्जैन म . प्र . 5- श्रीमती चन्दाबाई पिता मेघाजी , निवासी-ग्राम मुण्डला परवल तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म . प्र . 5 - श्रीमती संतोषबाई पति मेघाजी , जाति - बंजारा, निवासी ग्राम बिछडोद तहसील घटिट्या जिला उज्जैन के संयुक्त स्वत्व , स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1/1 रकबा 0 . 10 हे. , सर्वे नं . 2/1 रकबा 0 . 24 आरे, कुल आरे 0 . 34 आरे, में से रकबा 0 . 20 आरे अर्थात एक बीघा कृषि भूमि ग्राम नजरपुर तहसील घटिट्या जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया हैं तथा बयाना पेटे आंशिक राशि अदा कर दी हैं मात्र अब शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में होना शेष हैं यदि अनुबंधित कृषि भूमि में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व , हित या संस्था , बैंक , का भार हो या किसी व्यक्ति , संस्था , बैंक , को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अनुबंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 16.03.2026

**मनोज गुर्जर एडवोकेट**
**पता चेम्बर नं . 53, सर्विस बिल्डिंग , नवीन कोर्ट परिसर ,**
**उज्जैन मो. 9827637380**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं.6497687P रैंक SEP/ASH परमानंद सिमरोलिया (सेवानिवृत्त) निवासी-ग्राम रूस्तमपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. मेरे पुत्र का नाम विक्रात (VIKRANT) मेरे सेना के सभी दस्तावेजों में दर्ज है, जो कि गलत है। आधार एवं अन्य सभी दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम विक्रांत सिमरोलिया (VIKRANT SIMROLIYA) दर्ज है जो सही है। अतः मेरे पुत्र को भविष्य में विक्रांत सिमरोलिया (VIKRANT SIMROLIYA) के नाम से जाना व पहचाना व पढ़ा जावे।

**परमानंद सिमरोलिया**
**निवासी-ग्राम रूस्तमपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र.**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम ANKIT MEDATWAL अंकित मेड़तवाल था जो कि अब बदल करANKIT KUMAR MEDATWAL अंकित कुमार मेड़तवाल हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाएगा

**पता - ग्राम सोयतकलाँ तहसील - सुसनेर जिला - आगर - मालवा सोयत कलाँ**

## रिकॉर्ड के सम्बन्ध में सर्वसाधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.एस.हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, उज्जैन पेशेन्ट सम्बन्धित रिकॉर्ड सन् 2021 से 2022 तक के नष्ट करने जा रहा है। जिस किसी को उक्त पुराने रिकॉर्ड की आवश्यकता है वे आज दिनांक से 15 दिवस के अंदर संपर्क करें अन्यथा यह रिकॉर्ड भविष्य में उपलब्ध नहीं होगा। इसके लिए हॉस्पिटल किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

संपर्क करें

**एस.एस.हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर**
76, विक्रम मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) फोन : 0734-2515056, 2514675

न्यूज-कॉलम

## पांच दिवसीय नानी बाई का मायरा एवं नेत्र चिकित्सा परीक्षण शिविर

**पिपलियामंडी।** 27 से 31 मार्च तक 5 दिवसीय नानी बाई के मायरे कथा का आयोजन श्री सांवलिया सेठ मंदिर श्री राधे कृष्ण गौशाला बरखेड़ा पंथ पर रखा गया है। ,कथा का संगीत मय वाचन कथा व्यास सुश्री कनक जी वैष्णव नौगांवा के मुखारविंद से सम्पन्न होगा। अतःअधिक से अधिक संख्या में पधार कर कथा श्रवण कर धर्म का लाभ लें , साथ ही दिनांक 29 मार्च रविवार को प्रातः 9 बजे से 12 तक नेत्र चिकित्सा शिविर भी लाभ मुनि हॉस्पिटल मंदसौर के द्वारा श्री सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वाधान में रखा गया है। अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपनी आंखों की जांच करा कर निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का लाभ उठाएं, ऑपरेशन लाभ मुनि नैत्र चिकित्सालय मंदसौर में किए जाएंगे।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर स्कूटी नं. एमपी 14 जेडसी 2013 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार यह हादसा 2 मार्च की रात का है। घटना दिनांक को स्कूटी के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और हाईवे रोड़ टोल टैक्स से बही पार्श्वनाथ के बीच रोड़ क्रास कर रहे गजेन्द्र राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी अयोध्या बस्ती पिपलियामंडी को टक्कर मार दी जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## नीमच सिटी में आज निकलेगी रंग तेरस की परंपरागत गैर

**नीमच।** उपनगर नीमच सिटी में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए 17 मार्च मंगलवार को रंग तेरस के अवसर पर भेरू जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराते हुवे रंग तेरस की गैर माहेश्वरी मोहल्ले से प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगी जो उपनगर नीमच सिटी के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः माहेश्वरी मोहल्ले में समाप्त होगी। ज्ञात हो की रंग तेरस के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार जमीन में गड़ी हुई भेरू जी की प्रतिमा जमीन से निकाल कर उन्हें बकरे की खाल में भरे पानी से स्नान करवा कर पूजा अर्चना कर गेर के रूप में जोशी मोहल्ला स्थित खेड़ापति बालाजी ले जाया जाएगा। जहां पूजा अर्चना कर दाल बाटी का भोग लगाकर ढोल धमाके और बाजों के साथ चौधरी मोहल्ला होते हुए माहेश्वरी मोहल्ला लाया जायेगा। वहां रंग गुलाल से होली खेली जाएगी। यह परंपरा वर्षो पुरानी है जिसका निर्वहन आज की युवा पीढ़ी भी करती आ रही है।

# सेवा का भाव मानसिक शांति प्रदान करता है : मंत्री काश्यप

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



सेवा कार्य का अर्थ निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना है, जो व्यक्तिगत आत्म-संतोष, मानसिक शांति और आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। यह समाज में सहानुभूति, करुणा और एकता को बढ़ावा देता है, साथ ही अहंकार को कम करके आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण विकसित करता है।

उक्त उदगार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं विधायक चेतन्य काश्यप ने मोती नगर में विधायक निधि से निर्मित होने वाले कुष्ठधाम सेवा मंदिर भवन निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि निःस्वार्थ सेवा करने से मन को अपार सुख और मानसिक संतुष्टि मिलती है, यह दुख में डूबे व्यक्ति के लिए मानसिक राहत का काम करती है, सेवा करने से विनम्रता, करुणा, वफादारी और जिम्मेदारी जैसे नैतिक गुण विकसित होते हैं, यह इंसान को बेहतर इंसान बनाती है। इस प्रकल्लप के लिये इस क्षेत्र के राकेश मीणा सत्त प्रयासरत रहे हैं।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा समाज में भाईचारे और मेल-जोल को बढ़ाती है, जिससे एक संवेदनशील और दयालु समाज का निर्माण होता है। दूसरों की मदद करने से व्यक्ति के आत्मविश्वास और क्षमताओं पर भरोसा बढ़ता है, "सेवा परमो धर्मः" के अनुसार, सेवा को ईश्वर की सेवा के समान माना जाता है, जो पुण्य और मोक्ष का कारण बनती है।

स्वागत उद्बोधन अशोक चौटाला ने देते हुए कुष्ठधाम सेवा मंदिर भवन निर्माण की जानकारी से अवगत कराया।

प्रारंभ में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, अशोक चौटाला, मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर, मयूर पुरोहित, हेमन्त राहौरी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य विशाल शर्मा, महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, मनोहरलाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद परमानन्द योगी, रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, बलराम भट्ट, श्रीमती देवश्री पुरोहित, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, राजेन्द्र चौहान के अलावा गोविन्द नागर, पार्वती चौहान, कमलेश सोनी, प्रहलाद राठौर, राकेश मीणा, सुदीप पटेल, आकाश खड़के, शुभम चौहान, करण वशिष्ठ, विवेक शर्मा सहित क्षेत्रिय नागरिकों ने कुष्ठधाम सेवा मंदिर भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

## पोरवाल महिला मंडल ने मनाया होली गोठ उत्सव, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की रही धूम



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा स्थानीय स्तर पर होली गोठ के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम दिन अंधी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें टीना दानगढ़, कविता सेठिया, नेहा पोरवाल, ममता घाटिया और आंचल सेठिया सहित अन्य महिलाओं ने सफलता पाई। बच्चों में अंक्षिका और नंदिनी गुप्ता विजेता रहे। द्वितीय दिन वन मिनट गेम शो और चेयर रेस जैसे आयोजनों ने उत्साह दोगुना कर दिया।

मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा सुदृढ़ होता है। प्रवक्ता प्रिया फरक्या ने बताया प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से काशी गुप्ता, अथर्वी घाटिया और सीनियर वर्ग से संयम गुप्ता, अंश रत्नावत शामिल रहे। गेम शो में गीता धनोतिया, सुशीला मोदी, निर्मला मांदलिया, सोनम मोदी और प्रीति मांदलिया ने अपनी छाप छोड़ी।

पूरे आयोजन के सफल संचालन में मिल्की डबकरा, ज्योति काला, रीना उदिया और रेखा उदिया की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर संगीता फरक्या, निधि गुप्ता, सुनीता सेठिया, प्रियंका पोरवाल, बरखा धनोतिया, सुशीला घाटिया, जागृति सेठिया, रीना धनोतिया सहित समाज की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। सचिव प्रमिला संघवी ने आभार व्यक्त किया।

## पूर्व स्वास्थ्य केंद्रीय मंत्री व क्रांतिकारी आजाद के भतीजे अमित आजाद ने किया सम्मान



**नीमच।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड बोध गया बिहार द्वारा एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस जीवनदायक महत्वपूर्ण विषय रक्तदान और रक्तदाता प्रेरणादाता पर आयोजित हुई । जिसमे नीमच से थैलीसीमिया वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं नीमच में रक्तदान के लिए समर्पित और अपने सेवा कार्यों को जीवन का मुख्य ध्येय बनाकर चलने वाले सत्येन्द्र सिंह राठौड़ जिन्होंने अब तक स्वयं 103 बार रक्तदान कर नया कीर्तिमान बनाया है एवं 2500 से ज्यादा रक्तदान शिविरों का आयोजन अब तक करवा चुके हैं तथा यह क्रम निरंतर जारी है । थैलीसीमिया पीड़ित कई बच्चों को गोद लेकर उनकी सेवाकर रक्त की आपूर्ति बनाए हुए हैं साथ ही 19 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के बोनमेरो ट्रांसप्लांट भी निःशुल्क करवाने में अहम भूमिका निभाई है । स्मृति रहे विगत कुछ माह पूर्व नीमच में राष्ट्रीय सेमिनार भी मुख्य भूमिका में करवा चुके है। रक्तदान के साथ साथ बोनमेरो दान के लिए प्रेरित कर अब तक ५८३ डोनर का रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं ऐसे व्यक्तित्व जो अपने जीवन से बढ़कर पीड़ित मानवता के लिए सदैव तैयार हैं उन्हें अपने सेवा यज्ञों की आहुतियां के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र से कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया । यह वृहद राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस दिनांक 14 एवं 15 मार्च को बोध गया जी बिहार में आयोजित की गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए रक्तदान के लिए प्रेरक चुनिंदा व्यक्तित्वों को यह सम्मान मिला ।

# गैस की किल्लत और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## चूल्हे पर बनाई चाय, गांधी चौराहा से घंटाघर तक निकाला पैदल मार्च

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत और केंद्र सरकार द्वारा लगातार की जा रही मूल्य वृद्धि के विरोध में शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गांधी चौराहा पर विशाल प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर चूल्हे पर चाय बनाकर और नाली से गैस निकालने का सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों पर तंज कसा।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने आम आदमी और विशेषकर गृहिणियों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। सरकार को तुरंत गैस की कीमतों में की गई वृद्धि वापस लेना चाहिए और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके । विधायक विपिन जैन ने चेतावनी दी कि हालात ऐसे बन गए हैं कि आम परिवार को रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। गैस सिलेंडर महंगे होने से गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है । यदि गैस की आपूर्ति सुचारु नहीं हुई और कीमतें कम नहीं की गईं, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजन गांधी चौराहा से घंटाघर तक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी करते रहे। महिला कांग्रेस की ओर से रूपल संचेती, राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी और अनीता भदोरिया ने भी महंगाई के खिलाफ आवाज उठाई। इस विरोध प्रदर्शन में सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, कांतिलाल राठौर, आसिफ छिपा, दीपक सिंह गुर्जर,दिलीप देवड़ा, संजय नाहर, साबिर इलेक्ट्रीशियन, सुनील बसेर, जितेंद्र सोपरा, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, प्रमोद भावलकर, विजय सिंह सिसोदिया और कन्हैयालाल कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने किया वहीं आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने माना ।

## महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत के खिलाफ मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मल्हारगढ़

केंद्र की असफल और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गाडगिल चौराहे पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। घरेलू गैस सिलेंडर की घोर किल्लत और उसकी बढ़ती कीमतों ने आम जनता को परेशान कर दिया है, और केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर मूक है। प्रदर्शन के दौरान सभी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ "नरेंद्र,- सरेंडर" के जोरदार नारे लगाए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा, आज देश की जनता गैस के लिए तरस रही है, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। महंगाई की इस चेन में गैस सिलेंडर की कीमतें आम परिवारों के लिए अभिशाप बन गई हैं।

मालेचा ने आगे कहा, लोकसभा नेताप्रतिपक्ष, माननीय राहुल गांधी,जिस तरह आमजनता के अधिकारों के लिए केंद सरकार पर सड़क से लेकर सदन तक लगातार आक्रामक प्रहार कर रहे हैं, उसी राह पर कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आमजनता के हक के लिए सड़क पर संघर्ष कर रहा है। जनता की आवाज अब सड़कों पर गूंज रही है! जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर हयात मेव ने कहा, च्जब देश की जनता लाइन में खड़ी है, तब सरकार की नींद नहीं टूट रही। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी! प्रदेश कांग्रेस सचिव मुकेश निडर ने कहा, भाजपा सरकार ने महंगाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब जनता को न सिर्फ सिलेंडर मिलना मुश्किल है, बल्कि उसकी कीमतें भी आसमान छू रही हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)

Email- cmopithampur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1512/न.पा./26 पीथमपुर, दिनांक 02.03.2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्न लिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना जैम पोर्टल (www.gem.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | आनलाईन टेंडर नं. | सामग्री का विवरण | कार्य की लागत | निविदा की EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026 /B/7311825 | Speed Breaker | 20.00 लाख | 20000/- | 17.03.2026 |
| 2. | GEM/2026 /B/7311663 | Protable Power Generators | 9.25 लाख | 9250/- | 17.03.2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीथमपुर
जिला धार

(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल)
अध्यक्ष
नगर पालिका पीथमरपुर जिला धार


## वॉलीबॉल के वरिष्ठ खिलाडियों का सम्मान

**रतलाम।** प्रदेश में वॉलीबॉल खेल के विकास और गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाडि?ों को वॉलीबॉल स्पर्धा के दौरान सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वॉलीबॉल स्पर्धा संयोजक श्रीकांत वर्मा (सेवानिवृत्त सुपरिंटेंडेंट, केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क) एवं ललितसिंह चौहान द्वारा खिलाडियों को साफा पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।


**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777
7771090777


# जावरा से नाकोडा भेरूजी तक पैदल यात्रा करने पर जैन दम्पती का जनसंघर्ष समिति द्वारा शाल, साफा व फूलमालाओं से स्वागत किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा




उज्जैन-जावरा के मध्य बनने वाले फोरलेन सड़क के तहत भूतेड़ा से जोयो होटल के बीच प्रस्तावित ओवरब्रिज निरस्त होने पर जावरा से नाकोडा भेरूजी तक पैदल यात्रा करने पर जैन दम्पती का जनसंघर्ष समिति द्वारा शाल, साफा व फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

रविवार को जन संघर्ष समिति के असलम मेव, जगदीश सोलंकी, उबेद अंसारी, सिकन्दर मेव, भुरू भाई, गुड्डू पठान, फरीद हुसैन आदि सदस्यों ने जावरा से राजस्थान के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल नाकोडा पार्श्वनाथजी की पद-यात्रा पूर्ण करने पर नगर के सोमवारिया निवासी प्रवीण मेहता व उनकी धर्मपत्नी सीमा मेहता का फूलों की माला से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समिति सदस्यों ने विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि जैन दम्पती हाल ही में अपनी 550 किलोमीटर लंबी यात्रा पैदल पूरी कर जावरा लौटे हैं। उन्होंने फरवरी माह की 23 तारीख को जावरा से अपना पैदल सफर शुरू किया था। जो इस माह की 12 तारीख को नाकोडा भेरुजी पर खत्म हुआ। वहाँ दर्शन कर दोनों नाकोडा भेरुजी के सामने नतमस्तक हुए और आगे भी ऐसी ही कृपादृष्टि बनाए रखने की प्रार्थना की।

ज्ञात रहै कि जन संघर्ष समिति ने भी उक्त रोड व ओवरब्रिज निरस्त कराने हेतु लंबी लड़ाई लड़ी थी । होटल जोयो के सामने तिराहे पर सड़क किनारे समिति के बैनर तले महीनों तक आंदोलन जारी रहा। नगर की विभिन्न संस्थाओं, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने समिति को अपना समर्थन दिया। आखिरकार समिति का संघर्ष रंग लाया और शासन स्तर से उक्त ब्रिज के साथ ही फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य निरस्त हो गया।



## संजीत ब्लॉक कांग्रेस ने रसोईगैस की किल्लत को लेकर किया प्रभावी प्रदर्शन

**संजीत।**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मनोज राजानी,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर के निदेर्शानुसार सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संजीत द्वारा बूढ़ा बस स्टैंड पर नारेबाजी के साथ प्रभावी प्रदर्शन कर गेस सिलेंडर पर माला चढ़ाकर हाथों में तख्तियां लेकर दो मिनीट का मोन रखकर मृत गेस सिलेंडरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संजीत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार ने कहा कि गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ओर बढ़ती कीमतें कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से आमजन,मजदूर होटल रेस्टोरेंट व्यवसाई भारी परेशान झेल रहे है।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर फेल होकर जनता जनार्दन की मुश्किलें बढाने का ही काम कर रही है । संजीत ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शीतल सिंह बोराना जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सज्जन सिंह सोनगरा,मोहनलाल राठौर,वरिष्ठ कांग्रेसनेता उदयसिंह बोराना,अनिल मुलासिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## पशुपतिनाथ मंदिर में सूर्य उपासना और सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन19 को

**मंदसौर।** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के गरिमामय शुभारंभ के अवसर पर 19 मार्च को प्रातः 10 बजे से मंदसौर के विश्व प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में भव्य सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सहयोग से प्रस्तुत की जाने वाली नाट्य कृति च्सम्राट विक्रमादित्यज होगी। इस मंचन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भारतीय गौरवशाली संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और विक्रम संवत के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व से रूबरू कराया जाएगा। नागरिकों में भारतीय काल गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर च्भारत का नववर्ष विक्रम संवत्ज विषय पर आधारित ज्ञानवर्धक पुस्तिकाओं का वितरण भी किया जाएगा। नववर्ष के उल्लास को प्रकट करने के लिए जिले के समस्त प्रमुख देवालयों और ऐतिहासिक स्थलों पर ब्रह्मध्वज स्थापित किए जाएंगे।

## म.प्र. शिक्षक संघ की संभागीय बैठक में वरिष्ठता और पात्रता परीक्षा पर मंथन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ उज्जैन संभाग की बैठक मंदसौर में संपन्न हुई, जिसमें शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन और प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण और पात्रता परीक्षा (टीआईटी) जैसे विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की रणनीति तैयार की गई। वक्ताओं ने जोर दिया कि संगठन शिक्षा हित, छात्र हित और राष्ट्र हित के मूल मंत्र पर चलते हुए शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी सात जिलों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना और जिला सचिव भरतलाल पोपंडिया ने संगठन की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी नववर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के अवसर पर प्रत्येक जिले में छोटे-छोटे समूहों में कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया जाएगा। इस दौरान संभागीय संगठन मंत्री उदल सिंह परमार और मीडिया प्रभारी दिनेश जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु पुलिस बल का फ्लैग मार्च निकला



**नीमच।** जिले के पुलिस थाना नीमच सिटी, बघाना, मनासा, कुकडेंश्वर, जावद, रतनगढ़ एवं सिंगोली में दिनांक 17 मार्च को रंगतेरस का त्यौहार मनाया जावेंगा। इस दौरान थाना क्षेत्रों में रंगतेरस की गैर निकाली जावेंगी। रंगतेरस के दौरान जिलें में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तथा जिलें में शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और लोग पूरे हर्षोल्लास के साथ रंगतेरस का त्यौहार मनाये जाने को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं संबंधित थाना प्रभारियों को पुलिस बल की ब्रिफिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों एवं रंगतेरस गैर के दौरान ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने संबंधी आवश्यक निर्देश जिलें के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिये गये है। रंगतेरस के दौरान जिलें में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तथा शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिलें के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

## बिना अनुमति पानी सप्लाई करने वाले सप्लायरों पर होगी एफआईआर- कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने सुशासन भवन में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में पेयजल व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित समस्त निजी पानी सप्लायर अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की अनिवार्य अनुमति के बिना जल प्रदाय नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा, इसलिए पानी की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन और मानकों की जांच अनिवार्य है। यदि कोई सप्लायर दूषित पानी की आपूर्ति करता पाया गया तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में पानी सप्लायरों के साथ बैठक कर इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने नगरीय निकायों और जनपद सीईओ को पेयजल की पूर्व कार्ययोजना तैयार की जावे।



## राज्य शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक संपन्न, सारंगपुर के शिक्षक हुए शामिल

**सारंगपुर।** राज्य शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक खिलचीपुर में आयोजित की गई। बैठक में सारंगपुर के शिक्षक शामिल हुए। इसमें शिक्षकों से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य विषय शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित मुद्दे तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय रहे। इस दौरान प्रदेश में टीइटी की वर्तमान स्थिति, शासन की नीति तथा इससे संबंधित चल रही प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। बैठक में विशेष रूप से सेवारत शिक्षकों पर टीइटी लागू किए जाने के विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने इस विषय पर अपने सुझाव एवं विचार भी प्रस्तुत किए। इसके साथ ही आगामी समय में संगठन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने एवं शिक्षक हितों के मुद्दों को आगे बढाने के लिए जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में जिले के अनेक शिक्षक साथियों की उपस्थिति रही और सभी ने शिक्षक हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आज की बैठक में प्रान्त उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी, जिला सयोजन मुकेश विजयवर्गीय, गोपाल दांगी प्रदेश प्रतिनिधि, महेश बैरागी, नाहिद खान, सत्यनारायण बैरागी, दीपक सेन, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशचन्द्र दांगी, हरिनारायण सेन, राकेश यादव, ज्योति बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना दासोरे, भावना वर्मा, लीलावती मेम, देवनारायण दांगी, रामकरण सहित समस्त जिला व ब्लॉक के सदस्य उपस्थित रहे।

## 31 को मनाया जाए वीरप्रभु का जन्म कल्याणक

**सारंगपुर।** श्वेतांबर जैन समाज के द्वारा चरम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक आगामी 31 मार्च, मंगलवार को मनाया जाएगा। यह जानकारी अभ्युदयपुरम प्रेरक मालव मार्तंड पू. आ. डॉ. श्री मुक्तिसागरसूरीश्वरजी महाराज ने देते हुए कहा कि जैन समाज का एक वर्ग पता नहीं क्यूं 30 मार्च के पक्ष में है? इसी वजह से कई छोटे- छोटे गांवों और नगरों में संघों के आगेवान भी भ्रमित हो रहे है, मुझे भी पूछवाया जा रहा है कि हम 30 को करें या 31 को। आचार्यश्री का स्पष्ट मत है कि जब देशभर के तमाम पंचांगों में 30 को बारस और 31 को ही तेरस बताई है, तब हमें 30 का सोंचना भी क्यूं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी तारीखें रात 12 बजे से बदलती है, जबकि तिथियां सूर्योदय से मान्य की जाती हैं। 30 की सूर्योदय के समय सभी पंचांगों में बारस है और 31 को सूर्योदय के समय तेरस है, आगे पीछे किसी भी तिथि की कोई घट बढ भी नहीं है, अतः हमें शुद्ध और शास्त्रोक्त रुप से 31 को ही प्रभुजी का जन्म कल्याणक मनाना चाहिए। महाराजश्री ने बताया कि समग्र श्वेताम्बर जैन समाज (मंदिरमार्गी, स्थानकवासी और तेरहपंथी) 31 को ही मनायेंगे।

## पूर्व मंत्री का जनपद सदस्य के नेतृत्व में स्वागत



**सारंगपुर।** मप्र सरकार के पूर्व केबिनेट एवं जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री एवं राद्यौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह शनिवार को सारंगपुर पहुंचे। शाम के समय बायपास स्थित मालवीय फ्यूल स्टेशन पर जनपद पंचायत सदस्य घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं साफा अगवानी की गई। इस दौरान मालवीय ने श्रीसिंह से संगठन को लेकर चर्चा की और क्षेत्र के किसानों, आमजन, गरीबो एवं युवाओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए क्षेत्र में हो रही बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। इस पर श्रीसिंह ने कहा कि हमारे द्वारा विस में सारंगपुर एवं जिले में आ रही रोजगार की समस्या का मुद्दा उठाते हुए उद्योग लगाने की सरकार से मांग की जाएगी। ताकि क्षेत्र के लोगो को बेरोजगारी से निजात दिला सके। इस मौके पर अजब सिंह दरबार, महेंद्र जोशी, जयंत सिकरवार, राजकुमार कराड़ा, सुनील पाल, सुनील वर्मा, पूर्व सरपंच अशोक चौधरी, निर्मल सिसोदिया, किशोर मालवीय, सचिन गुर्जर, कैलाश सुरावत, राधेश्याम पाटीदार आदि शामिल थे।

## नगर के वयोवृद्ध पत्रकार अमृतलाल जैन का सारस्वत अभिनंदन



**बड़नगर।** नगर के वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध पत्रकार अमृतलाल जैन 86 वर्ष का एक समारोह में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सारस्वत अभिनंदन किया और जैन के चार दशक से ज्यादा अवधि में पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य और क्षेत्र के विकास में सकारात्मक भूमिका की सराहना की। उल्लेखनीय है कि अमृतलाल जैन ने नगर में 40 वर्ष पहले एक साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रकाशन को प्रारंभ किया जो लगातार चार दशकों से अपने अलग अंदाज एवं विचारों से तथा समस्या को उजागर कर क्षेत्र के विकास के योगदान का सहभागी बना हुआ है ।यही नहीं शजैन 1987 में जब प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे तब आपके अध्यक्षीय कार्यकाल में नगर की पहली वैधानिक पत्रकार कॉलोनी का शुभारंभ तत्कालीन गृहमंत्री कैप्टन जयपाल सिंह एवं पूर्व शिक्षा मंत्री कन्हैयालाल मेहता की उपस्थिति में किया गया था। जैन के 40 बरस से ज्यादा समाचार पत्र की दुनिया से जुड़ने पर समारोह में उपस्थित स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने अमृतलाल जैन द्वारा अपने पत्रकारिता जगत में अमृत बरसाने का जिक्र कर उनके बेबाक लेखन की सराहना की । समारोह का संचालन सलोनी ने किया तथा आभार अजय जैन ने माना।

किसानों के मुद्दे पर गरजी कांग्रेस, किसान चौपाल में पहुंचे पूर्व मंत्री जयवर्धनसिंह

# किसान की फसलें नष्ट हुई लेकिन प्रभावित किसानों को बीमा एवं मुआवजा राशि नहीं मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उन्हेल द्वारा ग्राम करनावद में 5 मार्च को उन्हेल में हुई जन जागरण यात्रा ट्रैक्टर रैली की सफलता के बाद धन्यवाद सभा में आयोजित किसान चौपाल में कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक महेश परमार सहित कई वरिष्ठ नेता किसान नेता बालेश्वर आंजना के निवास पर आयोजित किसान चौपाल कार्यक्रम में रात करीब 10 बजे पहुंचे।

देर रात्रि होने के बावजूद सैकड़ों किसानों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री जयवर्धनसिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया , अतिथियों का स्वागत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल द्वारा साफा बांधकर किया गया, किसान नेता बालेश्वर आंजना ने अतिथियों को गिरिराज धाम का चित्र भेंट किया, सभा को संबोधित करते हुए जयवर्धनसिंह ने किसानों का आभार व्यक्त किया एवं कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की हाल ही में हुए ओलावृष्टि के कारण कई किसान की फसले नष्ट हुई लेकिन प्रभावित किसानों को अब तक बीमा एवं मुआवजा राशि नहीं मिली उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से ट्रेड डील में कई समझौते किए जिसमें सीधा भारत के किसानों के उत्पादों के भाव पर असर पड़ेगा, सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ बड़े बड़े उद्योगपतियों की सरकार है एवं उन्हीं चंद लोगों के फायदे एवं नुकसान के लिए कम के रही है जयवर्धन सिंह ने उन्हेल में गत दिवस निकाली गई ट्रैक्टर रैली की भी तारीफ की एवं कहा की इस यात्रा की गूंज भोपाल तक पहुंच गई है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने कहा कि सिंहस्त के लिए लैंड पुलिंग के नाम पर किसानों की सैकड़ों हैक्टर भूमि सरकार अधिग्रहण करना चाह रही थी जिस मुद्दे को कांग्रेस द्वारा किसानों को साथ लेकर मजबूती से सड़क से विधानसभा तक उठाया जिसका परिणाम स्वरूप आज सरकार को इस मुद्दे पर पीछे हटना पड़ा परमार ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ उनके हक एवं अधिकार की लड़ाई सरकार के खिलाफ लड़ती रही है। सभा को केसरसिंह पटेल, वीरसिंह राणा, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल, मदनसिंह जादौन,भरत मालवीय, अक्षय जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण लोकेंद्रसिंह पंवार,पदमसिंह पटेल, जीवन पाटीदार, चंद्रभानसिंह चंदेल,जनपद सदस्य अर्जुन पटेल आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंत में बालेश्वर आंजना ने जयवर्धन सिंह एवं महेश परमार को किसानों की विभिन्न समस्याओ को विधानसभा में उठाने को लेकर लिखिए पत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश पाटीदार ने किया एवं आभार पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष इंदरसिंह पीपावद ने व्यक्त किया।

## देर रात तक लोगों ने मेले का उठाया लुत्फ, ग्रामीणों के आगे छोटा पड़ा मेला परिसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां



खरसौदकलां शीतला सप्तमी पर पांच दिवसीय मेले में शनिवार को भारी भीड़ रही। यहां तक की लुत्फ उठाने पहुंचे ग्रामीणजन के सामने देर रात तक मेला कैंपस छोटा पड़ गया।

खरसोदकला शीतला सप्तमी पर आयोजित मेले में आसपास से पहुंचे महिला पुरुषों की भीड़ देर रात तक जमी रही। ग्रामीणों के सामने मेला केंपस बोना साबित हुआ। यहां तक की लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।यही हालत शुक्रवार को भी देर रात तक बना रहा। लोगों ने देर रात तक झूला चकरी, ब्रेक डांस के अलावा छूक छूक करती रेल एवं पानी की नाव के साथ मनोरंजन साधन का लुफ्त उठाया। मेला केम्पस में जादूगर प्यारेलाल नामक गधे के आनंद लिए । मोबाइल सेल्फी मशीन पांइट पर युवाओं की वीडियो रील बनवाने में भारी भीड़ दिखाई दी। मेले में ग्रामिणजन ने खानपान व्यंजन के अलावा मटका कुल्फी,जलेबी शीतल पेय के अलावा आधुनिक खिलौने की जमकर खरीददारी की।

ग्राम पंचायत के तत्वाधान में आयोजित मेला प्रबंधक ने बताया कि इस मर्तबा जरूरत से अधिक दुकानदार पहुंचे। परंतु कैंपस में दुकान लगाने के स्थान चिन्हित होने के बाद कई दुकानदार जगह अभाव में दुकान आवंटित नहीं कर सके। बदले में कई व्यापारीगण मेला परिसर से बाहर दुकान लगाने को विवश हुए। इस मर्तबा आसपास के ग्रामीणजन को अपने दो एवं चार पहिया वाहन संसाधन को रखने के लिए बस स्टैंड परिसर के आसपास खाली जगह नहीं मिली।

### मेले में संग्धित महिलाओं ने भीड़ का उठाया फायदा

मेले में महू के चूड़ी स्टाल व्यवसाय मोहम्मद इसूब ने बताया कि इस बार मेले में जबरदस्त ग्रामीणों ने खरीदारी की। परंतु भीड़ में संग्धित महिलाओं के गिरोह ने सामान चुराने का फायदा उठा कर रफूचक्कर हुई।

## गैस वितरण की सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी रोकने हेतु कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं विशेष रूप से एलपीजी गैस की आपूर्ति से संबंधित भ्रामक जानकारी के प्रसार को रोकने तथा उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार राजगढ़ जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने गैस गोदाम, एजेंसी परिसर के बाहर प्रतिदिन उपलब्ध स्टॉक एवं दरों की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेंगे। इसके साथ ही गैस वितरण से संबंधित वाहनों पर भी स्टिकर एवं बैनर लगाकर सही जानकारी का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक गैस वितरक अपने उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण हेतु टोल-फ्री नंबर जारी कर उसे प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करेंगे तथा प्राप्त शिकायतों की विधिवत पंजी संधारित करेंगे। साथ ही निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर गैस रिफिलिंग नहीं की जाएगी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि सभी गैस एजेंसियां प्रत्येक सप्ताह वितरण से संबंधित जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उपलब्ध कराएंगी।

## टोडरमल जयंती मनाएँगे

**महिदपुर रोड।** ग्राम खारुआ कलां में जांगड़ा पंच पोरवाल द्वारा 17 मार्च मंगलवार को टोडरमल जयंती पर चल समारोह महा आरती तथा स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष विनोद पोरवाल ने बताया 17 मार्च मंगलवार की सुबह चल समारोह का आयोजन रखा गया है जिसमें समाज के युवा, महिलाएं बच्चे, तथा वरिष्ठ समाज जन शामिल होंगे चल समारोह की समाप्ति पर समाज के धर्मशाला में राजा टोडरमल जी की महाआरती आयोजित होगी।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन में दी लोक गीत की प्रस्तुति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



कृषि उपज मंडी शुजालपुर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन में ग्राम झोंकर के प्रख्यात लोक कलाकार बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धौलपुरे, धौलपुरे पार्टी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मालवी लोक संगीत एवं कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर के कलाकारों ने विवाह समारोह पर आधारित पारंपरिक लोकगीत, कबीर भजन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। साथ ही भक्ति संगीत में राम-कृष्ण से जुड़े लोकगीत और भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा अन्य मंचासीन अतिथियों ने बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धौलपुरे को भगवान श्रीराम का चित्र एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धौलपुरे पार्टी के अन्य कलाकारों में आदित्य धौलपुरे, अशोक सिलोदिया, गुरुचरण, भेरूलाल परमार और बाबूलाल राजोरिया सहित अन्य सदस्य भी शामिल रहे, जिन्हें भी मंच से सम्मानित किया गया।

चार माह लगातार रहते हैं प्रवास पर:

## राजस्थान के अनूठे चरवाहे... खेतों में फसलों के अवशेष चराने ऊंट-भेड़ लेकर सैकड़ों किमी का करते हैं सफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



मवेशियों को चराने, सैकड़ो किमी तक का सफर यह बात अविश्वसनीय लग सकती है, लेकिन राजस्थान के अनूठे चरवाहे कई पीढ़ियों से यही काम कर रहे हैं। हर साल जब सर्दियां ढलान पर आना शुरू करती हैं तो वे राजस्थान से मप्र की ओर प्रवास शुरू कर देते हैं। इसके बाद अगले करीब चार माह तक उनकी जिंदगी इसी तरह सफर में गुजरती है। वर्षा शुरू होने से पहले वे वापस अपने इलाकों में लौट जाते हैं। मवेशियों के मालिक उन्हें 10 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से भुगतान करते हैं। साथ ही रास्ते में भोजन के लिए उन्हें अनाज भी दिया जाता है।

### राजगढ और आगे तक जारी रहेगा सफर

सारंगपुर से ऊंट-भेड़ों को ले जा रहे चरवाहों के एक ऐसे ही समूह से चर्चा की। इसके मुखिया चरण सिंह ने बताया कि वे राजस्थान से चले हैं और राजगढ़ में दाखिल होने के बाद वह सारंगपुर पहुंचे है और आगे भोपाल तक जाएंगे। वहां से फिर वापसी का सफर इसी रूट से होगा। आषाढ के माह तक वे मप्र में रहेंगे और फिर वापस राजस्थान चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी कई पीढियां यही काम कर रही हैं।

### मवेशी मर जाए तो पोस्टमार्टम कराना पड़ता है

इस सफर के दौरान अगर कोई मवेशी मर जाए तो उसका पोस्टमार्टम कराकर पूरी जानकारी उसके मालिक को भेजना पड़ती है। अगर ऐसा न करें तो मृत मवेशी का पैसा उन्हें चुकाना पड़ेगा।

### खेतों को मिलती है प्राकृतिक खाद

उन्होंने बताया कि राजस्थान में वर्षा से सर्दियों की शुरूआत तक तो चारा उपलब्ध रहता है। फिर संकट का दौर शुरू होता है। इसलिए इन मवेशियों को हमें चराने के लिए सौंप दिया जाता है। इस सफर के दौरान यह मवेशी कटाई के बाद खाली हुए खेतों में फसलों के अवशेषों को खाते हैं। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में ऊंट-भेड़ जो मल त्याग करते हैं, उससे खेतों को प्राकृतिक खाद मिल जाती है। किसानों के साथ इन चरवाहों का यही लेन-देन होता है।

### ऊन के लिए पालते हैं मवेशी

इन मवेशियों का क्या होता है? इसके जवाब में चरण सिंह बताते हैं कि इनके मालिक मूलतः इन्हें मांस के लिए पालते हैं। हमारे यहां की भेड़ों से निकलने वाला ऊन बहुत अच्छा नहीं होता। फिर भी भेड से इसे प्राप्त किया जाता है। ऊंटों का इस्तेमाल पहले परिवहन के लिए होता था लेकिन अब यह हम अपने सामान को ढोने और उनके बच्चों को इस पर बैठाकर पलायन करने के लिए उपयोग में ले रहे है।



## नि:शुल्क ह्रदय जांच निवारण शिविर समपन्न

**महिदपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्णिमा श्री सेवा संगठन उज्जैन के द्वारा पूरे उज्जैन जिले में लगातार अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क ह्रदय जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 मार्च को स्थानीय शासकीय अस्पताल में भी इन्दौर मैदान्ता हास्पिटल की टीम एवं वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. यतेन्द्र पोरवाल के मार्ग दर्शन में एक विशाल शिविर आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ो मेरीजो ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। इस शिविर में ई.सी.जी. ईको, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड़ शुगर जैसे आवश्यक जांचे निःशुल्क कराई गई। शिविर के शुभारंभ में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, संदीप व्यास, मण्डल अध्यक्ष उमा पाण्डेय, किशोर शर्मा पलवा, गुरूचरणसिंह, सुधीर मूणत, कमल राठी, दिनेश ग्रोवर, महेश जोशी, निर्भेयसिंह भाटी, अनिल उपाध्याय, विक्की यादव, कैलाश राठी, गोपाल पाण्डेय, सोनु योगी, नन्दकिशोर उपाध्याय, योगेश पोरवाल, सतीष यादव, हरिसिंह चुण्ड़ावत एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। शिविर में डॉ. रामपुरे एवं डॉ. धाकड़ का भी विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी डॉ. हेमन्त रावल ने दी एवं आभार कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक डॉ. विपुल धाड़ीवाल ने माना।

## मांगलिक भवन परिसर से अति-क्रमण हटाने हेतु दिया आशवासन



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा नारायणा रोड़ स्थित डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन परिसर पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने को लेकर बार बार दीए ज्ञापन के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव नगर पालिका विभाग के कर्मचारियों के साथ दिनांक 13 मार्च को मांगलिक भवन पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात समिति व उपस्थित बहुजन समस्त संगठनों की बात सुनी । समिति संरक्षक जे के मालवीय ने समिति द्वारा किए व्यक्तिगत आर्थिक कार्यों से अवगत कराया साथ ही समिति अध्यक्ष दिनेश चौहान ने शेष कार्यों के लिए सीएमओ का ध्यान आकर्षित करवाया। पूर्व बी आर सी रमेशचंद्र देवड़ा ने विधायक दिनेश जैन बॉस द्वारा 10 लाख मांगलिक भवन परिसर के लिए नगर पालिका को दिए जाने की बात कही जिसका उपयोग परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा। तत्पश्चात समिति उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी द्वारा सीएमओ को भवन और परिसर का दौरा करवाया और बढ़ते अतिक्रमण से मांगलिक भवन परिसर को मुक्त करवाने हेतु निवेदन किया । सीएमओ द्वारा अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी करने की बात कही। राजा यादव के प्रथम आगमन पर बाप समिति और उपस्थित सभी संगठनों ने पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति और अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए जिनमें मुख्य रूप से विजय सूर्यवंशी,सलोनी परमार, राजेश मालवीय, राहुल वाघेला आदि उपस्थित रहे।

## भगवती माता मंदिर पर शतचंडी महायज्ञ व मेला 19 मार्च से



**बड़नगर।** चैत्र नवरात्रि में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महामाया भगवती माता मंदिर पर पंच कुंडात्मक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 19 मार्च गुरुवार से भगवती माता भक्त मंडल द्वारा किया जा रहा है।। पुजारी जितेंद्र भारती ने बताया कि गुरुवार से ही नो दिवसीय मेला भी लगेगा । मेले में खिलौने, खाने की दुकानें एवं बच्चों के झूले भी लगेंगे । इसके अलावा 23 मार्च को दंगल का आयोजन एवं 24 मार्च से 26 मार्च तक राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी हो रहा है। भगवती माता भक्त मंडल ने भक्तों से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर चैत्र नवरात्रि में भगवती माता एवं शतचंडी महायज्ञ के दर्शन कर मेले में होने वाले सभी कार्यक्रमों का लाभ लेवे। जानकारी भगवती भक्त मंडल के सदस्य देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम भूगोर निवासी 19 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 15 मार्च 2026 को वह अपनी मौसी के घर गई हुई थी। उसी दौरान घर पर मौजूद आरोपी तपेश गोस्वामी ने उसे अकेला पाकर उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें करने की कोशिश की। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना के समय पीड़िता का छोटा भाई भी घर में था, जिसने शोर सुनकर बाहर आकर उसे बचाया। बाद में पीड़िता ने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। परिजन के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।



आज के समय में अनहेल्दी खानपान और फिजिकल एक्टिविटीज न करने जैसी बुरी आदतों के कारण ज्यादातर लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान रहते हैं। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने पर लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, सीने में दर्द होने, बेचैनी होने, आंखों के पास पीले धब्बे दिखने और इसके कारण हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में अक्सर लोगों को बैलेंस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, लेकिन क्या हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज जौ का दलिया खा सकते हैं?

## क्या हाई कोलेस्ट्रॉल में जौ का दलिया खा सकते हैं?

कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए जौ का दलिया फायदेमंद होता है। ऐसे में हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन आगे कहती हैं कि, कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए सॉल्युबल फाइबर से भरपूर नाश्ता करना फायदेमंद होता है। ऐसे में जौ के दलियए में भरपूर मात्रा में सॉल्युबल दलिया होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड फ्लो में बैड कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। जौ में मौजूद घुलनशील फाइबर (बीटा-ग्लूकन) का सेवन करने से खून में कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (बैड कोलेस्ट्रॉल) और ट्राइग्लिसराइड्स में काफी गिरावट आई, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। एचडीएल पर इसका प्रभाव सीमित रहा है। जौ में भरपूर मात्रा में बीटा-ग्लूकन फाइबर होता है, जो नसों से कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में सहायक है। इससे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

जौ में भरपूर फाइबर होता है। ऐसे में जौ का दलिया खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, शरीर में ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने, हार्ट के कार्यों को बेहतर करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

### वजन कम करने में सहायक

सुबह के समय जौ का दलिया खाने से वजन को कम करने में भी मदद मिलती है, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जौ के दलिया में मौजूद फाइबर, पेट को लंबे समय तक पेट को भरा रखने और ओवरईटिंग से बचाव करने में मदद मिलती है।



## खाली पेट कच्ची हल्दी के साथ पिएं आंवला जूस



आजकल लोग सेहतमंद रहने के लिए नेचुरल और आयुर्वेदिक चीजों की ओर रुख कर रहे हैं। खासकर ऐसे फूड्स और ड्रिंक्स जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाएं और कई बीमारियों से बचाने में मदद करें। इन्हीं में से एक बेहद असरदार कॉम्बिनेशन है कच्ची हल्दी और आंवला का जूस। आयुर्वेद के साथ-साथ मॉडर्न साइंस में भी इन दोनों को ही औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है और जब इन्हें एक साथ लिया जाता है तो इनके फायदे और भी बढ़ जाते हैं। कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शरीर में सूजन को कम करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने और कई तरह के इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है। वहीं आंवला विटामिन उ का बेहतरीन सोर्स है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ-साथ स्किन, बाल और डाइजेशन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

कच्ची हल्दी और आंवला का जूस इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में काफी मदद करता है। आंवला में मौजूद विटामिन उ शरीर को इंफेक्शन और वायरस से लड़ने की क्षमता देता है, वहीं हल्दी में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाने में सहायक होते हैं। डाइटिशियन अर्चना जैन बताती हैं कि मौसम बदलने के दौरान सर्दी, खांसी और वायरल इंफेक्शन का खतरा ब ा ढ़ जाता है। ऐसे में कच्ची हल्दी और आंवला का जूस पीना शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। आंवला जूस का सेवन हार्ट हेल्थ के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह रक्त के प्रवाह में सुधार करता है, हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इसके शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुण ऑक्सीडेटिव तनाव और डीएनए क्षति को कम करते हैं, जिससे यह संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी प्राकृतिक पूरक सिद्ध होता है।

## आप जानते हैं बाल धोने का सही तरीका?



मौजूदा समय में खराब खानपान और जीवनशैली की बुरी आदतों का हमारे बालों पर बहुत गहरा असर पड़ता है। ऐसे में अगर बालों की सही केयर भी न की जाए, तो बाल रूखे, बेजान और शुष्क हो जाते हैं। जाहिर है, इससे हेयर फॉल बढ़ सकता है। ऐसा नहीं है कि लोग अपने बालों की अच्छी केयर करना नहीं जानते हैं। ज्यादातर लोग अपने बालों को समय-समय पर वॉश करते हैं और हेयर ऑयलिंग भी करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बालों की सही केयर करने के लिए उन्हें प्रॉपर तरीके से धोना भी पड़ता है? बालों को धोने और साफ करने के लिए उसकी जड़ों की सफाई जरूरी है और डेड स्किन को रिमूव करना भी आवश्यक है

### सबसे पहले बालों को सुलझा लें

आपने सही पढ़ा। हेयर वॉश करने से पहले जरूरी है कि आप मोटे दांतों वाली कंघी की मदद से अपने बालों को अच्छी तरह सुलझा लें। क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने से क्या होता है? दरअसल, सुलझे बालों को धोने से उनके टूटने का जोखिम कम हो जाता है। सर्दियों के दिनों में ज्यादातर लोग गर्म या गुनगुने पानी से हेयर वॉश करते हैं। वैसे तो सिर के लिए भी गर्म पानी अच्छा नहीं होता है। इससे बालों के डैंड्रफ होने का रिस्क बढ़ जाता है। वैसे अब मौसम बदल रहा है। इन दिनों कोशिश करें कि सादे पानी से ही बालों को धोएं। जरूरी हो, तो हल्का गुनगुना कर लें। इस तरह के पानी से सिर धोने से बालों का चिपचिपापन पूरी तरह खत्म हो जाता है।

# Sport

## अल्काराज का विजयरथ थामा

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज के इस साल जारी विजय अभियान पर ब्रेक लगा दी है। रूस के दिग्गज मेदवेदेव ने स्पेन के खिलाड़ी को साल की पहली हार का स्वाद चखाकर तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अपने पहले खिताब के लिए उनका सामना दूसरे वरीय यानिक सिनेर से होगा।

लगातार सेट में जीते : शनिवार रात खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में 11वीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटे 37 मिनट तक चला। इस हार के साथ मेदवेदेव ने 2023 और 2024 में यहां फाइनल में मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। मेदवेदेव ने इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबले हारे थे।

### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-1 से वनडे सीरीज हराई:


## तीसरा वनडे 11 रन से जीता; तंजिद का शतक, सलमान आगा की सेंचुरी बेकार गई

एजेंसी ▸▸ पटना

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को तीसरे वनडे में 11 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। ढाका के शेरे बंगला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में तंजिद हसन तमिम ने शानदार शतक लगाते हुए टीम को 50 ओवर में 5 विकेट पर 290 रन तक पहुंचाया।

जवाब में पाकिस्तान की टीम 50 ओवर में 279 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए सलमान आगा ने 106 रन की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन उनका शतक टीम को हार से नहीं बचा सका।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत संभली हुई रही। सैफ हसन (36) और तंजिद हसन तमिम ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। सैफ के आउट होने के बाद भी तमिम ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 107 गेंद में 107 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 7 छक्के लगाए।



मिडिल ऑर्डर में नजमुल हुसैन शांतो (27) और लिटन दास (41) ने टीम को स्थिरता दी। आखिरी ओवरों में तौहीद हृदय ने 44 गेंद में नाबाद 48 रन बनाकर टीम को 290 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने 3 विकेट लिए, जबकि शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को एक-एक विकेट मिला।

### तस्किन को 4 विकेट

बांग्लादेश की जीत में तस्किन अहमद ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 10 ओवर में 49 रन देकर 4 विकेट लिए और पाकिस्तान की बल्लेबाजी को शुरूआती झटके दिए। मुस्तफिजुर रहमान ने 3 विकेट, नाहिद राणा ने 2 विकेट और रिशाद हुसैन ने 1 विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी को समेट दिया।

### पाकिस्तान की खराब शुरूआत

291 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 17 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (6), माज सादाकत (6) और मोहम्मद रिजवान (4) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद गाजी घोरी (29) और अब्दुल समद (34) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं बना सके। मिडिल ऑर्डर में सलमान आगा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 98 गेंद में 106 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के लगाए। उनके साथ साद मसूद ने 38 रन की पारी खेली और दोनों के बीच 79 रन की अहम साझेदारी हुई।

## सरफराज का क्रिकेट के सभी प्रारूप से संन्यास

**कराची।** पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। सरफराज ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

## दक्षिण अफ्रीकी जीत में चमके नकोबानी, कोनोर

एजेंसी ▸▸ माउंट माउंगनुई

नकोबानी मोकोएना और कोनोर एस्टरहुइजेन ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैच में चमक बिखेरी। नकोबानी ने तीन विकेट चटकाए तो कोनोर ने 45 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों युवाओं के दमदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को न्यूजीलैंड को पहले टी-20 में 20 गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त दे दी।

दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेट दिया। यह उसका दसवां सबसे न्यूनतम स्कोर है। उसके बाद लक्ष्य 16.4 ओवर में तीन विकेट पर हासिल कर लिया। कोनोर के अलावा डियान फोरेस्टर ने नाबाद 16 रन बनाए। गेराल्ड कोएत्जी ने पहले ही ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउट कर न्यूजीलैंड को जो झटका दिया उससे मेहमान टीम अंत तक नहीं उबर पाई। उन्होंने दूसरे ओवर में दूसरे ओपनर लैथम को भी चलता कर दिया।

ओटनील बार्टमैन ने टिम रॉबिंसन और निक केली को दो गेंदों में लौटाया। इससे न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 21 से छह विकेट पर 54 रन हो गया। जेम्स नीशाम (26) ने कोल (15) के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े। कप्तान मिचेल सेंटनर (15) और बेवोन जैकब्स (10) ही दहाई के आंकड़े तक पहुंचे।

## केर ने न्यूजीलैंड की महिला टीम को जीत दिलाई

कप्तान अमेलिया केर (78), जॉर्जिया प्लिमर (63) की अर्धशतकीय पारी के बाद सोफी डिवाइन (चार विकेट) और जेस केर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 80 रन से हरा दिया। इससे न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करके 20 ओवरों में सात विकेट पर 190 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मेहमान टीम 20 ओवरों में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### भोजशाला देखने जाएंगे हाईकोर्ट जज, 2 को सुनवाई, सर्वे रिपोर्ट पर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की धार जिले में स्थित भोजशाला मामले में हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी। वहीं हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने कहा कि इस केस में 2 अप्रैल की सुनवाई से पहले हाईकोर्ट के जस्टिस भोजशाला का निरीक्षण करेंगे। पहले याचिकाकर्ताओं को सुना जाएगा। इसके बाद पक्षकारों की सुनवाई होगी। हालांकि सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने सर्वे रिपोर्ट पर आपत्ति ली है। हाईकोर्ट ने कहा कि सुनवाई के दौरान यह बात भी उठी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इस केस की जल्द से जल्द सुनवाई होना है, लेकिन इंटरविनर बनने से सुनवाई में देरी हो सकती है। इसलिए इन्हें सबसे आखिरी में यानी पक्षकारों के बाद सुना जाएगा।

### मंडल अध्यक्ष लिखी कार पर स्टंट करते बीजेपी युवा नेता का वीडियो वायरल



**इंदौर।** इंदौर में एक बार फिर कार पर स्टंट का वीडियो सामने आया है। इस बार बीजेपी से जुड़े एक युवा नेता की इंस्टाग्राम स्टोरी से वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में मंडल अध्यक्ष लिखी कार में युवक स्टंट करते और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रोहित घाटे नाम के युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो स्टोरी के रूप में शेयर किया था। वीडियो में कार के अंदर और बाहर कई युवक नजर आ रहे हैं। कुछ युवक कार की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में बायपास इलाके में कारों के साथ रैली जैसा माहौल भी दिख रहा है। इस दौरान सड़क पर चलती कार में स्टंट किए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहा। कुछ दिन पहले खुद को सांसद प्रतिनिधि बताने वाले पंकज फतेहचंदानी के जन्मदिन पर छात्र नेता आयुष भागव कार रैली लेकर निकले थे। उस दौरान उनका कार की छत पर खड़े होकर जाने का वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आयुष भागव का जुलूस निकाला था। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर माफी भी मांगी थी।अब इस नए वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रोसेस शुरू, एक अप्रैल तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**इंदौर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रोसेस शुरू हो गई है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी पूरी जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस और स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर एप्लीकेशन आमंत्रित की गई हैं। बताया गया कि अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को बताया गया है कि वे निर्धारित तारीख के अंदर ऑनलाइन आवेदन कर दें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती ऑफिस महू के फोन नंबर 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं।

### व्यापारी के घर से बिना ताला तोड़े चोर ले गए लाखों के जेवर-नकदी

**इंदौर।** शहर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में चोरों ने एक हैरान करने वाली वारदात को अंजाम दिया। बदमाश बिना ताला तोड़े ही घर से लाखों रुपए के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक उषा नगर निवासी शीलकुमार पोरवाल ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार रात उनके घर में चोरी हो गई। बदमाश घर में घुसकर 3 हार सेट, 6 सोने की अंगूठियां, 5 जोड़ी कान के टॉप्स, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, 4 चांदी की पायल और करीब 60 हजार रुपए नकद चुराकर ले गए। बताया जा रहा है कि शीलकुमार पोरवाल कपड़ों का व्यापार करते हैं। परिवार में कार्यक्रम होने के कारण शाम करीब 7 बजे सभी लोग घर से बाहर चले गए थे। रात करीब 1 बजे जब वे लौटे और कमरे में पहुंचे तो अलमारी के लॉक खुले हुए मिले और अंदर रखा सारा सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार घर का ताला टूटा नहीं है, इसलिए पूरे मामले को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। व्यापारी के घर में दो भाई, उनकी पत्नियां और बच्चे साथ रहते हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### चैकिंग के दौरान 6 देशी पिस्टल और 4 कारतूस के साथ बदमाश पकड़ाया

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 6 देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी टेलीग्राम और वॉट्सएप के जरिए हथियारों के ऑर्डर लेता था। डीसीपी आनंद कलादगी के अनुसार रविवार देर रात करीब 1.30 बजे सूर्यदेव नगर चेकिंग पॉइंट पर पुलिस टीम वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक वहां से गुजरता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने रास्ता बदलने की कोशिश की, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस टीम ने युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 6 लोहे की देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजवीर सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी ग्राम ओझर, जिला बड़वानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम और वॉट्सएप के जरिए हथियार बेचने का काम करता था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि उसने अब तक किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किए हैं।

### ठगों ने आरटीओ चालान के नाम पर क्रेन व्यवसायी के खाते से 4.22 लाख उड़ाए

**इंदौर।** इंदौर में साइबर ठगों के दो अलग-अलग मामलों में लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। पहले मामले में ठगों ने आरटीओ चालान के नाम पर अढक फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया, जबकि दूसरे मामले में रिवॉर्ड प्वाइंट दिलाने के बहाने ओटीपी लेकर क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांसफर कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीपुरी कॉलोनी निवासी क्रेन व्यवसायी ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के व्हाट्सएप नंबर पर 4 दिसंबर 2025 को मोबाइल से आरटीओ चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी गई। फरियादी ने फाइल को क्लिक कर डाउनलोड कर लिया, जिसके बाद आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। अगले दिन रात में जब उनके एचडीएफसी बैंक खाते से ट्रांजैक्शन का अलर्ट मोबाइल पर आया तो पता चला कि अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 4 लाख 22 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। रकम कटने का मैसेज मिलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद ओमकार ने बैंक को सूचना दी और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर सेल ने केस डायरी मल्हारगंज थाने को सौंप दी है। पुलिस व्हाट्सएप नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रकम विदेशी खातों में ट्रांसफर की गई है।

## 2 गर्लफ्रेंड छोड़कर नाइजीरियन अपने देश लौटा: आतंकियों से बचाने के लिए पिता ने भारत भेजा

# वीजा खत्म होने के 3 साल बाद पुलिस ने की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर क्षेत्र से पकड़ा गया नाइजीरियन युवक डॉन पेड्रो चार्लिस अब अपने देश नाइजीरिया पहुंच चुका है। हीरानगर पुलिस ने उसे 17 फरवरी 2026 को पकड़ा था। वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रहने के कारण उसे करीब 10 दिन की प्रक्रिया के बाद डिपोर्ट किया गया।

पुलिस ने विदेशी नागरिकों की जानकारी रखने वाली यूनिट को सूचना दी थी। इसके बाद टिकट की व्यवस्था कर उसे 1 मार्च को नाइजीरिया भेज दिया गया।

हीरानगर पुलिस ने डॉन पेड्रो चार्लिस को सनसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह मूल रूप से नाइजीरिया का निवासी है और कई साल पहले इंदौर आकर रह रहा था। 2023 में उसका वीजा समाप्त हो गया था, लेकिन उसने इसकी जानकारी किसी विभाग को नहीं दी थी। इंदौर में उसकी 2 गर्लफ्रेंड थी, जिन्हें छोड़कर वह गया है।





**बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था युवक-** जांच में सामने आया कि डॉन पेड्रो इंदौर की एक बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था। लसूडिया पुलिस को पहले उसकी जानकारी नहीं मिली थी। पुलिस ने उसे तब पकड़ा जब वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने आया था।

पूछताछ में डॉन पेड्रो ने बताया कि बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने वीजा बढ़ाने के नाम पर उससे पैसे लिए थे। उसने ऑनलाइन एक पीडीएफ भेजी थी, लेकिन जांच में वह दस्तावेज फर्जी निकला और वीजा की अवधि नहीं बढ़ी।

### थाने में अलग सेल बनाकर रखा

पुलिस ने उसे थाने में ही एक अलग सेल बनाकर रखा था। इसके बाद विदेशी नागरिकों से संबंधित यूनिट को सूचना दी गई। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उसे नाइजीरिया भेज दिया गया।

- **नाइजीरिया में पिता पुलिस कमिश्नर-** डीसीपी राजेश व्यास के निर्देश पर टीआई सुशील पटेल ने डॉन पेड्रो की पारिवारिक जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि उसके पिता डॉन चार्ल्स नाइजीरिया के कोर्ट होसकोरच शहर में पुलिस कमिश्नर हैं।
- **आतंकियों से खतरे के कारण भेजा था भारत-** पुलिस बातचीत में डॉन चार्ल्स ने बताया कि बोको हराम आतंकी संगठन के खतरे के कारण उन्होंने अपने बच्चों को अलग-अलग देशों में भेजा है। डॉन पेड्रो भारत आया था, जबकि उसके अन्य भाई पुर्तगाल, यूके और अन्य देशों में रहते हैं।

## गुजरात और महाराष्ट्र से आ रहा बिना टैक्स का माल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में संगठित तरीके से चल रहे एक बड़े 'जीएसटी चोरी नेटवर्क' का खुलासा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की केंद्रीय स्तर पर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में चौंकाने वाले दावे किए हैं। उन्होंने बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारतीय राज्यों से लोहा (आयरन), निर्माण सामग्री और मसालों की खेप बिना वैध टैक्स चुकाए मध्यप्रदेश के बाजारों में खपाई जा रही है।

- **फर्जी ई-वे बिल:** ट्रकों में माल तो भरा है, लेकिन कागजों पर या तो फर्जी बिल हैं या फिर हेरफेर किए गए ई-वे बिलों का सहारा लिया जा रहा है।
- **अंडर-इनवॉइसिंग:** टैक्स बचाने के लिए माल की असली कीमत और मात्रा को कागजों पर काफी कम दिखाया जा रहा है।
- **बिचौलियों का नेटवर्क:** बॉर्डर से लेकर जिलों तक बिचौलियों और ट्रांसपोर्टरों का एक तगड़ा सिंडिकेट सक्रिय है, जो बिना टैक्स चुकाए माल सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाता है।
- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि - इस संगठित लूट से केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार को हर साल हजारों करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके मेरे पास पुख्ता प्रमाण हैं।

## घर के आंगन में खेल रहे डेढ़ साल के मासूम को कुत्ते ने काटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर में पालतू कुत्तों के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चे घायल हो गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने कुत्ते के मालिकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के विशाल नगर की है। यहां पालतू कुत्ते के हमले में डेढ़ साल का मासूम घायल हो गया। बच्चे के कान और गाल पर कुत्ते ने काट लिया, जिससे खून निकलने लगा।

पुलिस के मुताबिक विशाल नगर निवासी भारती कश्यप ने शिकायत दर्ज कराई है कि 15 मार्च को सुबह करीब 11:35 बजे उनका डेढ़ साल का बेटा आरव घर के आंगन में खेल रहा था। उसी दौरान सामने रहने वाले मनोज परिहार ने अपने पालतू कुत्ते को खुला छोड़ रखा था।

कुत्ता अचानक घर के सामने पहुंचा और बच्चे आरव के कान और गाल पर काट लिया, साथ ही सीने पर पंजा भी मार दिया। बच्चे के कान और गाल से खून निकलने लगा और वह जोर-जोर से रोने लगा। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे को संभाला। घटना के बाद परिजनों ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

दूसरी घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सामने आई। यहां एक 11 साल के बच्चे को कुत्ते ने काट लिया। बच्चे के परिवार का आरोप है कि पड़ोसी ने जानबूझकर अपने पालतू कुत्ते को बच्चे पर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हनुमान मोहल्ला, रालामंडल काकड़ निवासी रेखा सोलंकी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उनका बेटा शुभम सोलंकी (11) पानी की टंकी के पास खड़ा था। तभी पड़ोस में रहने वाले सुनील कटारे अपने पालतू कुत्ते के साथ वहां पहुंचे और कुत्ते को बच्चे की तरफ छोड़ दिया।

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com